को बी कहैं कहा औ गरीबो गहे भागी जाहिं,

बीबी गढ़े सूथनी सुनीबी गढ़े रानियाँ ॥६॥

ऊँचे घोर मन्दर के अन्दर रहनवारी,
ऊँचे घोर मन्दर के अन्दर रहाती हैं।
कन्दमूल भोग करैं कन्दमूल भोग करैं,
तीनवेर खातीं सो तौ तीन बेर खाती हैं॥
भूषन सिथिल अंग भूषन सिथिल अंग,
बिजन डुलातीं तेव बिजन डुलाती हैं।
भूषन भनत सिवराजबीर तेरे त्रास,
नगन जड़ातीं ते वै नगन जड़ाती हैं॥७॥
उतरि पलंगते न दियो है धरापै पग,
तेऊ सगबग निसिदिन चली जाती हैं।
अति अकुलातीं मुरझातीं ना छिपाती गात,
बात न सोहाती बोले अति अन खाती हैं॥
भूषन भनत सिंह साहि के सपूत सिवा,
तेरी धाक सुने अरि नारी बिललाती है।
कोऊ करैं घाती कोऊ रोतीं पीटि छाती,
घरैं तीनि बेर खातीं ते वै बीनि बेर खाती हैं॥
अन्दर ते निकसीं न मन्दिर को देख्यो द्वार,
बिनरथ पथते उघारे पावँ जाती हैं।
हवाङ्ग न लागती ते हवा ते बिहाल भईं,
लाखन की भीर मैं सम्हारतीं न छाती हैं॥
भूषन भनत सिवराज तेरो धाक सुनि,
हयादारी चीर फारि मन झुझलाती हैं।
ऐसी परीं नरम हरम बादसाहन की,
नासपाती खातीं ते बनासपाती खाती हैं॥
अतर गुलाबरस चोवा घनसार सब,
सहज सुबास की सुरति बिसराती हैं।
पलभरि पलंगते भूमि न धरति पावँ,

भूली खान पान फिरैं बन बिललाती हैं ॥
भूषन भनत सिवराज तेरी धाक सुनि,
दारा हार बार न सम्हार अकुलाती हैं।
ऐसी परीं नरम हरम बादशाहनकी,
नासपाती खातीं तें बनासपाती खाती हैं॥
सेंधे को अधार किसमिस जिनको अहार,
चारि को सो अंक लंक चन्द सरमाती हैं।
ऐसी अरिनारी सिवराज बीर तेरे त्रास,
पायन मैं छाले परे कन्द मूल खाती हैं॥
ग्रीषम तपन एती तपती न सुनी कान,
कंज कीसी कली विनु पानी मुरझाती हैं।
तोरि तोरि आछे से पिछौरा सों निचोरि मुख,
कहैं "अब कहां पानी मुकतों मैं पाती है?" ॥
साहि सिरताज औ सिपाहिन मैं पातसाह,
अचल सुसिन्धु के से जिनके सुभाव हैं।
भूषन भनत परो शस्त्ररन सेवा धाक,
काँपत रहत न गहत चित चाव हैं॥
अथह विमल जल कालिंदी के तट के ते,
परे युद्ध विपति के मारे उमराव हैं।
नाव भरि वेगम उतारैं बांदी डोंगा भरि,
साहि बेक्का मसक उतरै दरियाव हैं॥
किबले के ठौर बाप बादसाह साहि जहाँ,
ताको कैद कियो मानो मक्के आगि लाई है।
बड़ो भाई दारा वाको पकरि कै कैद कियो,
मेहरहु नाहिं वाको जायो सगो भाई है॥
बंधु तौ मुरादबक्स बादि चूक करिबे को,
बीच लै कुरान खुदा को कसम खाई है।
भूषन सुकवि कहै सुनो नवरंगजेब, एतै,

काम कीन्हे फेरि पादसाही पाई है॥
हाथ तसबीह लिए प्रात उठि बन्दगी को,
आपही कपट रूप कपट सुजप के।
आगरे में जाय दारा चौक में चुनाय लीन्हीं,
छत्र ही छिनायो मनो बूढ़े मरे बप के।
कीन्हों है सगोत घात सो मैं नाहिं कहौं फेरि,
पील पै तोरायो चार चुगुल के गप के।
भूषन भनत छरछन्दी मतिमन्द महा,
सौ सौ चूहे खाय कै बिलारी बैठी तपके॥
कैयक हजार जहाँ गुर्ज-बरदार ठाढ़े,
करिकै हुस्यार नीति पकरि समाज को।
राजा जसवन्त को बुलाय कै निकट राखे,
तख्त के नीरे जिन्हैं लाज खामिकाज को।
भूषन तबहुँ ठठकत हौ गुसुल खाने,
सिंह लौं झपट गुनि साहि महराज को।
हटकि हथ्यार फड़ बांधि उमरावन को,
लीन्हों तब नौरंग ने भेंट सिवराज को॥
सबन के ऊपर ही ठाढ़ो रहिबे के जोग,
ताहि खरो कियो जाय जारिन के नियरे।
जानि गैर मिसिल गुसीले गुमा धरि, उर,
कीन्हों ना सलाम न बचन बोले सियरे॥
भूषन भनत महाबीर बलकन लाग्यो,
सारी पातसाही के उड़ाय गये जियरे।
तमक ते लाल मुख सिवाको निरखि भये,
स्याह मुख नौरंग सिपाह मुख पियरे॥
राना भो चमेली और बेला सब राजा भये.
ठौर ठौर रस लेत नित वह काज है।
सिगरे अमीर आनि कुन्द होत घर घर,

भ्रमत भ्रमर जैसे फूलन को साज है।
भूषन भनत सिवराज बीर, तैंही देस
देसन मैं राखो सब दच्छिन को लाज है।
त्यागि सदा षटपद-पद अनुमानि यह,
अलि नवरंगजेब चम्पा सिवराज है॥
कूरम कमल कमधुज है कदम फूल,
गौर है गुलाब राना केतकी बिराज है।
पाँडरि पँवार जुही सोहत है चन्द्रावल,
सरस बुंदेला सो चमेली साज बाज है।
भूषन भनत मुचकुन्द बड़गूजर हैं,
बघेले बसन्त सब कुसुम समाज है।
लेइ रस एतेन को पेठि न सकत, अहै
अलि नवरंगजेब चम्पा सिवराज है॥
देवल गिरावते फिरावते निसान अलो,
ऐसे डूबे राव राने सबी गए लबकी।
गौरा गनपति आप औरन को देत ताप,
आपके मकान सब मारि गये दबकी।
पीरा पयगम्बरा दिगम्बरा दिखाई देत,
सिद्धकी सिधाई गई रही बात रब की।
कासिहु ते कला जाती मथुरा मसीद होती,
सिवाजी न होतो तौ सुनति होत सब की॥
साँच को न माने देवी देवता न जाने अरु
ऐसो उर आने मैं कहत बात जब को।
और पातसाहन के हुतो चाह हिन्दुन की,
अकबर साहजहाँ कहैं साखि तब की।
बब्बर के तिब्बर हुमायूं हद्द बाँधि गये,
दो मैं एक करी ना कुरान बेद ढब की।
कासिहु की कला जाती मथुरा मसीद होती,

सिवाजी न होतो तौ सुनति होत सब की ॥

कुम्भकर्न असुर औतारी अवरंगजेब,
कीन्हो कत्ल मथुरा दोहाई फेरी रब की ।

खोदि डारे देवीदेव सहर मुहल्ला बाँके,
लाखन तुरुक कीन्हें छूटि गई तब की ।

भूषन भनत भाग्यो कासीपति बिस्वनाथ,
और कौन गिनती मैं भूली गति भव की ।

चारौं बर्ण धर्म छोड़ि कलमा नेवाज पढ़ि,
सिवाजी न होतो तौ सुनति होत सब की ॥

दावा पातसाहन सों कीन्हों सिवराज बीर,
जेर कीन्हों देस हद्द बाँध्यो दरबारे से ।

हठी मरहठी तामैं राख्यो ना मवास कोऊ,
छीने हथियार डोलैं बन बनजारे से ।

आमिषाहारी मांसहारी दै दै तारी नाचैं,
खाँडे तोड़ किरचैं उड़ाये सब तारे से ।

पील सम डील जहां गिरि से गिरन लागे,
मुंडमतवारे गिरैं झुंड मतवारे से ॥

छूटत कमान और तीर गोली बानन के,
मुसकिल होत सुरचान ह्न की ओट मैं ।

ताही समै सिवराज हुकुम कै हल्ला कियो
दावा बाँधि पर हला बीर भट जोट मैं ।

भूषन भनत तेरी हिम्मति कहां लौ कहौं,
किम्मति इहां लगि है जाकी भट झोट मैं ।

ताव दै दै मूछन कँगूरन पै पाँव दै दै,
अरि मुख घाव दै दै कूदे परैं कोट मैं ॥

उते पातसाहजू के गजन के ठट्ट छूटे,
उमड़ि घुमड़ि मतवारे घन भारे हैं ।

इते सिवराज जू के छूटे सिंहराज और,

विदारे कुम्भ करिन के चिक्करत कारे हैं।
फौजैं सेख सैयद मुगल औ पठानन को,
मिलि इखलास काहू मोर न सम्हारे हैं।
हद्द हिन्दुवान को बिहद्द तरवारि राखि,
कैयो बार दिल्ली के गुमान भारि डारे हैं॥
जीत्यो सिवराज सलहेरि को समर सुनि,
सुनि असुरन के सु सीने धरकत हैं।
देवलोक नागलोक नरलोक गावैं जस,
अजहूं लौं परे खग्ग दाँत खरकत हैं।
कटक कटक काटि कोट से उड़ाय कैते,
भूषन भनत सुख मोरे सरकत हैं।
रनभूमि लेटे अधकटे फरलेटे परे,
रुधिर लपेटे पठनेटे फरकत हैं॥

मालती सवैया।

केतिक देस दल्यो दल के बल,
दच्छिन चंगुल चापि कै चाख्यो।
रूप गुमान हर्यो गुजरात को,
सूरति को रस चूसि कै नाख्यो।
पंजन पेलि मलिच्छ मल्यो सब,
सोई बच्यो जेहि दीन ह्वै भाख्यो।
सो रंग है सिवराज बली जेहिं,
नौरंग मैं रंग एक न राख्यो।
सूबा निरानंद बादरखान गे,
लोगन बूझत ओंत बखानो।

दुग्ग सबै सिवराज लिये धरि,
चारु बिचारु हिये यह आनो ॥
भूषन बोलि उठे सिगरे हुतो,
पूना मैं साइतखान को थानो।
जाहिर है जग मैं जसवन्त,
लियो गढ़सिंह मैं गीदर बानो ॥

कवित्त मनहरन ।

जोरि करि जै हैं जुमिलाह्न के नरेस पर,
तोरि अरि खण्ड खण्ड सुभट समाज पै ।
भूषन असाम रूम बलख बुखारे जै हैं,
चीन सिलहट तरि जलधि जहाज पै ।
सब उमरावन की हठ कूरताई देखी,
कहैं नवरंगजेब साहि सिरताज पै ।
भीख मांगि खैहैं बिनु मनसब रै हैं,
पैन जै हैं हजरत महावली सिवराज पै ॥
चन्द्रावल चूर करि जाहिली जपत कीन्हों,
मारे सब भूप औ संहारे पुर धाय कै ।
भूषन भनत तुरकान दलथम्भ काटि,
अफ़ज़ल मारि डारे तबल बजायके ॥
एदिल सौं बेदिल हरम कहैं बार बार,
अब कहा सोवो सुख सिंहहि जगाय कै ।
भेजना है भेजो सो रिसालैं सिवराज जू की
बाजीं करनालैं परनालै पर आय कै ॥

कुप्पय ।

विज्जपूर बिदनूर सूर सर धनुष न संधहिं ।
मंगल बिनु मल्लारि नारि धम्मिल नहिं बंधहिं ॥
गिरत गब्भ कोटै, गरब्भ चिंजी चिंजा डर ।
चालकुंड दलकुंड, गोलकुंडा संका उर ॥
भूषन प्रताप सिवराज, तव इमि दच्छिन दिसि संचरहि ।
मधुरा-धरेस धक धकत सो, द्रविड़ निबिड़ डर दबि डरहि ॥

कवित्त मनहरन ।

अफजल खान को जिन्हों ने मयदान मारा,
बीजापुर गोलकुंडा मारा जिन आज है ।
भूषन भनत फरासीस त्यों फिरंगी मारि,
हबसी तुरक डारे उलटि जहाज है ।
देखत मैं रुसतम खाँ को जिन खाक किया,
साल को सुरति आजु सुनी जो अवाज है ।
चौंकि चौंकि चकता कहत चहुँघा ते,
यारो लेत रहो खबरि कहाँ लौं सिवराज है ॥
फिरगाने फिकिरि औ हद्द सुनि हबसाने,
भूषन भनत कोऊ सोवत न घरी हैं ।
बीजापुर बिपति बिडरि सुनि भाज्यो सब,
दिल्ली दरगाह बीच परी खरभरी है ।
राजन के राज सब साहिन के सिरताज,
आज सिवराज पातसाही चित धरी है ।
बलख बुखारे कसमीर लौं परी पुकार,
धाम धाम धूम धाम रूम साम परी हैं ॥
गरुड़ को दावा सदा नागके समूह पर,

दावा नाग जूह पर सिंह सिरताज को।
दावा पुरहूत को पहारन के कुल पर,
पच्छिन के गोल पर दावा सदा बाज को।
भूषन अखंड नवखंड महिमंडल में,
तम पर दावा रवि किरन समाज को।
पूरब पछाँह देस दाच्छिन तें उत्तर लौं,
जहाँ पादसाही तहाँ दावा सिवराज को॥
दारा की न दौर यह रारि नहिं खजुवे की,
बाँधिबो नहीं है कैधों मीर सहबाल को।
मठ विश्वनाथ को न बास ग्राम गोकुल को,
देवीको न देहरा न मन्दिर गोपाल को॥
गाढ़े गढ़ लीन्हे अरु बैरी कतलान कीन्हें,
ठौर ठौर हासिल उगाहत है सालको।
बूड़ति है दिल्ली सो सम्हारै क्यों न दिल्लीपति,
धक्का आनि लाग्यो सिवराज महाकाल को॥
सक्र जिमि सैल पर, अर्क तम फैल पर,
बिघन की रैल पर, लम्बोदर लेखिये।
राम दसकन्ध पर, भीम जरासन्ध पर,
भूषन ज्यों सिन्धु पर कुम्भज विसेखिये।
हर ज्यों अनंग पर गरुड़ भुजंग पर,
कौरव के अंग पर पारथ ज्यों पेखिये।
बाज ज्यों बिहंग पर, सिंह ज्यों मतंग पर,
म्लेच्छ चतुरंग पर सिवराज देखिये॥
वारिधके कुम्भभव घन बन दावानल,
तरुन तिमिर हू के किरन समाज हौ।
कंस के कन्हैया कामधेनु हू के कंटकाल,
कैटभ कै कालिका बिहंगम के बाज हौ॥
भूषन भनत जग जालिम के सचीपति,

पन्नग के कुलके प्रबल पच्छिराज हो।
रावन के राम कार्त्तवीज के परसुराम,
दिल्लीपति दिग्गज के सेर सिवराज हो॥
दरबर दौरि करि नगर उजारि डारि,
कटक कटायो कोटि दुजन दरब को।
जाहिर जहान जंग जालिम हैं जोरावर,
चलै न कछूक अब एक राजा रब को।
सिवराज तेरे त्रास दिल्ली भयो भुवकम्प,
थर थर कांपत बिलायति अरब को।
हालत दहलि जात काबुल कंधार बीर,
रोष करि काढ़ै समसेर ज्यों गरब को॥
सिवा को बड़ाई औ हमारो लघुताई क्यों
कहत बार बार कहि पातसाह गरजा।
सुनिये, खुमान हरि तुरुक गुमान महि-
देवन जेंवायो, कबि भूषन यों अरजा॥
तुम वाको पायकै जरूर रन छोरो वह,
रावरे बजौर छोरि देत करि परजा।
मालुम तिहारो होत याहि मैं निवारो रनु
कायर सों कायर औ सरजा सों सरजा॥
कोट गढ़ ढाहियतु एकै पातसाहन के,
एकै पातसाहन के देस दाहियतु है।
भूषन भनत महाराज सिवराज एकै
साहन की फौज पर खग्ग बाहियतु हैं।
क्यों न होंहि बैरिन को बौरी सुनि बैरि-बध.
दौरनि तिहारे कहौ क्यों निबाहियतु है।
रावरे नगारे सुने बैरवारे नगरनि,
नैनवारे नदन निवारे चाहियतु है॥
चकित चकत्ता चौंकि चौंकि उठे बारबार,

दिल्ली दहसति चित चाहै खरकति है।
विलखि बदन बिलखात बिजैपुर पति,
फिरत फिरंगिन की नारी फरकति है।
थर थर काँपत कुतुबसाहि गोलकुंडा,
हहरि हबस भूप भीर भरकति है।
राजा सिवराज के नगारन की धाक सुनि,
केते पातसाहन की छाती दरकति है॥
मोरंग कुमाऊँवो पलाऊ बाँधे एक पल,
कहाँ लौं गनाऊं जेऊ भूषन के गोत हैं।
भूषन भनत गिरि बिकट निवासी लोग,
बावनी बवंजा नव कोटि धुन्ध जोत हैं।
काबुल कंधार खुरासान जेर कीन्हीं जिन,
मुगल पठान सेख सैयदहु रोत हैं।
अब लगि जानत हैं बड़े होत पातसाह,
सिवराज प्रगटे तें राजा बड़े होत हैं॥
दुग्ग पर दुग्ग जीते सरजा सिवाजी गाजी,
डग्ग नाचे डग्ग पर रुंड मुंड फरके।
भूषन भनत बाजे जीति के नगारे भारे,
सारे करनाटी भूप सिंहल को सरके॥
मारे सुनि सुभट पनारे बारे उदभट,
तारे लगे फिर न सितारे गढ़धर के।
बीजापुर बीरन के, गोलकुंडा धीरन के,
दिल्ली उर मीरन के दाड़िम से दरके॥
मालवा उजैन भनि भूषन भेलास ऐन,
सहर सिरोंज लौं परावने परत हैं।
गोंडवानो तिलगानो फिरगानों करनाट,
रुहिलानों रुहिलन हिये हहरत हैं॥
साहि के सपूत सिवराज तेरो धाक सुनि,
[illegible] हैं।

बीजापुर गोलकुंडा आगरा दिली के कोट,
बाजे बाजे रोज दरवाजे उघरत हैं ॥

मारि करि पातसाही खाकसाही कीन्हीं जिन,
जेर कीन्हीं जोर सों लै हद्द सब मारे की।
खिसि गई सेखी फिसि गई सूरताई सब,
हिसि गई हिम्मति हजारों लोग सारे की।
बाजत दमामे लाखौं धौंसा आगे घहरात,
गरजत मेघ ज्यों बरात चढ़े भारे की।
दूलही सिवाजी भयो दच्छिनी दमामे वारे,
दिली दुलहिनि भई सहर सितारे की ॥

डाढ़ी के रखैयन की डाढ़ी सी रहति छाती,
बाढ़ी मरजाद जस हद्द हिन्दुवाने की।
कढ़ि गई रैयति के मन की कसक सब,
मिट गई ठसक तमाम तुरकाने की ॥
भूषन भनत दिलीपति दिल धकधका,
सुनि सुनि धाक सिवराज मरदाने की।
मोटी भई चंडी बिनु चोटी के चबाय सीस,
खोटी भई सम्पति चकत्ता के घराने की ॥

जिन फन फुतकार उड़त पहार भार,
कूरम कठिन जनु कमल बिदलि गो।
विषजाल ज्वालामुखी लवलीन होत जिन,
झारन चिकारि मद दिग्गज उगलि गो ॥
कीन्हों जेहि पान पयपान सो जहान कुल,
कोल हू उछलि जल सिन्धु खलभलि गो।
खग्ग खगराज महाराज सिवराज जू को,
अखिग भुजंग मुगलद्दल निगलि गो ॥

सुमन मैं मकरन्द रहत है माहि नन्द,
मकरन्द सुमन रहत ज्ञान बोध है।
मानस मैं हंस बंस रहत हैं तेरे जस,
हंस में रहत करि मानस विसोध है।
भूषन भनत भौंसिला भुवाल भूमि तेरी,
करतूति रही अद्भुत रस ओध है।
पानि मैं जहाज रहे लाज के जहाज महा-
राज सिवराज तेरे पानिप पयोध है॥

बेद राखे बिदित पुरान राखे सारयुत,
राम नाम राख्यो अति रसना सुघर मैं।
हिन्दुन की चोटी रोटी राखी है सिपाहिन की,
काँधे मैं जनेऊ राख्यो माला राखी गर में।
मीड़ि राखे मुगल मरोड़ि राखे पातसाह,
बैरी पीसि राखे बरदान राख्यो कर मैं।
राजन की हद्द राखी तेग बल सिवराज,
देव राखे देवल स्वधर्म राख्यो घर मैं॥

फुटकर कवित्त (शिवराज भूषण से)

जै जयन्ति जै आदिशक्ति जै कालि कपर्दिनि।
जै मधुकैटभ दलनि देवि जै महिष विमर्दिनि।
जै चमुंड जै चंडमुंड भंडासुर खंडिनि।
जै सुरक्त जै रक्तबीज बिड्डाल विहंडिनि।
जै जै निशुम्भ शुम्भहलनि भनि भूषन जै जै भननि।
[illegible] शिवराज कहँ देहु विजय जै जगजननि॥

आये दरबार बिललाने क़रीदार देखि
जापताकरनहारे नेक ह्व न मनके।
भूषन भनत भौंसिलाके आय आगे ठाढ़े
बाजे भये उमराय तुजुक करन के।
साहि रह्यो जकि सिवसाहि रह्यो तकि
और चाहि रह्यो चकि बने व्योंत अनबन के।
ग्रीषम के भानु सों खुमान को प्रताप
देखि तारे सम तारे गये मूंदि तुरकन के॥

चन्दन मैं नाग, मद भर्‌यो इन्द्रनाग,
विष भरो शेषनाग कहै उपमा अबस को।
भोर ठहरात, न कपूर बहरात,
मेघ सरद उड़ात बात लगे दिसि दस को।
शम्भु नीलग्रीव भौंर पुंडरीक ही बसत
सरजा सिवाजी सम भूषन सरस को।
क्षीरधि मैं पंक, कलानिधि में कलंक याते
रूप एकटंक ए लहैं न तव जसको॥

तो सम ही सेस सो तो बसत पताललोक
ऐरावत गज सो तो इन्द्रलोक सुनिये।
दुरे हंस मानसर ताहि मैं कैलाश धर
सुधा सुरबर सोऊ छोड़ि गयो दुनिये।
सूर दानी सिरताज महाराज सिवराज
रावरे सुजस सम आजु काहि गुनिये?
भूषन जहां लौ गनौं तहाँ लौं भटकि ह्वाख्यो
लखिये कछू न केती बातैं चित चुनिये॥

तेरो तेज सरजा समर्थ दिनकर सो है
दिनकर सोहै तेरे तेजके निकर सो।

भौंसिला भुवाल तेरो जस हिमकर सो है
हिमकर सोहै तेरे जस के अकर सो।
भूषन भनत तेरो हियो रतनाकर सो
रतनाकरो है तेरे हिये सुखकरसो।
साहि के सपूत सिवसाहि दानि तेरो
कर सुरतरु सो है, सुरतरु तेरे करसो॥

इन्द्र जिमि जम्भ पर वाड़व सु अम्भ पर
रावन सदम्भ पर रघुकुलराज है।
पौन वारिवाह पर शम्भु रतिनाह पर
ज्यों सहसवाह पर राम द्विजराज है।
दावा द्रुमदंड पर चीता मृगझुंड पर
भूषन बितुंड पर जैसे मृगराज है।
तेज तमअंस पर कान्ह जिमि कंस पर
त्यों मलिच्छ वंश पर शेर शिवराजहै॥

साहितनय सरजा सिवा को सभा जा मधि है,
मेरुवारी सुर की सभा को निदरति है।
भूषन भनत जाके एक एक शिखर ते
केते धौं नदी नदको रेल उतरति है।
जोन्हको हंसत जीति हीरा मनि मन्दिरन
कंदरनमैं छवि कुछकी उछरतिहै।
ऐसी ऊँचो दुरग महावली को जामैं नख-
तावली सों बहस दिपावली धरतिहै॥

सिंह थरि जाने बिन जावली जंगल भठी
हठी गज एदिल पठाय कारि भटक्यो।
भूषन भनत देखि भभरि भगाने सब

साहिके सिवाजी गाजो सरजा समर्थ महा
मदगल अफजलै पंजाबल पटक्यो।
तो बिगिरि ह्वै करि निकाम निजधाम कहं
आकुत महाउत सुआँकुस लै सटक्यो॥

साहि तनय सिवराज भूषन सुजस तव
बिगिर कलंक चन्द उर आनियतु है।
पंचानन एक ही वदन गनि तोहि गजा-
नन गजबदन विना बखानियतु है।
एक सीसही सहस सीस कला करिबे को
दुहूँ दृग सों सहस दृग मानियतु है।
दुहूँ करसों सहस कर मानियतु तोहि
दुहूं बाहुसों सहसबाहु जानियतु है।

कवि कहै करन करन जीत कमनैत
अरिनके उर माँहि कीन्ह्यो इमि छेव है।
कहत धरेस सब धराधर सेस ऐसो
और धराधरनको मेट्यो अहमेव है।
भूषन भनत महाराज शिवराज तेरो
राजकाज देखि कोऊ पावत न भेव है।
कहरी एदिल मौज लहरी कुतुब कहै
बहरी निज़ामके जितैया कहैं देव है॥

पैज प्रतिपाल भूमिभार को हमाल चहुं
चक्क को अमाल भयो दंडक जहान को।
साहिन को साल भयो ज्वालको जवाल भयो
हरको कृपाल भयो हारके विधानको।
वीर रस ख्याल शिवराज भुवपाल तुव
हाथको विशाल भयो भूषन बखान को।

तेरो करवाल भयो दच्छिण को ढाल भयो
हिन्द् को दिवाल भयो काल तुरकान को ॥

आवत गुसुलखानें ऐसे कछु त्यौर ठानें
जानें अवरंगजू के प्रानन को लेवा है।
रस खोंट भये ते अगोट आगरे में सातौ
चौकी डाँकि आनि घर कीन्हीं हद् रेवा है।
भूषन भनत वह चँहूं चक्क चाहि कियो
पातसाहि चकता की छाती माहि छेवा है।
जान्यो न परत ऐसे काम है करत कोज
गन्धरव देवा है कि सिद्ध है कि सेवा है ॥

तेरे ही भुजन पर भूतल को भार, कहिवे
को सेसनाग दिगनाग हिमाचल है।
तेरो अवतार जग पोसन भरनहार
कछु करतार को न ता मधि अमल है।
साहिन में सरजा समर्थ सिवराज कवि
भूषन कहत जीवो तेरोई सफलहै ।
तेरो करवाल करै म्लेच्छन को काल
बिन काज होत काल वदनाम धरातल है ॥

साहिन के सिच्छक सिपाहिन के पातसाह
संगर में सिंह कैसे जिनके सुभाव हैं।
भूषन भनत सिवसरजा की धाक ते वै
काँपत रहत चित गहत न चाव हैं।
अफ़ज़ल की अगति सासता की अपगति
बहलोल बिपति सों डरे उमराव हैं।
पक्का मतो करिकै मलिच्छ मनसब छोड़ि
मक्का ही के मिसि उतरत दरियाव हैं ॥

साहितनय सरजा खुमान सलहेरि पास
कीन्हों कुरुखेत खोभि मीर अचलन सों।
भूषन भनत बलि करी है अरीन धर
धरनो पै डारि नभ प्रानदै बलन सों॥
अमर के नाम के बहाने गो अमरपुर
चन्दावत लरि सिवराज के दलनसों।
कालिका प्रसाद के बहानेते खवायो
महि बाबू उमराव राव पसु के छलनसों॥

लूट्यो खान दौरा ज़ोरावर सफजंग अरु
लूट्यो मार तलबखाँ मानहुं अमाल है।
भूषन भनत लूट्यो पूनामें सइस्तखान
गढ़न में लूट्यो त्यों गढ़ीइनको जाल है।
हेरि हरि कूटि सलहेरि बीच सरदार
घेरि घेरि लूट्यो सब कटक कराल है।
मानो हय हाथी उमराव करि साथी
अवरंग डरि सिवाजी पै भेजत रिसाल है॥

कीरति सहित जो प्रताप सरजा में बर
मारतंड मध्य तेज चांदनी सो जानी मैं।
सोहत उदारता औ शीलता खुमान में सो
कंचन में मृदुता सुगंधता बखानी मैं।
भूषन कहत सब हिन्दुन को भाग फिरैं
चढ़े ते कुमति चकताइ की निसानी मैं।
सोहत सुवेस दान कीरति सिवामें सोई
निरखो अनूप रुचि मोतिन के पानी मैं॥

सीता संग शोभित सुलच्छन सहाय
जाके भू पर भरत नाम भाई नीतिचारु है।

भूषन भनत कुलसूर कुलभूषन हैं
दासरथी सब जाके भुज भुव भारु है।
अरि लंकतोर जोर जाके संग वानर हैं
सिंधुरहैं बांधे जाके दलको न पारु है।
तेगहि कै भेंटे जौन राकस मरद जानें
सरजा सिवाजी राम ही को अवतारु है॥

देखत स्वरूप को सिहात न मिलन काज
जग जोतिवे को जामे रीति कुल बल की।
जाकै पास आवै ताहि निधन करति वेगि
भूषन भनत जाको संगति न फलकी।
कीरति कामिनी रचीं सरजासिवा की एक
बस कै सकै न बस करनी सकल की।
चंचल सरस एक काहू पै न रहै दारी
गनिका समान सुवेदारी दिली दल की॥

पौरी पौरी हुन्नै तुम देतहौ मगाय हमै
सुबरन हम सो परखि करि लेत हौ।
एक पलही में लाख रूखन सों लेत लोग
तुम राजा ह्वै कै लाख दीबे को सचेत हौ।
भूषन भनत महराज सिवराज बड़े
दानी दुनी ऊपर कहाए केहि हेत हौ।
रीझ हंसि हाथी हमै सब कोऊ देत कहा
रीझि हंसि हाथी एक तुमहियै देत हौ॥

महाराज सिवराज चढ़त तुरंग पर
ग्रीवा जात नै करि गनीम अतिबल की।
भूषन चलत सरजा की सैन भूमि पर
[illegible] खरी अखिल खल की॥

कियो दौरि घाव उमरावन अमीरन पै
गई कटि नाक सिगरेई दिलीदल की।
सूरत जराई कियो दाह पातसाह उर
स्याही जाय सब पातसाही मुख झलकी॥

भूपति सिवाजी तेरी धाक सों सिपाहिन के,
राजा पातसाहिन के मनते अहं गलो।
भौंसिला अभंग तूती जुरतो जहांई जंग
तेरी एक फते होत मानो सदा संग लो।
साहि के सपूत पुहुमी के पुरहूत कवि
भूषन भनत तेरी खरगउ दंग लो।
सत्रुन की सुकुमारी थहरानी सुन्दरी औ
सत्रु के अगारन में राखे जंतु जंगली॥

सिवाजी खुमान सलहेरि में दिलसि दल,
कीन्हों कतलाम करवाल गहि करमें।
सुभट सराहे चन्दावत कछवाहे,
मुगली पठान ढाहे फरकत परे फरमें।
भूषन भनत भौंसिला के भट उदभट,
जीति घर आये धाक फैली घर घरमें।
मारु के करेया अरि अमरपुरैगे तऊ
अजौं मारु मारु सोर होत है समर में॥

5. GORE LAL OR LAL KAVI

"He was a Brahman and acted as the family priest to Raja Chhattrasal of Panna. Besides being a good writer he was a brave warrior. He accompanied Chhattrasal in many of his campaigns. He has chronicled the deeds of Chhattrasal and has given a brief history of the Bundelas in his well known work, Chhattra-Prakasa. Another work of his that needs mention is Raja Binoda which was written for the perusal of Raja Chhattrasal. His descendants are still found in many places."[1]

"He was present at the battle of Dholpur between Dara Shukoh and Aurangzeb, in which Chhattrasal was killed. Garcin de Tassy gives the following account of this work, which I have not myself seen :—It deals with the wars and order of succession of the ancient Rajas of Bundelkhand and with the valour of the warrior nation of the Bundelas. It contains minute details of the life of Chhattrasal and of his father Raja Champati Ray. Captain Pogson has given a translation of Lal's work under the title of a history of the Bundelas and Major Price has given the text of that portion of the work which refers to Chhattrasal under the title of Chhattra Prokash or Biographical Account of Chhattrasal."[2]

To understand the extracts it is necessary to have some idea of the history of Bundelkhand. Bir Singh Deo has already been noticed before. After his death he was succeeded by his son Jujhar Singh. Jujhar "distrusted

1. First Triennial Report of the Search of Hindi Manuscripts by B. Shyamsundar Das B.A.—Report.

2. [illegible] of Hindustan, p. 77.

all the Bundelas and made some alterations and reductions in the jagirs." He was the brother of the famous Hardeo Singh commonly known and worshipped in Bundelkhand as Hardaol Baba. The story of Hardaol is thus summarised in the history of Western Bundelkhand by Mr. C. A. Silberrard [1] "About 1631, Jujhar Singh in accordance with an order of the Emperor, went to Choragarh to fight on his behalf, and left his brother Har Deva at Orchha in charge of the kingdom. On his return, suspecting an intrigue between his wife and Har Deva, he questioned her. The Rani replied, 'as he is your brother I love him, there is nothing else between us.' The Raja said, 'if you are true obey me and poison him.' The Rani obeyed, but felt such remorse that she poisoned herself too. The Raja mourned her death deeply, and in 1632 performed the ceremony of Aghmarshanyug to purge himself of the sin of murdering his brother. Munshi Harnarain, an historian, says that Har Deva after his death, appeared as a spirit and revealed to many that Jujhar Singh had poisoned him to prevent his succession, being himself childless. As soon as Shahjahan heard of this he issued a proclamation directing altars to be erected in honour of Har Deva and the dethronement of Jujhar Singh. Baki Khan was directed to enforce this order and went to Orchha with a strong force, but was defeated and returned to Delhi.....In 1633 Shahjahan sent an expedition commanded by Muhammad Shah, Wali Bahadur Khan, Nausher Khan, and Abdullah Khan. They were however so little successful that they agreed to a compromise by which Pahar Singh became the acknowledged Raja of Orchha, while Champat Rai

1. Journal of Asiatic Society of Bengal, 1902, p. 115.

contented himself with seeking possessions elsewhere (1640 A.D. ?)"

The next extract describes the assistance given by Champat Rai to Aurangzeb. In the battle of Samugarh (1658 A.D.), which placed Aurangzeb on the throne of India, Champat Rai and his Bundelas greatly distinguished themselves by their valour, and Raja Ram, one of their leaders, a nehew of Champat Rai, was slain. In return for these services Aurangzeb granted Champat Rai a command of 12,000 men, and a jagir or appanage free from revenue "extending from Orchha to Mol Kanar," and thence to the Jumna. This command he very soon after resigined, on being called to account for not attending the Emperor in his march against Shah Shuja. Champat Rai then retired to the fort of Airuchh and there planned further schemes to rid his country of the hated Musalmans.

The third extract describes the meeting of his son and successor Chattrasal, the most famous of the Rajahs of Bundelkhand with Shivaji and Sujan Singh, the son and successor of Pahar Singh.

The passages are taken from the edition of the book published at Fort William in 1829, a copy of which I found in the Bharati Bhavan Library, Allahabad.

लाल कवि कृत

छत्रप्रकाश ।

पांचवां अध्याय ।

चौरवध-पहारसिंह प्रपंच वर्णन ।

छंद

एक जीभ हो कहा गुनाऊं ।
कछू कथा संक्षेप सुनाऊं ॥
एक समय दिल्लीपति कोप्यो ।
पग न जुझार सिंह * नै रोप्यो † ॥
अरब खरब लौं हुते खजाने ।
सो न जानिये कहां बिलाने ॥
साठि हजार सुभट दल फूट्यो ।
कोऊ कहूं न मारिउ छूट्यो ॥
साहि जहान देस सब लीनो ।
कियो बुँदेलखंड बलहीनो ॥
हीनो देखि बुंदेल बल दीन प्रजन के काज ।
चंपतराइ सुजान मिलि कियो मंत्र तिहिं राज ॥
कछू काल गति जानि न जाई ।
सब तें कठिन काल गति गाई ॥
रीती भरे भरी ढरकावै ।
जो मनु करै तो फेर भरावै ॥
कीजै कहा नृपति नहिं बूझै ।
काल ख्याल काहू नहिं सूझै ॥

* Son and successor of Birsingh Deo brother of the famous Hardeo (Hardaol).

† Did not oppose him.

साठि हजार सुभट लै भागे।
काहू के न जगाये जागे॥
फिरे मुलक में मुगल गदेले।
सिंहन को सुथरी * गज खेले।
जाको बैरो करै बचाई।
सो काहे को जनम्यो माई॥
अब उठिके यह मंत्र विचारो।
मुलकु उजार लच्छ संहारो॥
ज्ञान गनंता पौरुष हारे।
सो जीते जो पहिले मारे॥
यहै मंत्र ठहराइ कै, उमड़े दोऊ बीर।
दीनो मुलुक उजारि कै ऐसे अति रनधीर॥
लाये मुलक उठाये थाने।
सुनि सुनि साहि बहुत सुरझाने॥
नौसेरी † सूबा पहिरायो।
पीठल गौर सहाइक आयो॥
सुनि बाइस उमराइ उमंडे।
थाने छोड़ ओड़छे मंडे॥
बिरभ्यो चंपतिराइ बुंदेला।
फौजन पर कीन्हो बगमेला॥
जबै कमान कुण्डलित कीन्ही।
कठिन मार तीरन की दीन्ही॥
तीछन तीर बज्र से छूटे।
बखतरपोस पान से फूटे॥
फौज फारि चंपति रन जीत्यो।
अरि पर प्रलै काल सम बीत्यो॥

* Elephants sported in the land of lions. Musalmans occupied the country of Bundelas.

† Commander of the imperial army.

मोर गौर की फौज हराई।
मुगल संहारि करी मन भाई॥
माख्यो ठिल सहिबाजखां दियो ओड़छो बारि।
फते फतेखां सो लई बाकीखान संहारि॥
मारि लूट सब फौज हराई।
सूबा दिलमें दहसत खाई॥
चहुं ओर तें सूबा घेरो।
दिसनि अलात चक्रसो फेरो॥
अरो सिरौंज भेलसा भाग्यो।
धर * उज्जैन धर धरा लाग्यो॥
ह्वांते धमकि धमौनी मारी।
गोपाचल † मे खलभल पारी॥
मुलक नहिं जात गनाये।
चामिल तें रेवा लौं लाये॥
पजरे सहर साहि के बांके।
धूम धूम में दिनकर ढांके॥
सब उमराइन चौथ चुकाई।
ओड़े को चंपति की घाई॥
लिखीं खबर बाकिन ‡ ठिठकाई।
पातसाह को बांच सुनाई॥
चंपति के परताप ते पानिप गयो ससाइ।
§ पौसेरो भरि रहि गयो नौसेरो उमराइ॥
सुनत साहि फिर भेजो फौजें।
उमड़ो दरिया कैसो मौजें॥

* Dhar.
† Gwalior.
‡ News suppliers.
§ One quarter of a seer.

खान जहां सूबा चढ़ि आयो।
त्योंही सैद मुहम्मद धायो॥
बलो बहादुरखान हंकायो।
अरु अब दुलहखां पग धायो॥
और संग उमराइ घनेरे।
आये उमड़ि कालके पेरे॥
डंका आइ देस में कीनो।
मुगल पठान जुद्धरस भीनो॥
छाइ छाइ रविमंडल लीन्हों।
नौसेरो खां को बल दीन्हो॥
बल को पाइ मुगल दल गाजे।
पिले बजाइ जुद्ध के बाजे॥
बड़ी फौज लखि चंपति फूले।
श्रीपति सुगुन भये अनुकूले॥
सगुन भये अनुकूल सब फूले चंपति राइ।
अति अदभुत विक्रम रच्यो कासों वरनी जाइ॥
कब हूं प्रगटि युद्ध में हांकै।
मुगल न मारि पुहुंमि तल ढाकै॥
बाननि बरषि गयन्दनि फोरै।
तुरकनि तमकि तेग तर तोरै।
कबहूं जुरै फौजसों आछै।
लेइ लगाइ चालु दै पाछै॥
बांके ठौर ठौर रन मंडे।
हाहा करै डांडु * लै छंडे॥
कब हूं उमड़ि अचानक आवै।
घन से उमड़ि लोह बरसावै।

* छंड।

कबहूं हांकि हरौलनि कूटै।
कबहूं चांपि चदालनि लूटै।
कबहूं देस दौरि के लावै।
रसद कहूं की कढ़न न पावै।
चौकी कहै कहां ह्वै जैहौं।
जित देखौं तित चंपति है हौं॥
चौंकि चौंकि चौकी उठी दौकि दौकि उमराइ।
फाके लसकर में परे थाके सबै उपाइ॥
जब उपाइ सूबनि के थाके।
सुनि सुनि साहि सबनिकौं ताके।
अब कौजै कैसी मनसूबा।
हैं हैरान सीगरे सूबा॥
तब मंत्रिन मिलि मंत्र बिचाखो।
चंपति उर नहिं ये सब हाखो।
जो अनेक जुद्धन कौं जीतै।
सौ फल पावै जो चित चीतै॥
तासों भूल बिरोध न कीजै।
जो कीजै तो तन धन छीजै॥
चंपति कै चितकी हम जानै।
औरनि बैठ न पावै थानै॥
राज ओड़छे को सुन लीजै।
प्रबल पहार सिंह को दीजै॥
पायो राज पहार नृप चली चाह सब ठाइ।
गई भूमि भुजदंड बल फेरी चंपतिराइ॥
गई भूमि चंपति फिर फेरी।
मेटी फिकिर दाहिनी डेरी।
नगर ओड़छे बजी बधाई।
भई देस के मनकी भाई॥

मैंड * बुंदेल खण्ड की राखी।
रही मैंड अपनी अभिलाषी॥
नृपति पहारसिंह सुख पायो।
चंपतिराइ मिलन को आयो॥
तब नृप कलस पांवड़े कीने।
आदर करि आगैसर लीने
भुजा पसारि मिले कबि छाये।
उमगि अंगननि मंगल गाये॥
मुकताहलन अतुल भुज पूजे।
चंपति के सब ही जस कूजे॥
धन चंपति फिरि भूमि बहोरी।
भुजन पातसाही झकझोरी॥
प्रलय पयोधि उमंड में ज्यों गोकुल जदुराइ।
त्यों बूड़त बुन्देलकुल राख्यो चंपतिराइ॥
राज पहारसिंह को राख्यो।
उन उर दोष धर्यो गुन नाख्यो।
सब जग चंपति के जस गावै।
सुनि सुनि अनख भूप उर आवै॥
बढ़ी ईरषा उरमें ऐसी।
कथा भीम दुर जोधन कैसी।
उरमें छई कपट कुटिलाई।
करन लगे अपनी मनभाई॥
नृप मनमें यह मंत्र बिचार्यो।
इति चंपति अरि को दल झार्यो।
इनको मन तबही ते बाध्यो।
त्योंहीं सुजस जगत मुख काध्यो॥

* प्रतिष्ठा।

अब जौं लौ इनके जस फैले।
तब लौं बदन हमारे मैले।
अरु जो कछू फिसाद उठावै।
तो हम पै दिल्लीस कठावै॥
तातैं जो चढ़ि मारियै तौ अपजसु बिस्तारु।
न्योति गुपित कछु दीजिये यहै मंत्र हैं सारु॥
सार मंत्र ऐसो ठहरायो।
पाप पहारसिंह उर आयो।
बिसर गई जो करी निकाई।
उगल्यो गरल दूध की थाई॥
एक समै न्योते सब भाई।
आदर सों ज्योंनार बनाई।
उमंग भरे सब बन्धु बुलाये।
चंपति राइ सहित सब आये॥
जथा उचित हित सों बैठारे।
परसन लगे बिसद पनवारे।
तहां भूप जे कुल के माने।
ते हित में काहू नहिं जाने॥
पनवारो चंपति को आनो।
देखि सुवा सारो किररानो।
लोचन मूंदि चकोर डेराने।
जानि गये जे चतुर सयाने॥
जाननहारे जानियो भोजन के आरंभ।
भिंम बुन्देला कौं भयो प्रगट भूप कौं दंभ॥
भिंम दंभ भूपति को जान्यो।
अपनो प्रान त्याग उर आन्यो।
चंपति को पनवारो लीनो।
अपनो बदल चंपतिहि दीनो॥

भोजन करि डेरन कौं आये।
गुपित मंत्र काहू न जनाये।
लगी भिंम को अतुल दिनाई *।
तुरतहि मीच समै बिन आई॥
भिंम लोक आनंद में पायो।
बन्धु हेत निज प्रान गँवायो।
गुपित हती नृपकी कुटिलाई।
प्रगट भिंम की मौच बताई॥
कोऊ करौ कितो चतुराई।
पाप रीत नहिं छिपै छिपाई।
जो बिधि रची होत है सोई।
जस अपजसै लेहु किन कोई॥
यह उपाइ निरफल भयो नृप पहिराई † चोर।
चटक चपट पटमें चढ़ै दयै बीर पर बीर॥
नृपति पहार चोर पहिराये।
चंपति के मारन को आये।
जबही रैन अन्धेरी आई।
चले करन तसकर मन भाई॥
स्याम रंग कुलही सिर दीन्हे।
स्याम रंग कछनी कछ लीन्हे।
बाढ़ि धरे बगुदा कटि बांधे।
स्यामं कमान स्याम सर सांधे॥
होत न आहट भौ पग धारे।
बिन घंटन ज्यों गजमतवारे।
स्याम रंग तन माह समाने।
चौकीदारन जातन जाने॥

* Poison.

† Watchman.

चोर पैठि महलनि में आये।
तहां ब्यौत हैं बने बनाये।
और भौन में दीपक दीन्हौ।
निज घरको चंपति घर कीन्हौ * ॥
और दीप परगास में लख्यो छांह तें चोर।
तानि कनपटी में हन्यो कढ्यो बान उहि ओर ॥
गिर्यो चोर चंपति को माख्यो।
ओरनि लियो उठाइ निहाख्यो।
चले चोर सब लोग जगाये।
सोर सार करि दूर भगाये ॥
सदा प्रबुद्ध बुद्धि है जाकी।
तासों कैसे चलै कजाकी।
यह सुनि कै चंपति की माता।
दान बिधान ज्ञान गुनज्ञाता ॥
निकट आपने पुत्र बुलाये।
सुखद मंत्र के बचन सुनाये।
तुम कीन्ही नृप को हित ऐंडै।
अब नृप पख्यो तुम्हारे पैंडैं ॥
ताते अब यह मंत्र बिचारो।
दिल्लीपति मिलि बो अखत्यारो।
मिलै दिलीस बहुत सुख पै है।
मन मान्यो मनसब कर दै है ॥
ऐसे मंत्र बिचारि के पठयो दिली उकील।
सुनत साहि उमग्यो हियो कब देखौं वह डील ॥
सुनत साहि चंपति चित चाहे।
देखन के उर लगे उमाहे।

*E Extinguished, still spoken in Fatehgarh.

पहुंच्यो चंपतिराइ बुन्देला।
मानो साहि धन्य वह बेला।
दै मनसब खंधार पठाये।
दाराकी ताबीन लगाये॥
गढ़ खंधार जाइके घेख्यो।
मुलकनि हुकुम साहि कौ फेख्यो॥
जब उमराइ घेरि गढ़ लागे।
चंपतिराइ जुद्ध रस पागे।
गढ़ के निकट मोरचा रोपे।
सब उमराइन के जस लोपे॥
ढकिल करी सब तें अधिकाई।
ओड़ी * गुरु गोलिन की घाई॥
डारें हलनि हलाइ गढोई।
अरि के हिय की हिम्मत खोई॥
दारा गढ़ खंधार की पाई फते अचूक।
चंपति की हिम्मत लखे उठी हिये में हूक॥
चंपति कौ हिम्मत उर आनै।
रीझ ठौर दारा अनखानै।
फते पाइ दिल्ली फिरि आये।
मुजरा करिके साहि मिलाये॥
सिंह पहार अनख उर आनै।
ठान प्रपंचति के उर ठानै।
चारी करै आप चहुं फेरा।
खोज डारि चंपति के डेरा॥
खोज पाइ जग इन्है लगावै।
निरनौ देत अनष उर आवै।

* सही।

इहि बिधि डोर भेद के डारै।
चतुरनह्नं नहिं परत निहारै॥
कपट प्रपंच जु ह्वै करि आवै।
झूठ ठौरि ते सांच बतावै।
लिखै चितेरौं ज्यों जलबीची।
सम कागद में ऊंची नीची॥
दुह्नं ओर अन्तर पखो क्रम ही क्रम यह रीति।
हिये अनषु उनकै बढ्यो इनके धरी प्रतीति॥
दुहुन ओर अन्तर जब जान्यो॥
पिसुन * प्रवेस तबै उर आन्यो।
भूप कह्यो दारासों ऐसे।
सुनी भाग चंपति को जैसे॥
तीन लाख को कौंच सुहाई।
दई साहि इनको मन भाई।
हाल जमा नौ लाख गनाई।
बिना तफावत अब लौं खाई॥
तातें कौंच हमै जो दीजै।
तौ नौ लाख रुपैया लीजै।
यह सुनि के दारा सुख पायौ।
पहिलौ अनषु हिये चढ़ि आयो॥
जहां न गुन को बूझ बड़ाई।
चुगली सुनै चित्त दै साई।
रीझ ठौर प्रभु खीझ जनावै।
तहां कौन गुन गुनी चलावै॥
रीझ फूलि खंडन करै डारि खीझि के डौर।
ऐसो स्वामी सेइये तासे दुःख न और॥

* Cheat, informer.

दारा साहि लोभ उर आन्यो ।
सेवा को सिगरो फल मान्यो ।
चंपति को यह बात सुनाई ।
तू जागीर तीगुनी पाई ॥
कौंच पहारसिंह मन भाई ।
देता हौं मोरि मन आई ।
तीन हुकुम दारा जो बोले ।
चंपतिराइ बचन त्यों खोले ॥
कौंच जाइ चंडालनि दीजै ।
वृथा हमारो छोर न छीजै ।
यह सुनि के दारा अनखान्यो ।
अरुन रंग आनन में आन्यो ॥
चंपति राइ समर उर ठान्यो ।
दिग्गज से दोऊ ऐड़ान्यो ।
दिगपालन को दहसत बाढ़ी ।
मजलिस रही चित्र ज्यों काढी ॥
दिगपालन दहसत बढ़ी कठिन देखि वह काल ।
तुरत आनि आड़ा भयो हाड़ा श्री छत्रसाल ॥
हाड़ा चंपति के ढिग आयो ।
दारा को न भयो मन भायो ।
दारा अन्दर कों पग धारे ।
चंपति के इत बजे नगारे ॥
डंका प्रगट बिसर के बाजे ।
चंपति राइ देस में गाजे ।
छोड़ि पातसाहन की सेवा ।
कियो अलंकृत आइ महेवा ॥
पुत्र कलत्र मित्र सब भेंटे ।
दिल के दुःख सबन के मेटे ।

चहूं चक्र फौजे फरमाई।
अरि की बदन जोति मैलाई॥
धनिकनि गढ़ि धरि दिये लुकाई।
सूबन सों हठि चौथि चुकाई।
दै हयबृन्द कबिन्दन गाजै।
निरमल सुजस जगत छबि छाजै॥
फैले चंपतिराइ के जग में सुजस बिलंद।
उदै भये तिहुंलोक जनु कैयक कोटिन चन्द॥
तिहूं लोक चंपति जसु जाग्यो।
सुनि सुनि को न हिये अनुराग्यो।
नृपति पहार करी जे घातैं।
ते प्रगटी कहिबे को बातैं॥
जग में करो जेन कृत मानै।
नीकी करी लटी उर आनै।
तिनके थल जे बनै बनाये।
नृपति पहारसिंह ते पाये॥
सदा न जग में जीवै कोई।
जस अपजस कहिबे को होई।
जग जबतै अपजस जस छावै।
क्रम ते अध जरधि गति पावै॥
खोदै कुआ पधारै खालै।
महल उठावै जंचे चालै॥
यहि बिधि कर्मन की गति गाई।
वेद पुरानन सुनी सुनाई।
जैसी मति उपजै हिये तैसो मनु ठहराइ।
होन हार जैसो कछू तैसो मिलै सहाइ॥

छठां अध्याय।

औरंगजेब प्रपंच-चंपतिराय विक्रम-मुकुन्द झाड़ा बध दारा साह पराजय—छत्रसाल झाड़ा बध।

छन्द।

एक और अब सुनो कहानी।
होनहार गति जात न जानी।
साहि जहां दिल्लपति गायौ।
जाको हुकुम चहूं दिसि छायौ॥
चारि पुत्र ताके मरदानै।
दारासाह साहि मन मानै।
और मुराद साह अरु सूजा।
औरंगसाह समान न दूजा॥
बत्तिस वरष साह रस भीनै।
भोग पातसाही के कीनै।
जबै अवस्था उतरन लागी।
पुत्र प्रीति मनमें अनुरागी॥
साहिजहां यह चित्त बिचारी।
दारा कौं दीन्ही सिरदारी।
दारा अपनौं हुकुम चलायो।
सब भाइ न को हियो हलायो॥
हुकुमनु के दिल्लीस कौ भई और की और।
उमड़ि साहजादिन किये तख़त लेन के डौर॥
ज्योंत विमल बुद्धिन के डारे।
लखत लेन के चित्त बिचारे।
साह मुराद हियो हुलसायो।
गज सिक्का चलिबो फरमायो॥

औरंगसाह चाहि सुनि लीनी।
बिलसाई बर बुद्धि प्रबीनी।
इच्छा प्रगट तखत की छांड़ी।
प्रीति मुराद साह सो मांडी॥
चित दै हित के लिखे लिखाये।
अति प्रबीन उमराह पठाये।
कह्यो मुरादसाह सौं ऐसो।
सरस बिचार मंत्र है जैसो॥
बिन ही दिलो तखत लै बैसे।
आन चलै गज सिक्का कैसे।
पेल * तखत पर बैठे जाई।
दिल्ली पातसाह सो होई॥
हमे न इच्छा तखत की यह जानी सब कोइ।
चलो तुम्हैं ले देहिंगे होनो होइ सो होइ॥
औरंगसाह मंच तब कीनो।
साह मुराद हिये धरि लीनो।
डिढ ठहराव इहै ठहरायो।
बाढ़ी प्रीति कुरान उठायो॥
दच्छिन तें उमड़े दोउ भाई।
ठिले दीह दल पुहुमि हलाई।
पूरब ते सूबा दल साजे।
प्रगट युद्ध के धौंसा बाजे॥
दारा घाट धौरपुर † बांध्यो।
रोपि अरावे ‡ कलहै कांध्यो।
सूबन के दिल दहसत ऐसी।
अब धौं दई करत हैं कैसी॥

* By force. † Dholpur ‡ Guns.

छठां अध्याय।

औरंगजेब प्रपंच-चंपतिराय विक्रम-मुकुन्द हाड़ा बध दारा साह पराजय—छत्रसाल हाड़ा बध।

छन्द।

एक और अब सुनो कहानी।
होनहार गति जात न जानी।
साहि जहां दिल्लपति गायो।
जाको हुकुम चहूं दिसि छायो॥
चारि पुत्र ताके मरदानै।
दारासाह साहि मन मानै।
और मुराद साह अरु सूजा।
औरंगसाह समान न दूजा॥
बत्तिस वरष साह रस भीनै।
भोग पातसाही के कीनै।
जबै अवस्था उतरन लागी।
पुत्र प्रीति मनमें अनुरागी॥
साहिजहां यह चित्त बिचारी।
दारा कौं दीन्ही सिरदारी।
दारा अपनौं हुकुम चलायो।
सब भाइ न को हियो हलायो॥
हुकुमनु के दिल्लीस की भई और की और।
उमड़ि साहजादिन किये तख़त लेन के डौर॥
व्योंत विमल बुद्धिन के डारे।
लखत लेन के चित्त बिचारे।
साह मुराद हियो हुलसायो।
गज सिक्का चलिबो फरमायो॥

औरंगसाह चाहि सुनि लीनी।
बिलसाई बर बुद्धि प्रवीनी।
इच्छा प्रगट तखत की छांड़ी।
प्रीति मुराद साह सो मांडी॥
चित दै हित के लिखे लिखाये।
अति प्रवीन उमराइ पठाये।
कह्यो मुरादसाह सौं ऐसो।
सरस बिचार मंत्र है जैसो॥
बिन ही दिली तखत ले बैसे।
आन चले गज सिक्का कैसे।
पेल * तखत पर बैठे जाई।
दिल्ली पातसाह सो होई॥
हमि न इच्छा तखत की यह जानी सब कोइ।
चलो तुम्हैं ले देहिंगे होनो होइ सो होइ॥
औरंगसाह मंत्र तब कीनो।
साह मुराद हिये धरि लीनो।
डिठ ठहराव इहै ठहरायो।
बाढ़ी प्रीति कुरान उठायो॥
दच्छिन तें उमड़े दोउ भाई।
ठिले दीह दल पुहुमि हलाई।
पूरब तें सूबा दल साजे।
प्रगट युद्ध के धौंसा बाजे॥
दारा घाट धौरपुर † बांध्यो।
रोपि अराबे ‡ कलहै कांध्यो।
सूबन के दिल दहसत ऐसी।
अब धौं दई करत हैं कैसी॥

* By force. † Dholpur ‡ Guns.

हल चल मची चहूं दिस ऐसी।
खल भल प्रलै काल की जैसी।
प्रगटी चाह सोढरा * ढर क्यो।
चंपति की दच्छिन भुज फर क्यो॥
फरक्यो चंपतिराइ के दच्छिन भुज अनुकूल।
बड़ी फौज उमड़ी सुनी भई जुद्ध की फूल॥
बड़ी फूल चंपति सुखपायो।
औरंग उमड़ि अवंती आयो।
सिंह मुकुंद हती तहं हाड़ा।
दल को भयो ऐंड़ धर आड़ा॥
उमग्यो औरंग को दल गाढ़ो।
हाड़ा भयो समर में ठाढ़ो।
बिकट सारसमसेरन मांची।
बाजत मारू कालिका नाची॥
हाड़ा हरषि बिमानन बैठ्यो।
तब औरंग अवंती पैठ्यो।
नौरंगसाह तखत की उमड़्यो।
दारा जहां मेघ सो घुमड़्यो॥
सुनी खबर दारा अति कोप्यो।
चामिल घाट अराबी रोप्यो।
फिकिर बढ़ी सबके दिल ऐसी।
अब धौं दई होति है कैसी।
कैसी धौं अब होति है कीजै कौन बिचार।
उड़ें अराबे में सबै भयो सुभट संहार॥
तब औरंग सबनि तन ताके।
बल बीसाउ सबन के थाके॥

* Barrel for gunpowder

चञ्चत चित्त चारहुं दिस दौरे।
कछु न बुद्धि काहूको औरे॥
तब औरंग मतो यह कीनौ।
बिमल चित्तमें चंपति दीनौ।
हित सों लिखि फरमान पठायो।
चंपतिराइ सुनत सुख पायो॥
उमग भरे दलसाजि उमंडे।
नरवर * ढिग नौरंग खहं मंडे।
तहं अलगारन † धाइ पहूँचे।
देखे दलके झंडा ऊंचे॥
चहुं दिसि सोर कटक मे छायो।
चंपतिराइ बुंदेला आयो।
सुनि औरंग उर उमंग बढ़ाई।
मनौ फते दिल्ली की पाई॥
आनन औरंगसाहं को चढ्यो चौगुनो चाव।
आयो चंपतिराइ को हमसों मिले सिताव॥
धावत एक सहस जन धाये।
चंपति को हित बचन सुनाये।
नौरंग साह तुम्हैं चित चाहैं।
सबै तुम्हारे भाग सरा हैं॥
ताते अब बड़ बिलम न कीजै।
चलि दिलीस को दरसन दीजै।
तौ लगि नौरंगसाह पठायो।
तुरत बहादुर खां चलि आयो॥
कह्यो आइ चंपति सों भाई।
तुम इतनो क्यों बिलम लगाई॥

* A town in Gwalior.

† Fast Marches.

अब यह समय बिलम कों नांही।
भई तिहारे चित को चाही॥
अब यह हाजिर है असवारी।
चढ़ौ पालकी करौ तयारी।
चढ़ि पालकी पयानो कीन्हो।
दरस प्रसन्न साह को लीन्हो॥
मुजरा करि जभौं * भयो पंचम चंपतिराइ।
लखि आंखिन औरंग की आनन्द झलक्यो आइ॥
औरँग अति आदर सों बोले।
मिलतहिं बचन मंत्र के खोले॥
दारा उमड़ि जुद्ध को आयो।
कटक अडोल धौरपुर छायो॥
बिकट अराबो सन्मुख दीन्हो॥
चामिल घाट बांधि उन लीन्हो।
छुटे समुद्र सूखे चड़्घांके।
उड़े मेरु मन्दर से बांके॥
जौं समसेरन होय लड़ाई।
ओड़े सुभट सुभट को धाई।
उमगे सूर साहके बाजै।
ठेले कौन प्रलै को गाजै॥
चामिल पार कौन विधि ह्वजै।
जैसे मन की इच्छा पूजै।
आइ भयो समयो यह ऐसो।
चंपतिराइ कीजिये कैसो॥
कैसो अब कीजै कहो पंचम चंपतिराइ।
अब आदर औरंग को थक्यो चौगुनो चाइ॥

* Shone,

बोल्यो चंपतिराइ बुंदेला।
और घाट ह्वै कीजै हेला * ॥
जौ दारा उत आडौ आवै।
तौ रन हमसों बिजै न पावै ॥
सुनि औरंग अचरज उर आन्यो।
और घाट चंपति तुम जान्यो।
चम्पति कही घाट हम जानै।
तखत काज तुम करो पयानै ॥
सुनि औरंग तखत रस भीने।
चौदह लाख खरच को दीने।
कीनो कूच राति उठि जागे।
चम्पति भयो सबन के आगे ॥
उमड़ि चले दारा के सौहैं।
बढ़ी उदंड जुद्धरस भौहैं।
चामिल उतरि सुभट गन गाजे।
पार जाइ संधाने बाजे ॥
चंपति सुख औरंग के भली चढाई ओप।
नातर उड़ि जाते सबै छुटै तोप पर तोप ॥
चामिल पार भई सब फौजैं।
तब नोरंग मन मानी मौजै।
दारासाह खबरि यह पाई।
चामिल पार फौज सब आई ॥
आगे चम्पतिराइ बुंदेला।
ह्वै हरौल कीन्हो बंगमेला।
चामिल पार भये सब आछे।
तजे अडोल अरावे पाछे ॥

* Crossing,

दारा के दिल दहसत बाढ़ी।
चूमन लगी सबन की डाढ़ी।
को भुजदंड समर में ठोकै।
उमड़्यो प्रलै सिन्धु को रोकै॥
छत्रसाल हाड़ा तहं आयो।
अरुन रंग आनन छवि छायो।
भयो हरौल बजाइ नगारो।
सार धारको पैरन हारो।
इहै हरौल हाड़ा चल्यो पैरनि साह समुद्र।
दारा अरु औरंग मड़े मती त्रिपुर अरु रुद्र॥
दारा अरु औरंग उमंडे।
मनौ प्रलै घनघोर घमंडे।
बजे जुझमें निबिड़ नगारे।
दुहु दिसि बजे अराबे भारे॥
गुर गंभीर घोर धुनि छाई।
फटि ब्रम्हांड परै जनि भाई।
ज्यों बोले उमरावनि हल्ला।
जम के भये कटीले कल्ला॥
हय गय रथ पैदल रन जूटे।
बाइन सहित कवच धर फूटे।
चंपति को जब बजो बँदूखैं।
मसहारिन की मेटी भूंखैं॥
दारा साह बजत रन छाज्यौ।
जबत * पातसाहो को भांज्यौ।
हाड़ा सार † धार में पैठ्यौ।
सूरज भेद विमाननि बैठ्यौ॥

* Rules
† Iron

सूरन को सुरपुर मिल्यो चन्द्रचड़ कौं हारु।
तखत मिल्यो औरंग कौं चंपति कौं जस चारु॥

चंपतिराइ सुजस जग गायो।
ह्वै हरौल दारा बिचलायो॥
हरवल ह्वै दारा को बांकौ।
बेटा बली बहादुरखां कौ॥
जुद्ध बंदेलनि सौं जब सांच्यौ।
हय हथियार छांड़ि भगि माच्यौ॥
पाई फते भयौ मन भायौ।
औरंग उमड़ि आगरे आयौ॥
दारा पकरि पठाननि लीन्हौ।
साह मुराद कैद में कीन्हौ॥
धरनी लोक दुहुनि तैं छूट्यौ।
नौरंगसाह तखत सुख लूट्यौ॥
बैठे तखत बजे संधाने।
चंपतिराइ साह मन माने॥
नौरंगसाह कृपाकर भारो।
मनसब दीन्हो दुसह * हजारो॥

ऐरछ अरु सहिजादपुर कौंच कनार समूल।
मिली बड़ी जागीर सब धरि जमुना कौ कूल॥

मिली बड़ी जागीर सुहाई।
जरैं समीप भतीजे भाई॥
मुसकी तुरग लूट जो आनौ।
खोज बहादुरखां सो जानौ॥
कहि पठई चंपति कौं भाई।
घर की लूट तिहारे आई॥

* Twelve.

दलमें लुट्यो भतीजो तेरो।
सो सब साज प्रीति में फेरो॥
वह करवाल ढाल अरु घोरा।
दीजौ राखि आपनौ तोरा॥
चंपति कौ यह बात सुनाई।
बैठे ऐंड़ प्रीति सो पाई॥
तब चंपति ऊपर यह दीनौ।
करि घमसान तुरग हम लीनौ॥
ताकौ अब चरचा न चलावो।
घर हो यह मनको समुझावो॥
सुनत बहादुर खां बली उत्तर दियो न और।
अनखु हिये में धरि रह्यो डारि बुद्धि के डोर॥
तौ लगि सोर कटक में छायो।
पूरब तें सूबा चढ़ि धायो॥
गंगा उतरि प्रयाग पछेल्यौ।
औरंगसाह सुनत दल पेल्यौ॥
हुकुम बहादुर खां कौ कीन्हौ।
उनि सुखमानि सीस धरि लीन्हौ॥
उमड़ि फौज पूरब कौं धाई।
हय खुर गरद गगनमें छाई॥
और हुकुम चंपति पै आयो।
बैठे कहा साह फरमायो॥
गैर हाजिरी लिखि है कोई।
मन सब घटै तगीरी * होई॥
आलमगीर आप फरमायो।
हुकुम न मानै सो दुख पायो॥

* Degradation,

उद्धित बचन उकील सुनायौ ।
चंपति हिये अनख बढ़ि आयौ ॥
अनखु बढ्यो मन सब तज्यो सेवा कछु न सोहाइ ।
डंका दै चंपति चल्यो आगि आगरे लाइ ॥

ग्यारहवां अध्याय ।

सिवराज मिलन--सुजानसिंह मिलाप ।

छन्द

छत्रसाल पंचम रन कीन्हौ ।
जैतपत्र कौ कहि लै दीन्हौ ॥
आइ लिले सब बिकट मवासौ ।
चुक्यौ अमल ज्यौं रैयत खासौ ॥१॥
फिरि नवाब दच्छिन कौ धाये ।
छत्रसाल तिन संग सिधाये ॥
जद्यपि बिक्रम प्रगट जनायो ।
फल नवाब तै कछू न पायौ ॥२॥
तब मन भयौ अनख अधिकारी ।
तुरकन तै कब बन्यौ हमारौ ॥
पिता हमारे सूबा डांड़े ।
तुरकन पर अजमाये खांड़े ॥३॥
करी पातसाहन सौ ऐंड़े ।
पखौ रत्यौ मुगलन के पैड़े ।
ऐंड बुंदेलखंड कौ राखी ।
चंपति कीर्ति जगत मख भाषी ॥४॥

दोहा ।

तिन चंपत के नंद हम सीस नवावैं काहि ।
हम भूलै मै यौ हुथा हितू जानिकै वाहि ॥५॥

छन्द ।

हितू जानि सेयौ अबिबेकी ।
तातै कहो हौइ क्यों नेकी ।
ताको हम ऐसो फल पायौ ।
वाके संग कसालौ खायो ॥६॥
हम तौ छत्र धर्म प्रति पाल्यौ ।
रीझ न याकौ माथौ हाल्यौ ।
मूरख कै आगै गुन गायौ ।
भैंसा बीन बजाइ रिझायौ ॥७॥
हुथा कमल थल माह लगायौ ।
ऊसर में पानी बरसायौ ।
खर के अंग सुगंध चढ़ायौ ।
वायस कौं घनसार चुनायौ ॥८॥
बधिर कान में मंत्र सुनायौ ।
सूरदास कौ चित्र दिखायौ ।
कुलरा करिवे कौं घन टेयै ।
जो अबिबेकी साहिब सेयै ॥९॥

दोहा ।

अविवेकी कौ सेइ कै को न हिये पछिताय ।
बीजा बवै बबूर के कहा दाख फल खाइ ॥१०॥

छन्द ।

हिंदू तुरक दीन है गायें ।
तिन सौ बैर सदा चलि आयें ।

लेख्यौ सुर असुरन कौं जैसौ।
केहरि करिन बखान्यौ तैसो ॥११॥
जब तें साह तखत पर बैठे।
तबतै हिन्दुन सौ उर ऐठे।
महंगे कर तीरथनि लगाये।
बेद दिवालै निदर ढहाये ॥१२॥
घर घर बांधि जेज़िया * लीन्हे।
अपने मन भाये सब कीनै।
सब रजपूत सीस नित नावै।
ऐंड़ करैं तिन पैदल धावै ॥१३॥
ऐंड़ एक शिवराज निबाही।
करै आपनै चित को चाही।
आठ पातसाही झुकभौरै।
सूबनि बाधिं डांड़लै छोरै ॥१४॥

दोहा।

ऐसे गुन सिवराज के बसे चित्त मे आइ।
मिलवोई मन मैं धर्यो मनसिब तब्यौ बनाइ ॥१५॥

छन्द।

इतहि पातसाही सब झूमै।
उतहि सिवा के दलमैं धूमै।
इतकौ उतहि जान नहि पावै।
जो निकसै सो सीस गंवावै।
दुंदु दिसि होत खरी हुसयारी।
चौकिन निस दिन होत तयारी।
तहां जान चचसाल विचार्यो।
ब्यौंत सिकार खेल कौ डार्यो ॥१७॥

* Jezia.

तीछन अस्त्र मृगन पर बाहै।
बन पहार दच्छिन को गाहै।
सुभट संग पटरानी लीन्ही।
दुरगम गिरिन बसेरे कीन्ही ॥१८॥
भोर चले सूरज दै बाये।
दच्छिन देहि अस्तगिरि आये।
निस में पीठि और ध्रुव चाहै।
बुध बल सबकी जात निबाहै ॥१९॥

दोहा।

निसि में नच्छत्रनि चलै दिनमें भानु बिचारि।
लाग देहि सब साथ कौ रोज़ मृगनिको मारि ॥२०॥

कुन्द।

घाटीन को गिरिन को ठाढ़ो।
देखो तहां भीमरा बाढ़ो।
तरे बांधि काठन के भेरा।
परे पार के बन में डेरा ॥२१॥
बनही बन घाटी सब हेरी।
चौकी रही दाहिनी डेरी।
कृष्णा बढ़ी देखकै त्यौंही।
उतरे पार भीमरा ज्यौंहीं ॥२२॥
उतरि पार सिवराज निहारे।
सबकै भये अचंभे भारे।
तह शिवराज सील अति बाढ़े।
देखत भये दूरनै ठाढ़े ॥२३॥
कुसल बूझि ढिग ही बैठारे।
कैसे पहुंचै बीर कृतारे।
कही किसा अपनी जब जैसी।
चितु दै सुनो सिवा सब तैसी ॥२४॥

दोहा ।

सिवा किसा सुनकै कही तुम छत्री सिरताज,
जीत आपनी भूम कौ करौ देस कौ राज ॥२५॥

छन्द ।

करौ देस कौ राज छतारै ।
हम तुम तै कबहू नहि न्यारै ।
दौरि देस मुगलन के मारौ ।
दबटि दिल्ली के दल संहारौ ॥२६॥
तुरकन कौ परतीत न मानौ ।
तुम केहरि तुरकन गज जान्यौ ।
तुरकन में न बिबेक बिलोक्यौ ।
मिलन गये उनकौं उन रोक्यौ ॥२७॥
हम कौ भई सहाइ भवानी ।
भय नहि मुगलन की मनमानी ।
छलबल निकसि देस में आये ।
अब हम पै उमराइ पठाये ॥२८॥
हम तुरकन पर कसी कृपानी ।
मारि करैगें कौचक घानी ।
तुम हू जाइ देस दल जोरौ ।
तुरक मारि तरवारनि तोरौ ॥२९॥

दोहा ।

राखि हिये ब्रजनाथ कौं हाथ लेउ करवार ।
ये रच्छा करिहैं सदा यह जानौ निरधार ॥३०॥

छन्द ।

छलनि कौ यह वृत्त बनाई ।
सदा तेग कौ खाइ कमाई ।

गाइ बेद बिप्रनि प्रतिपालैं ।
घाउ ऐंडधारिन पै घालैं ॥३१॥
तेग धार में जौ तन छूटै ।
तौ रवि भेद मुकत सुख लूटै ।
जैतपत्र जौ रन में पावै ।
तौ पुहुमी के नाथ कहावै ॥३२॥
तुम हौ महावीर मरदाने ।
करिहौ भूमि भोग हम जाने ।
जौ इतही तुम कौं हम राखैं ।
तौ सब सुजस हमारे भाखैं ॥३३॥
ताते जाइ मुगल दल मारौ ।
सुनिये श्रवननि सुजस तिहारौ ।
यह कहि तेग मंगाइ बंधाई ।
बीर वदन दूनी दुति आई ॥३४॥

दोहा ।

आदर सौं कीन्हे बिदा सिवा भूप सुख पाइ ।
मिली मनो उर उमग में भूमि भावती आइ ॥३५॥

छन्द ।

मानहु भूमि भावती पाई ।
दृढ़ मसलहत यहै ठहराई ।
साहस सिद्धि धरै मन माही ।
फेरि भीमरा कृष्णा गाही ॥३६॥
दच्छिन में सूबनि कौ मेला ।
तहां सुने सुभकरन बुदेला ।
जिन लौहे लहरात मझाये ।
तीन खून तिन माफ़ कराये ॥३७॥
तिनसौं इन मिलिवौ ठिक ठानौ ।

हितू अनहितू चाहत जानी।
इन अपनी जब खबर सुनाई।
तब सुभ साह मनौ निधि पाई ॥३८॥
मिले दौरि अति आदर कीनौ।
सबतें सिरै बैठका दीनौ।
दिन दिन दिलजोई करि राखै।
हित सौं बचन अमृत से भाषै ॥३९॥

दोहा।

कछुक दौस सुभ साह के पास रहे कुवसाल।
जब उचाट देखे हिये तब जान्यौ उन हाल ॥४०॥

कुन्द।

जानि हाल निजु पास बुलाये।
दिलजोई के बचन सुनाये।
जा कहिये तौ अरज लिखावै।
जाकें सुनत साह सुख पावै ॥४१॥
चतुर उकील अरज लै जैहै।
फेरि साह मनसिब लिखि दै है।
अरु जौ हमें इहां सगु दीजै।
तौ घर ही ठकुराइस कीजै ॥४२॥
यह सुनि कुवसाल जो बोले।
साहस सिद्धि खजाने खोले।
हम रुचि सौ मनसिब लै देखे।
कछु दिन तुरक हितू करि लेखे ॥४३॥
सेवा ह्व अपनैऐ नाहीं।
हम न पतैहैं इनकी छाहीं।
जो घर ही ठकुराइस कीजै।
तो कैसे जग में जसु लीजै ॥

दोहा ।

तातें अब दिल्लीस के दीरघ दलनि बिलोइ ।
अपनी उहिम ठानिवी होनी होइ सु होइ ॥

कुन्द ।

यह बिचार अपनी कहि दीन्ही ।
सुनि सुभ साह अचंभौ कीन्हौ ॥
बिन सहाइ बिन ठौर ठिकानै ॥
बिन दल बल अरु बिना खजानै ॥
कलह पातसाहन सौं कांधै ।
ऐसौ मौरु और को बांधै ।
हिंमत हिये धरी उन ऐसी ।
करिहै वहै कहतहै जैसी ॥
तातैं बिदा इन्है अब कीजै ।
इनकी देखि प्रतिज्ञा लीजै ।
तौ लगि चाह चली ठिकठाई ।
सो राजन के घर घर आई ॥
ठौर ठौर के गिरे दिवालैं ।
सुनत हिये हिन्दुन के हालै ।
पातसाह फरमान पठायौ ।
हुकुम फिदाई खां कौं आयौ ॥

दोहा ।

नगर भीड़के में सुने हिंदू धरैं गुमान ।
ते नित पत्थर पूजिकै फैलावत कुफरान ॥

कुन्द ।

ऊंची धुजा दिवालिन राजै ।
घंटा संख झालरै बाजै ॥
छापै देत तिलक दै ठाढ़े ।

माला धरै रहत मनबाढ़े ॥
ऐसा हुकुम सरै का नाहीं ।
क्यो ऐ करत चित्त की चाही ।
जो कहुं कान संख धुनि आवै ।
मुसलमान तौ भिस्त न पावै ॥
सीसौ औटि कान जौ नावै ।
तौ दोज़ख तैं खुदा बचावै ।
ताते ढाहि दिवाले दीजै ।
तिन के ठौर मसीदैं कीजै ॥
मुलना तहां निवाज गुदारै ।
बाँग देहि नित सांझ सकारै ।
न्याउ चुकावै फाजिल काजी ।
जाते रहै गुसांई राजी ॥

दोहा ।

सुनत कान फरमान यह, कही फिदाईखान ।
हुकुम चलाऊं साह कौ, मेटि कुल्ल कुफरान ॥५५॥

कुन्द ।

ढाहि दिवाले कुफर मिटाऊं ।
पातसाह कौ हुकुम चलाऊं ।
जा कहुं बीच बुंदेला आवै ।
तौ हमसौ पर फते न पावै ॥
जौ मानौ मनसूबनि मौजै ।
जोरन लगै ग्वालियर फौजै ।
सहस अठारह तुरी पलानै ।
धूमघाट पर धुज फहरानै ॥
यह सुनि महाबीर रस छायौ ॥
बान बांधि धुरमंगद धायौ ॥

पस्यो जाइ डेरन पर ऐसै ।
मत्त करिन पर केहरि जैसै ।
सांगनि मारि फौज बिचलाई ।
पर फतूह धुरमंगद पाई ॥

दोहा ।

भज्यौ फिदाई खां बली रह्यो कछू न सम्हार
दिये पागके पेच उहि गोपाचल के पार ॥

छन्द ।

खबर सुजानसिंह पर आई ।
जीते ह्न दल दहसत खाई ।
अबकी अनी गई ढरि ऐसै ।
बैर साह के बचियतु कैसे ॥
अब जो रोस साह उर आवै ।
तौ हम पै फौजैं फरमावै ।
यह उतपात उठ्यो रे भाई ।
भई जुझार सिंह की हाई ॥
तब तौ चंपति भयो सहाई ।
गिली भुंम भुज बल उगलाई ।
चंपतिराय कहां अब पैये ।
कैसै अपनो बंस बचैये ॥६२॥
सांस अघाइ बुंदेला लीन्ही ।
फिरि फिरि चंपति की सुध कीन्ही ।
ज्यौं यह फिकिर भूप उर आई ।
त्यौं हरकारिन खबर सुनाई ॥५७॥

दोहा ।

पंचम चंपतिराइ को छत्रसाल बिरभाइ ।
बारन दूंद देसहि चल्यौ मनसिब तज्यो बनाइ ॥

कुन्द ।

शमशेर सरसर तीर तर तर मुख न काहू को फिरो ।
तहं हसिति साथी सरथहाथी जूझि जानीखां गिरो ॥
इतकै भए सरदार साथी सहित सेर सुघाइ कै ।
उतके किते जूझे अरूझे रहे लोह अघाइ कै ॥
नहि लरत चलत न बर परे दोऊ अरे अरराइ कै ।
वे लाख ये न हजार पूरे रहि रहे ठहराइ कै ॥
तब सैद कुतुबुल मुलुक बीर अमीर मनिरेला कियो ।
वंगश महम्मद खान शादीखान कर करबर लियो ॥
रन काज राजा रतन चंद महाबली हिय हरखियो ।
जै कृष्णदासदिवान निजमुहीं अलीखाँ कोबियो ॥
पुनि सैद अनवरखाँ समुहर खाँ संभारी तेगहै ।
मंजूर तैयव तरब अरबनि यादगारो वेगहै ॥
सरदार बारहें बार रुस्तमदस्त सैद अनेग है ।
ये सैद अबदुल्लाह खाँन रिकाब तेग फते गहै ॥
इत कियो हाँकि हलाक दूनो आनि उन आगो लियो ।
बलवान कोकिलताशखाँ तसु वीर आजम खाँ कियो ॥
फिरि सैद राजे खान अबदुल्लसमुदलीखाँ हरखियो ।
नौशेरखान जुझार अबुलगफार हाँक तहाँ दियो ॥
कल लेन देत न रहकले हथनाल घन घुरनाल है ।
तूफान कहर तुफंग की फहरान बान विशाल है ॥
तहँ तीर सलभ समूह सम सुरलोक तरसर जाल है ।
असमान भानु विमान गो रुकि भयो धुंधूकाल है ॥
तब बीर बीर बिरीं बिरे मनु गहबरे भटभट भिरे ।
बजि उठो मारू मारू मारू पुकार करि करि सुरु भिरे ॥
बानैत गव्वी है अरब्बी बीर गब्बी कर थिरे ।

तहँ होत हुह फकफकी फर मुख न काहू के फिरे ॥
तब गह्यो कुतुबुलमुलुक के बर उतरि कोकिलताशखां ।
बंगश महम्मद खाँ इतै उत बीर आजमखान खाँ ॥
इत सूर सादीखान उत नौशेरी खां उनकीकखां ।
भट भिरे एकहि एक जे बबिरो बिरे दूहूं पखा ॥
उत सैद राजे खान अबदुस्समुद अली बागैं लियो ।
इहिं ओर राजा रतन चंद गयंद चढ़ि रेला कियो ॥
सरदार इत उत के भिरे रन लच्छ पत्थनि के बियो ।
तरवारि तीर तुफंग साँगि कटार कै बर बरखियो ॥
जयकृष्णदास दिवान निजमुहीअलीखाँ को बढ़ो ।
तब सैदअनवर खाँ समुंदर खान अगहर ह्वै कढ़ो ॥
मंजूर तैयब तरब साहब राय रोस महा मढ़ो ।
लखि पिलनि कुतबुल मुलुक की सब पिलत रन रस रुचि चढ़ो ॥
चहुं ओर फौजनि फौज सो मन मौज मारु महा परी ।
हथियार भार दुधार भर मनु मघा मेघन की झरी ॥
झिरि झिलिम कुंडि कुरी कुरी किरि गई बखतर की करी ।
करि मारु मारु संभारु यार संभारु सुनियत ललकरी ॥
घन घटा घोर घमंड सो सम घुमड़ि फर फौजे रही ।
धौंसे धोकारत गाज गहि तरवारि चमक छटा सही ॥
झर तीर गोलिन वार गोला परत ओला से तही ।
महि मची मेदनि गूद कीच कृपान सैयद जब गही ॥
मदभरे झमत खरे अघाइ अघाइ करिवर थरि अरे ।
सिर सरत श्रोनित धार मनहुँ पहार सों झरना झरे ॥
बढ़ि चली लोहुन की नदी लहरैं लखें कहि को तरै ।
तेहि तीर दलदलमास को बल ठान काहू को परै ॥

कवित्त

फौजबल भुजबल मन मनसूबा बल,
श्रीधर हरीफन हरषि हहलावतो ।

साहेब सरबुलंद खाँ नवाब करि करि,
पत्थ के से हत्थ महाभारत मचावतो।
जहाँ शाह मौजदीं रफोउलकदर कूटि,
जेबर जुलफिकार खाँ नै बाँधि ल्यावतो।
होतो हमराह लाहानूर के समर तो,
अजीम सों अजीम पातशाही कौन पावतो॥
सनमुख साह जू के साजि सेन चारो अंग,
सैद अबदुल्लह खाँ बीर आपो बलमें।
बाजि उठ्यो मारू मारु मारु भो अंदोर जोर,
हाँके फोल बाँके पेलि पैठे रैलि पलमें,
श्रीधर भनत दोसतली खाँ अँगाइ धाइ,
सुन के चलाये भट वैसे चलाचल में।
वाह वाह कहें पातशाह औ सिपाह सबै,
वाह वाह रह्यो ह्वै सवत्त दुहूँ दलमें॥

छप्पय।

श्रीधर दल बल प्रबल लखि लोकपाल रह लज्जि।
महमद सालेह बीर जू चढत कटक बर सज्जि॥
सज्जइल रन कज्ज जनप्प समज्जज्जपबर।
बंगग्गहनि मतंगग्गननि उतुंगग्गिरि वर॥
रंगग्गति सुकुरंगग्गंवन तरंगग्गति गुर।
पच्छइर थिर कच्छ करब सुलच्छभर पुर॥
लच्छ भट्ट टट्ठिप चल्यो महमद सालेह ज्वान।
धुजावान झलकैं बजैं उद्दुनि धुरध्धान॥
उद्दुनि धुरध्धान डुकि सज युद्दज्जै भर।
लक्खभट रण दक्ख क्खुमसु विपक्खक्कै कर॥
बारब्बलिय उछारभरि क्खग बाहब्बल किय।
बानब्बिकट कमान कठिन कृपान ढढुरलिय॥

करलिय खग कोप्पो बली महमद साल जवान।
अरि के बढ़ गढ़ मढ़नि पर कियेउ सुकोपि पयान॥
कोप प्करि पयान प्थि घन ध्वानड्डलकत।
लच्छ च्छहरि बरच्छ च्छबिवर खच्छ च्छलकत॥
युद्ध ज्जुरत सकुड्डभट रण उड्डमकिय।
बाहक बलिय उछाहभरि खग बाहब्बल किय॥
खग्ग बाह बलकिय बली महमद सालेह बीर।
दुठन ठट्ठ कट्टिय भखो श्रोनब्बद भरि नीर॥
श्रोनब्बद भरि नीर भरित गँभीर भ्भलकत।
लुत्थत्थिरन उलत्थ ज्जलजिय जुत्थ त्थलकत॥
बीच च्चल ननगीचच्चल हरकीचच्चभकत।
मुंडभ्भरि करिकुभ्भ भ्भरत सुअभ्भ भ्भभकत॥
महमद सालेह बीर कोपि भारी रन मंडेउ।
अरि की प्रतन प्रचंड खण्ड खण्डन करि खण्डेउ॥
गीध गूद बेताल मास हर मुण्डमाल लिय।
रुहिरय रुहिर अपार पाइ भैरव गलगज्जिय॥
तकि शत्रु सूर को ग्रास कर श्रोनसिन्धु गज्जन कियो।
लखि परब कृपानी रावरी मनहुं दान उत्तम दियो॥

कवित्त।

फौजनि की घटा की घमण्ड घोर घेरु करि,
मौजदीन मघवा के मनमें उछाह भो।
तोप गरजत तरवारि बीजु तरजत,
बरषत बाननि अचल चाप्यो राह भो।
तब गिरिवर कर धरि गिरिवर धर,
श्रीधर भनत ब्रजमण्डल की छांह भो।
अब गिरिधर लाल बहादुर बीर समसेर
गहि कर पातसाही को पनाह भो॥
माचो जोर जंग रंग आजम अजीम जूसौं,

गालिब गनीम आयो महमद गरूर है।
श्रीधर सर बुलन्द खाँ नवाब दौर कै,
हिरौलही हटायो कौनौं चमू चकाचूर है।
मारि खानि खोलि में विदारि राउ दलपति,
गंजेउ जुलफिकार खान को गरूर है।
वाह वाह करै पातशाह ओ सिपाह रही,
सही समसेर तेरी शाहि के हजूर है॥
जहाँदार शाह शमशेर जोरि जेर करि,
जहाँ शाहि रफीसान की ही कौनसी तथा।
आजम के संगन से जँग महरायो त्यों,
जुलफिकार खाँ को फेर लावतो वहै पथा।
श्रीधर सरबुलन्द खाश किरवान धनी,
रुस्तम के काम कै बढावतो बड़ी कथा।
बार बार कहै पातशाह अपसोस करि,
हाय हमराह यो अजीमशाह के न था॥
श्रीधर फरुकसाहि मौजदीं भिरे हैं हैं दोऊ,
पूरो नेक कदम को करम अलाह को।
कौनो खग वाह मोगलनि के दलनि भो,
हिरौल की पनाह जाके कोप की पनाह को।
गालिब गनीम गाजगंज मगरूरिन को,
गरब को दलिक गजब गुमराह को॥
देखै पातशाह उतसाह पायो निज दलै,
वाह वाह करत सिपाह पातशाह को॥
भारी पातशाह दोऊ आगरे अगारी लरैं,
धौंसन की दुहूँ ओर श्रीधर धुकार है।
बाजै बीर बीर गोला बान तरवारि तोरि,
बाजै सार सार होत सोर मार मार हैं।
शेख खैरुल्लाह अखलै रन कीनो कैई दिन,

जुगनि के भूखे मसहारिन अहार है।
धाय खाए बेसुमार पैठि दल अरिकै सु,
मार तेँ गिराए बीर बाँके बेसुमार है॥
बखतर पोस पखरैत फौल खारन की,
कारी घटाभारी ज्यों पयोद प्रलै काल को।
श्रीधर भनत गोला बान सर झर भर,
बरखत थाँभै को करैरी तरवाल को।
दिलाजाक डपटि हलीमखाँ बरग जाइ,
दल मीडि माप्यो मौजदीन विकराल को।
श्रोनित सलित तट नाँचै प्रेत पहपट,
घट घट घूंटे कर खप्पर कपाल को।
इत गल गाजि चल्यो फरुकसियर शाहि,
उत मौजदीन करि भारी भट भरती।
तोप की डकारनि सों बीर हहकारनि सों,
धौंसा की धोकारनि धमकि उठी धरती।
श्रीधर नवाब फरजन्द खाँ सुजँग जुरे,
जोगिनी अघायो जुग जुगनि की बरती।
हहख्यो हिरौल भोर गोलपै परोहो तूंन,
करती हिरौली तो हिरौलै भोर परती॥
माख्यो मौजदीनै फर बिफरि पलक बीच,
कोनो मौजदीन को कटकु अढ़ अढ़ है।
मीडि गढ़ आजम अजीम अजमति गढ़,
कूद्यो जट वारे के सकल मढ़ी मढ़ है॥
श्रीधर भनत महाराज श्रीछबीलेराम,
तेरे बैरी बाँची काइ सूर की न सढ़ है।
जीत्यो चारो ओर मेरो फिकिर सो कीजे जोर,
ऐसे महाराजासों गहति गाढ़ो गढ़ है॥
फिर मण्ड्यो श्रीधर छबीलेराम राजा,

पातशाह कों हिरौल पातशाहत को पाहरू।
तोपकी तरापैं तोरि गोला को गुलेल गनि,
पेलि दल गाख्यो मौजदीनै गहि गाहरू।
चके हरि हर बंभ देबि आतपत्त ढंभ,
जैतरन खंभ बीर विक्रम उछाहरू।
सुरुखरू आप भयो आबरू दिलीस पायो,
माहंरू रफ़ीक़ भो मुखालिफ़ सियाहरू॥
भालनि सो भाला भियो बरछा सो बरछानि,
सरे समसेर समसेरनि सुखंग मैं।
तीरन को कीनो तन तोरनि तु नीरुतोरु,
तोरादार जोरन न पावतु सुफंग मैं॥
जंग सुलतानी मैं कहानी कैसो कीनो काम;
श्रीधर छबीलेराम राजा रन रंग मैं।
साढ़े तीनि हाथ कद दसहथा हाथी छूट्यो,
दोई हाथ होत हैं हजार हाथ जंग मैं॥
श्रीधर अवाई देखि फरुकसियर जू को,
आयो मत्त मौजदी अनेक अभिलाख कै।
घरिकु घमंड घोर माच्यो गद्द सुरि वागैं,
अड़ियो छबीलेराम राजा मन माख कै॥
मारि परदल हरखायो जूथ जोगिनी को।
करत बड़ाई सिवासंकरहि साख कै।
एकै बीर कैयो लाखैं एक के न आन्यो मन,
एक ही गनत कैयो लाख कैयो लाख कै॥
माच्यो जोर जंग दुहूं ओर पातशाहनिसों,
उततें उमड़ि दल मौजदीं को धायो है।
आजम खाँ जू के संग शाह को न जरि आगें,
सैद सुलतान जहाँ जगतें जगायो है।
श्रीधर सुकवि तीर तरल तुफंगसों,

सितारा देखो चुनि सरदारनि गिरायो है।
खाली कीनों पलमें अमारी हौदा हाथिन को,
धोखो होत यामें खार आयो कै न आयो है॥
फरुकसियर शाहि जहाँदार शाहि दोऊ,
आगरे अगारी अरे पातसाही हेत मैं।
श्रीधर बजत मारू बाजे बाजे बीरन के,
मुरि गई बागैं रहे केतक न चेत मैं।
अंगद सो अड़ो पातशाहति पलटि डार्यो,
एवी एतो आजमखाँ सबल बनैत मैं।
महा हुब भारथ को कमनैती पारथ की,
जैसो भीमभुजबल भाख्यो कुरुखेत मैं॥
श्रीधर कृपान गहि मुसलेहखान रन,
कोनो घमसान यों मसान हहरात हैं।
झुंडनि झुंडूले प्रेत लोहू के प्रवाह परे,
लाती लरैं पौरै पोलिपियत अन्हात हैं।
खोपरा लों खोपरिन फोरैं गलकतगद्,
पोरीलों पलासी खाल खैंचि खौंचि खात हैं।
पाखर से खापरनि चहुवा चुरैलनि के,
चाइभरे चर चर चपरि चबातहैं॥

कृपय

भट्ट ठट्ट डट भट्ट भट्ट हरिआभट्टे हरि।
उद्धत जुद्धत क्रुद्ध सुद्ध गज्जत जिमि केहरि॥
बीरमुसल्लेहखाँ जलद उल्लट दलसज्जिय।
पख्खर पक्खर लक्ख स्याह सन्नाह समज्जिय॥
वल तड़ित तेगतरपत कड़कि रसवर श्रीधर धर कुरेउ।
तहँ गोला पत्थर वित्थरिय सो अरि मत्थर थरि थुरेउ॥
मीर मुशर्रफ बीर कोपि भारी रन मंडेउ।
अरि की प्रतन प्रचंड खंड खंडह करि खंडेउ॥

गोध गूद बेताल मासहर मुंडमाल लिय।
रुहिर प रुहिर अपार पाइ भैरव गलगज्जिय॥
तजि सत्तु सूर को ग्रासफर ग्रोन सिंधुमज्जन कियउ।
लखि परत कृपानी रावरी मनहुँ दान उत्तम दियउ॥

कवित्त

ग्रायो मौजदीन उत इततैं फरुकसाहि,
दुहुँ ग्रोर सोर ललकारें बीरबीर की॥
भरा भरी गोलन की झरा झरी तेग की,
कटारिन की करा करी तरा तरी तीर की।
ग्रीधर बिलोयो दौरि बीरन को भीर रुंड,
मुंडन को मेरु ग्रोन सोंरता गँभीर की।
बाह बाह कवै पातसाहरु सिपाह सब,
देखोरे दिलेरी यारो सुशरफ मीर की॥
कोऊ बूढी कोऊ बारो काह्न मैनगुन भारो,
कोऊ वारनारी बस मनमैं न ग्रायो है।
सुन्दर सुजान सुजा सीलवन्तु ग्रोजवान,
दान पूरो एकै तोही बिधिनै बनायो है।
ग्रीधर भनत सानी जलालदीँ ग्रकबर,
फरुकसियर पातशाह वर पायो है।
बाल पातशाहनि सोयंवर कर करनि,
तोहि देखि रीझि जयमाल पहिरायो है॥
गेड़ी सों ग्ररावो टारि भेड़ी सों बिदारि दल,
खल दल खूँदि कीनो छीन एजदीन को।
धावा करि पूरबते डावा डारि फौजनि को,
मीन सो पकरि लीनो शाहि मौजदीन को।
ग्रीधर भनत पातशाहनि को पातशाह,
फर्रुकसियर भोप नाह दुहूँ दीन को।

मुलुक मुलुक दौरी फरदै फतूहनि को,
काँप्यो डरि गबर हरख बाज्यो दीन को ॥
साजि दल फरुखसियर पातशाहपति,
श्रीधर बढ़त जब सहज शिकार है।
धूमरू सुभासा में अराम इसफा में कित,
सुनि जलधर धुनिधौंसा की धुकार है।
हबसाने हहस खँधारिन के खल भल,
बलक बदकसान जानन रू कार है।
तारा दे किवारा दे केवारा देके वारा देहि,
पौरि पौरि लंकपुर परत पुकार है ॥
दक्खिन दहेलि पेलि पच्छिम उदीची जीति,
पूरब अपूरब हठीलो हाथु लायो है।
श्रीधर शहनशाहि फरुकसियर नर,
सातो दीप सरहद हिन्द को मिलायो है ॥
दिन दिन बाढति है बाढिहद दिन दिन,
दिन दिन दूनी पातशाहति बढ़ायो है।
और पातशाह पातशाही पावैं जेब पाए,
तो सों पातशाह पातशाही जेब पायो है ॥
शादी शादियाने के उछाह आतपत्रनि के,
अंग अंग बाढ़े रंग बाढ़े हैं रखत के।
तेरी पातशाही पातशाही पायों जेबफल,
ठाढ़े नभसुमन प्रसून बरखत के।
श्रीधर भनत पातशाहन को पातशाह,
फररुकसियर नर जबर नखत के।
तिनके बखत जेवैं लखत तखत तोहि,
बैठत तखत बाढ़े बखत तखत के ॥

8. JODHRAJ.

The poet Jodhraj flourished at the court of Raja Chandrabhan of Nimrana in the beginning of the eighteenth century. He was the son of Balkrishna belonging to the family of Adigaur Brahmans of Atri Gotra. Raja Chandrabhan was a Chauhan Rajput and ruled at Nimrana which is situated on the boundary of the State of Jeypore and is now included in the territorial limits of Alwar State. This Raja Chandrabhan once expressed a desire to Jodhraj to relate to him the exploits of Hammir Deva of Ranthambhor. Jodhraj undertook to carry out the orders of his master and patron and wrote this poem in the year 1785 Vikram Sambat (1728 of the Christian era).

The story of the poem may be summarised as follows:- Allauddin Khilji was on the throne of Delhi. He had a Begam named Rup-vichitra. Allauddin once went out hunting. There all of a sudden a great storm arose. In the confusion that followed, Rup-vichitra was separated from others and lost her way in the forest. At this moment Mahima Shah, one of the courtiers of Allauddin appeared on the scene. The Begam made amorous proposals to him which he at first rejected. In the end he was won over by various guiles and threats. Soon after a lion appeared in front of them. Mir Mahima Shah easily despatched him with an arrow and brought the Begam safe to the camp of Allauddin. Once while the emperor was in the apartments of this Begam, a mouse suddenly came out of its hole. The emperor was at first upset at its sudden appearance but subsequently killed it. He thought much of this exploit of

his and began to brag of his achievements. The Begam simply kept on smiling and finally remarked that the real heroes were those who could kill a furious lion with ease and never talked of their skill and bravery. In the course of tbis conversation the Begam after exacting a promise from the emperor, not to injure Mir * Mahima in any way, related to him of her intercourse with Mahima and showered praises on him. Allauddin at once sent for Mahima Shah and turned him out of his territories. Mir Mahima went from place to place but none had the courage to give him shelter. At last he went to Hammir Deva Chauhan of Ranthambhor, who received him and gave him shelter. When the news of the reception of Mahima Shah reached Allauddin, he at once demanded him from Hammir, but the Chauhan prince flatly refused to give him up. Alauddin made several attempts to get back Mahima but he could not succeed. At last he made preparations to wage war against Hammir. This, the poem says, lasted for 12 years and ended in the victory of Hammir. When Hammir in the flush of his glory was returning to the palace he had the ensigns of the enemy carried before him. The ladies of his palace thinking that the Mnsalmans forces were advancing, flung themselves in fire in order to escape falling into the hands of the Mohammedans. When Hammir reached his palace he saw what his folly had wrought. He felt so dejected and overpowered that he committed suicide. This is what the poem escribes in beautiful language. There are no doubt historical evidences of this quarrel between Hammir and Allauddin, but the cause of the dispute and the several incidents as given in the poem under notice are not uniformally supported. It must

* In the poem Mahima is addressed as Shekh (Editor.)

be noted here that there was another Hammir Deva of Mewar, who is quite distinct from this Hammir. The two are quite distinct personages and should not be mixed up. For further particulars the reader is referred to the complete poem published by the Nagari Pracharini Sabha of Benares.

The following lines describe the reception of Mahima Shah by Hammir Deva :—

Shiamsundar Dass.

अथ हम्मीर-रासो। *

दोहरा-छन्द।

हुरम बचन सुनि शाह तब मनविचार तहँ कीन॥
बेगम जाति जु तीय की इन मरिबे मन दीन॥
जाहु सेख इत मति रहो जँहलगि मेरो राज॥
जो राखै ताको इनूँ प्रगट सुसाज समाज॥
कट्टन गर्दन जोग तू कोन्हो कुबिधि ख़राब॥
को रक्खै या भूमि पर राखि करै को ज़्वाब॥

* The extract is taken from the scholarly edition of the book by Babu Shiamsundar Das and published by the Kashi Nagari Pracharini Sabha.

कृपपय कुन्द ।

यह महि मंडल जितो
आन मेरी सब मानै ।
खूनी रक्खै कोन
कोउ ऐसा तू जानै ॥
हम ते वलो बताय
ओट जाकी तू तक्कै ।
बचै न काहू ठौर
एक विन गए न मक्कै ॥
कर जोरि सेख इमि उच्चरै
बली एक साहिब गिनू ॥
निर्बीज धरा कबहूँ न है ।
मैं हमीर अवननि सुनू ॥
तब सुसेख शिर नाय
रजा हजरति जो पाऊँ ।
जो न गिनै पतिशाह
शरन मैं ताको जाऊँ ॥
तुमहिं न नाऊँ शीश
नहिंन फिर दिल्लिय आऊँ ।
युद्ध जुरैं नहिं टरौं
हत्य तुमको जु दिखाँऊ ॥
यह कहत सेख सलाम किय,
तबहिं चला चल चित्त हुव ॥
निज धाम आय अप अनुजसों ।
विवर विवर बातैं जु हुव ॥

छन्द पद्धरि ।

आये जु सेख घर तब सरोष ।
जिय जान्यो अपनो सकल दोष ॥
मिलिये मीर गवरू सुधाय ।
चल चित देखि तिहिं पूछि जाय ॥
केहि हेतु आज चिन्तत सुभाय ।
किहिं कियव वैर सो मुहिं बताय ॥
तिहिं मारि कँरू तत्काल टूक ।
हिय क्रोध अग्निसों उठत हूक ॥
को करै बैर बिन कर्म्म बीर ।
मिटि गये अन्न जल को सु सीर ॥
तिहि कोन रहै रक्खै सुकौन ।
यह जानि मर्म्म तुम रहो मौन ॥
यह सुनत मीर गवरू सुभाय ।
सो पर्‌यो धरनि मुर्च्छा सुखाय ॥
तदि कह्यो बोध वहु बिधि सु ताहि ।
नहिं करो शोच रहु निकट साहि ॥
तब कहै मीर गवरू सु ताहि ।
सब तजो देश मक्के सु जाहि ॥
कै रहो राव हममीर पास ।
तन रहै खुशी नाशै जु त्रास ॥
तब चलिव सेख तजि साहि देश ।
सब सुभट संग लिन्हे सुवेश ॥
सत पंच सेन गजराज पञ्च ।
रथ सत्य लिये निज नारि संच ॥
सब रखत साज निज संग लोन ।
दासी जु दास सुन्दर नवीन ॥

सजि साज बाज डेरे अनूप।
लदि ऊँट किते संग चलिय जूप॥
चढ़ि सेन सज्यो निज सङ्ग बाम।
बज्जिव निशान गज्जिव सुताम॥
मग चलत करत मृगया अनेक।
मिलि चलिय सकल बरबीर एक॥
जिहिं मिलै राउ राजा सुजाय।
पतिसाह वैर सुनि रहै चाय॥
चहु चक्क फिर्‌यो महिमा सुधीर।
नहिं कह्यो रहनि काहू सु पीर॥
ह्वै दीन सेख देखे सुझारि।
दिनराव दशों दिशि फिरिव हारि॥
तबतक्कि सेख हम्मीर राव।
सोइ आइ शरन परसे सु पाव॥

दोहरा छन्द।

गढ़बङ्का बङ्को सुधर,
बङ्का राव हमीर।
लखि प्रतीति मनमँह भइय,
हरषे महिमा मीर॥
देखि जलाशय बिटप बहु,
उतरि सुडेरा कीन।
हय गय बन्धे तरुन तर,
खान पान बिधि लीन॥
डेरा ओढ़ो कर खरे,
करी बिछायति वेस॥

करि मिसलति कौंसिल जुरी,
सब भर सरस सुदेस ॥
मन्त्री मन्त्र सुपूछि तब,
इक चर लीनि सुबोलि ॥
जाहु राव के पास तुम,
कहो बात सब खोलि ॥
प्रथम सलाम कहो जु तुम,
विरत कहो सुविसेख ॥
हुक्म होय जो मिलन को,
तो हाजिर ह्वै सेख ॥
इतने मैं जानी परै,
पन भ्रम प्रीति प्रतीति ॥
हर्ष शोक यहि गति लख्यो,
तुम जानत सब रीति ॥
तब सुदूत गय राव पँह,
करी खबर दर्बान ॥
बोलि हुजूर सु दूत को,
पूछत कुशल सुजान ॥
सकल बात सुनि दूतमुख,
हर्ष राव बहु कीन ॥
तबहिं उलटि पठयो सुबह,
सेख बुलाय सु लीन ॥

नाराच छन्द ।

चल्यो जु सेख राव पँह बनाय साज कोनयं ।
तुरङ्ग पञ्च नाग एक साज साजि लीनयं ॥
कमान दोय टङ्कनो सुदेश सुल्तान को ।
कृपान एक वेस देश पालकी सुजान को ॥

लिये सुदोय वज्र लाल एक मुक्तमालयं ।
कहो जु एक दोय बाज खान दोय पालयं ॥
सवार एक आपही सबै पयाद चल्लियं ।
रहे तनक्क पौरि जाय फेरि अग्ग हल्लियं ॥
सुवेतहार * अग्ग जाय राव को सुनाइयं ।
हमीर राव वेगि आप रावतं खँ दाइयं ॥
चले लिवाय सेख को जहाँ जु राव बट्ठियं ।
सभा समेत राव देखि सेख को सु उट्ठियं ॥
मिले उभै समाज सो कुशल्ल छेम पुच्छियं ॥
परस्सि पानि पाव सेख हाथ जोरि सुच्छियं ॥
करी जु अग्ग सेख भेट बुल्लियों सुवाचयं ।
सरन्नि राव राखि राखि मैं सरन्नि साचयं ॥
फिख्यो सु मैं जु दीन दोय खानि जाति सब्बयं ।
जितेक राज राव ताहि छत्रि जाति सब्बयं ॥
दिशा दशों जितेक भूप और वीर बङ्क जे ।
रहो कह्यो सुकौन ह्व रहँ तहाँ सुधीर जे ॥
हँसे हमीरराव बात सेख को सुने तहीं ।
कहा अलावदीन पातसाह सो भनन्तहीं ॥
रहो यहाँ अभै सदा हमीरराव यों कहैं ।
तजूँ जु तोहि प्राण साथि और बात यों कहैं ॥

चौपाई छन्द ।

राव हमीर नज़र सब रक्खिय ।
बचन सेख को यहि विधि भक्खिय ॥
तन धन गढ़ घर ए सब जावैं ।
पै महिमा पतिसाह न पावैं ॥

* वेत्रधर ।

कहै सेख प्रण समुझि सु किज्जिय ।
मेरी प्रथम अर्ज सुन लिज्जिय ॥
दसो दिशामों मैं फिरि आयव ।
जिते खान सुलतान सु गायव ॥
राजा राव रान जितने जग ।
दीन दोय देखे सु अगम मग ॥
बांध तेग साहस करि कोई ।
तजै लोभ जीवन को सोई ॥
यह जिय जानि बास मोहिं दीजै ।
सेख राखि सरनै जस लीजै ॥
इतनी धरा सेस सिर होई ।
कहै साहि रक्खै नहिं कोई ॥

कुम्मय छन्द ।

बार बार क्यों कहै
सेख उतकर्ष बढ़ावै ॥
एक बार जो कही
बहुरि कछु और कढ़ावै ॥
प्रथम बंश चहुवान
टेकि गहि कबहुँ छंडै ॥
बहुरि राव हम्मीर
हठ न छुटै तन खंडै ॥
थिर रहहु राव इम उच्चरै
न डरि न डरि अब सेष तुव ॥
उग्गे न सूर जो तजहु तोहिं
चलहि मेरु अरु भुम्मि ध्रुव ॥
बकसि सेख को बाजि
साज कञ्चन के साजे ॥

मुक्तमाल सिरपेंच
जटित हीरा छवि छाजे ॥
सकल सथ्थ सिरपाव
शाल दिन्नव अति भारिय ॥
पंच लक्ख को पट्ट दियो
आदर भुव कारिय ॥
दिल्ली सुठौर सुन्दर इकै
तेहि देखत हिय हर्षयउ ।
उछाह सहित उठि सेख तब
आनन्द मंगल बर्षयउ ॥

दोहरा छन्द ।

महिमानी पठई नृपति, सबै सथ्थ के हेत ।
खान पान लायक जिते, मधु आमिष सुसमेत ॥
जदिन सेष दिल्ली तजी, दूत सथ्थ दिय ताहि ।
को रक्खै कित जात यह, लखो जु तुमहूँ वाहि ॥
राख्यो राव हमीर तब,, महिमासाहु जु पास ।
कहैं राव सों दूत तब, मत रख्यो तुम पास ॥
अलादीन सू औलिया, फिरत चहूँ दिशि आनि ।
निबल सबल के वाद सों, किन सुख पायो जानि ॥

मुक्तादाम छन्द ।

कहै तब दूत सुनो नृप बात ।
बड़ों तुव बंश प्रतापि सुहात ॥
तजो रतनागर को सर हेत ।
रतन्न अमूल्य तजो रज हेत ॥
कहौ गुन कोन रखे इहि सेष ।
जरत्त जु वाल गहो सुविशेष ॥

अजान असो जु करै नहिं राव ।
सुनो तुम नीति जु राज स्वभाव ॥
तजो अब इक्क कुटुम्ब बचाय ।
तजो गृह एक सुग्राम सुहाय ॥
तजो पुर इक्क सुदेश बचाय ।
तजो सब आतम हेत सुभाय ॥
महा यह नीच अधम्मिय सेख ।
टल्यो नहिं स्वामितिया गुन देख ॥
बढ़े पतिसाह दिलीपतिबैर ।
लख्यो नहिं आनन प्रात सुफेर ॥
प्रले जिहिँ रोष तजै धर देह ।
हमीर सुराव सुनो रस भेव ॥
बढ़ै निति नेह तुम्हैं पतिसाह ।
अमीरस मैं विष घोरत काह ॥
परो फिर आप नहीं दुःख आय ।
तजो यह जानि प्रथम्म स्वभाय ॥
जथा वह रावन जिति त्रिलोक ।
सुरन्नर नाग रहैं तिहिं ओक
कह्यो तिन बैर जबै रघुनाथ ।
मिल्यो गढ़ लङ्क सुवङ्कम पाथ ॥
कहो सर कौन करै पतिसाह ।
करै तब जङ्ग बचो नहिं ताहि ॥

कुप्पय छन्द ।

कह हमीर सुनि दूत
बचन निज असत न भाषों ।
मों बिन और न कोय
सेख को सरनै राषों ॥

गहूं खग्ग सन्मुख
दुहूं अति गर्ब सुद्ध दृढ़ ।
लहै मुक्तमग सत्य
किधौं रणथम्भ महागढ़ ॥
कहियों निशङ्क पतिसाह सों
सेख सरनि हम्मीर किय ।
सामान युद्ध जेते कछू,
सो अनन्त दुग्गह जु लिय ॥

दातार छन्द ।

सुन हमीर के बचन
दूत दिल्लिय दिशि आयव ।
करि सलाम कर जोरि
शाह को शीश नवायव ॥
पूरव दच्छिण देश
और पश्चिम दिशि आयव ।
सबै सेख फिरि थक्कि
कहूं काहू न रखायव ॥
तब सेख आइ रणथम्भ गढ़
दीन बचन इमि भक्खियो ।
सुनि हमीर करुणा सहित
शेष बचन दै रक्खियो ॥
बहरामखाँ वजीर बोले
समद पार गए शेष,
बार हजरति वह नाहीं ।
राव शेष क्यों रखै
रहत हजरत घर माहीं ॥
फिर न कहो यह बचन

वृथा कबहुं अनजानै।
दूत शाह के बचन
सुनै सत्कार सु मानै॥
बहरमखान इमि उच्चरै
खबरदार नहि बेखबरि।
कहिये जु बात निज दृगन लखि
असी बात नहिं कहौ फिरि॥

दोहरा छन्द।

बहरम खाँ उज्जीर सों, कहैं बैन पतिसाह।
इक फरमान हमीर को, लिखि भेजो अब ताहि॥

छप्पय छन्द।

लिखि हजरति फरमान
उलटि एलची पठाये।
हठि मत करौ हमीर
चोर मति रखौ पराये॥
हम दिल्ली के ईश
राव तुमहुं जु कहावो।
बढ़ै अर्लास जिय माहिं
बैर में कहा जु पावो॥
माल मुलक चाहो जितो
कहै शाह बहु लिज्जिये।
फरमान बंचि जिय राव तुम।
चोर हमारो दिज्जिये॥

दोहरा छन्द।

बाँचि राव फुरमान तब, दियो सेष तब अंग।
बचनदियो मैं सेख को, करौं शाहसौं जंग॥

दियउ उलटि फ़रमान तब, राव शाहिको ज्वाब।
रख्यों महिमा साहि मैं, तजूं न तिहि मैं आब॥
यह फ़रमान जो बाँचिके, करेव शाह तब क्रोध।
खिज्यो देखि पतिसाह कौं, कियो उजीर सुबोध॥

छप्पयछन्द।

कित्तो गढ़ रणथम्भ
राव जिस पँह गर्बाये।
दसौं देश बसि किये
जोति करि पाँव लगाये॥
ईश कहौ अब कौन
युद्ध जो हम से मंडै।
देत दुनी तैं कड़ि
गर्व तातै क्यों मंडै॥
साहिब्ब बचन इमि उच्चरै
अली औलिया पीरगन।
महिमा शाह जु रक्खि तुव
अजहूँ समुझि हमीर मन॥

दोहरा छन्द।

दूजा हजरति का लिखा, बाँचि राव फ़रमान।
बार बार क्यों लिखत हौ, तजूँ न हठ की बान॥
पश्चिम सूरज उगवै, उलटि गंग बह नीर।
कहौ दूत पतिसाह सौं, हठ न तजै हम्मीर॥

छप्पयछन्द।

दियो पद्म ऋषिराज
करौं जब लग मैं सोइय॥

जो गढ़ आयो निमत
आह रक्खै नहिं कोइय।
अनहोनी नहिं होय
होय होनी है सोइय॥
रजक मोत हरि हथ्थ
डर सु मानव क्यों कोइय।
नहिं तजूँ शेख कौ प्रण करिव
सरन धरम छत्रिय तनों।
मन है विचित्र महिमा तनो
सत्य वचन मुखतें भनों॥
चले दूत मुरझाय
दिल्लि दिसि कियो पयानो॥
गढ़ रणथम्म हमीर
आह कैसे कम जानो॥
हयदल पयदल सेन
सूर वर बीर सवायो॥
हठीराव चहुँवान
वंश यह हठि चलि आयो॥
यह विधि सु तुम हूँ धर लखै
हरे सकल तुम बीरवर।
अब पतिसाह जु एक भुव
कै तुम कै जु हमीर बर॥
सुनत दूत के बचन।
आह जब मन मुसकाये॥
कितौ राज हम्मीर।
करै हठ मोहिं बुलाये॥
कितेक गढ़ इह ठौर
किते उमराव महाबल॥

किते बाजि गजराज
किते भट बङ्क महाबल ॥
तुम कहो सकल समुझाय सुहि
किहिं हेतु इते गर्बहिं बढ़े।
हम्मीरराव चहुवान कै
किती हसम दल सँग चढ़े ॥
हरजरीत राव हम्मीर
बार बहुतैं समुझायव।
सुन महिमा को नाम
रोष करि राव रिसायव ॥
करी युद्ध तिर सुद्ध
शाह दल खंडि बिहंडौं ॥
धरो शीश हरकंठ
सुयश तिहि लोकहिं मंड़ौं ॥
हम्मीर राव इमि उच्चरै
गही टेक छाड़ौं नहीं ॥
तन जाय रहै जिय सोच नहिं
लाज धरम खंडौं नहीं ॥

चौपाई छंद।

कहै साहि सुनु दूत सुबैनं।
कहो राव को पन धम ऐनं ॥
कितोक दल बल सूर समाजं।
कित इक गढ़ सामा धर राजं ॥
रहनी करनो प्रजा प्रतापं।
बानी बिरद दान धन आपं ॥
नीति अनीति ग्राम गढ़ कैसा।
सहर सरोवर बाट जु जैसा ॥

सत्तरि सहस तुरङ्गम जानों।
दोय लक्ख पयदल भरमानों॥
सत्त पंच गजराज अमानों।
होहि कीच मद बहत सुदानों॥
रनथम्भौर ग्वालियर बङ्का।
नरवल औ चित्तौर सु तङ्का॥
रहै जखीरा गढ़के जेता।
अनतिन वस्तु न जानत तेता॥
तुरी सहस इकतीस सु सज्जै।
अरु गजराज असी मद गज्जै।
सूर वीर दस सहस अमानों।
इते राव रणधीर के जानो॥

दोहरा छन्द।

मेटि मसीत जु मकल तँह, कीनै मंदिर देस।
बङ्ग निवाज न होय जँह, अवन कथा हरि बेस॥
नहिं कुरान कलमा नहीं, मुसलमान नहिँ बीर।
चारि वरण आश्रम सुखी, देस हमीर सु धीर॥
अपने अपने धर्म्म में, रहैं सबै नर नारि।
राजनीति पन तेज युत, करैं राव सुख कारि॥
कर काहू कै होय नहिं, दुखी न कोउ दीन।
आश्रम किते नवीन है, ऊँचे मंदिर बीन॥

पद्धरीछंद।

रणथम्भ दुर्ग बहुविधि सुजानि।
तिहिं दरा चारि मग सुगम मानि॥
घाटी सुचारि असी सु और।
इय गय न चलै अति कठिन ठौर॥

सरवर सु पंच जल अगम सोय।
बहु रंग कमल फुल्ले सुजोय॥
चहुँ ओर नीरको नहिन छेह।
परबत अनूप जल भरे एह॥
सो इहै अगम पहुँचै न खग्ग।
गढ़ चढ़ै कवन जँह इक्क मग्ग॥
अरु भरे दोय भंडार अन्न।
दस लक्ख कोठि दस सहस मन्न॥
दस लक्ख सूत सन धरे संचि।
इय दोय लक्ख धरि धातु खंचि।
घृत सहस बीस मन भरे हौद।
दोय लक्ख पैद चहुं गढ़न कौद॥
बिन तौल नोन पर्वत सु तच्छ।
दस सहस अमल आफू समच्छ॥
मृगमद कपूर केसरि सुगन्ध।
भरि रहे भौन सौंधे सुबन्ध॥
नहिं तौल तेल लोहा प्रमान।
वारूद सुद्ध नव लच्छ जान।
अरु पतो जानि सीसो सुसुद्ध।
नवलक्ख धर्यो संचय समुद्ध॥
अरु इतौ राव कै नित्त दान।
पँच तौलि पंच मुहरै सुमानि॥
दस दोय धेनु तरुणी सुबच्छ।
सोवरन्न अङ्ग अङ्गार सुच्छ॥
यह अधिक जानि दीजै सुविप्र।
उग्गन्त सूर दिज्जै सु छिप्र॥
जीमन्त* विप्र सब राजहार।

* Take food.

लंगर सु अनगिनित बटत सार।
बहु अन्ध पंगु अरु बधिर कोय।
सो करै भोज नृप के स जोय॥
दस दोय अन्न मन परै और।
खग सकल चुगैं तहं ठौर ठौर॥
गणनाथ आदि सब लसैं देव।
नृप आप करत करि नमत सेव॥
शिव वसैं नन्दि भैरव समेत।
भव भवा सबै परिकर समेत॥
दृढ़ महा बङ्क गन्नेस गढ़।
बिन मग्ग सकै पच्छी न चढ़॥
बड़ तोष सतरि गढ़ पै अचल्ल।
तब कुटत शोर पर्वत सुहल्ल॥
कुट्टन्त गर्भ सुक्कन्त नीर।
मन ब्रजपात सुक्कत समीर॥
आसा सु नाम रानी सु एक।
पतिव्रत्त धर्म्म देवी सु टेक॥
रणथम्भनाथ सुत इक्क पूर।
चँड तेज मनू अङ्गत्त सूर॥
रतनेस नाम जग है बिख्यात।
चित्तौड़ दुग्ग पालै सु तात॥
संग रहै सुभट थट विकट संग।
को करै तिनहिं तैं रणहिं रंग॥
तप तेज राव वृषभान जेम।
पर दुःख कटन विक्रम सु तेम॥
देखंत रूप मनु कामदेव।
सुद्द काछ बाछ निकलंक भेव॥
अरु खेत जुरै नहिं देत पिट्ठि।

अरि लखत देखि नहिं परत दिट्ठि ॥
बहु बाग चहूँ दिसि सघन हेरि।
गम्भीर गहर उपवन सुभेरि ॥
बहु अम्ब वृक्ष फल झुकत भार।
दाड़िम समूह निम्बू अपार ॥
बहु सेवराज जामुन समूह।
नारङ्ग रंग महवा समूह ॥
खिरनी सकेलि नारेल वृन्द।
खीरा कि चिरंजी मधुर कन्द ॥
कटहल कदम्ब बड़हल अनेक।
महुवा अनेक कदलि विशेक ॥
तँह मोलसिरी सोहैं गंभीर।
माधौ सपेत सोहंत धीर ॥
फुलवारि गुंज अति भ्रमर होत।
प्रफुलित गुलाब चंपा उदोत ॥
कहुँ रही केतकी वृन्द फूलि।
अहि भ्रमर गन्ध सहि रहे फूलि ॥
कहुँ रहे केवरा जुही जाय।
संदुप्प ओर संभो सुआय ॥
आचीन नगरसा औ असोक।
पाटल सच मोलिय बोलि कोक ॥
एला लवङ्ग अङ्गूर बेलि।
माधुज्जलता माधुरी झेलि ॥
तरु ताल तमाल रु ताल और।
ता मध्य कमल अरु कुमुद भोर ॥
चहुँ ओर सघन पर्वत सुगन्ध।
जलजंत्र कुटै उच्चेस बन्ध ॥
पिक मोर हंस चकवा विहंग।

सुक चाक कोकिला रमत संग ॥
चहुं ओर वाग वारी अनूप ।
तिहिं मध्यदुर्ग रणथम्भ भूप ॥

यह दूत के बचन सुन दरबार कियो

कृपमय कुन्द ।

क्या हमीर मगरूर
पलक मैं पाय लगाऊँ ।
खूनो महिमा शाह
उसे गहि दिल्लिय लाऊं ॥
जीति राव हम्मीर
तोरि गढ़ धूरि मिलाऊं ।
इती जो न अब करूं
तौ न पतिसाह कहाऊं ॥
केतेक राज रणथम्भ को
इतो कियो अभिमान तिहिं ।
करि कोपि शाह भेजे जबै
दसों देस फर्मान जिहिं ॥
सुने दूत के बचन
शाह जिय शंका आइय ॥
चढ़ो कोपि बिन समुझि
वहाँ कैसो बन जाइय ॥
हारि जीति रव हाथ
आप सम्मत जग होई ॥
तातैं मंत्री मित्र
मंत्र दृढ़ किज्जिय सोई ॥
यह जानि शाह दीवान किय
खान बहत्तिर इक्क हुव ॥

यह हठ हमीर को सुन्यो तब
रक्खे शेख सरन्न भुव ॥
आम खास उमराव
सबै पतिसाह बुलाये ॥
राजा राना राव
खान सुलतान सु आये ॥
हठ हमीर मुझि करिव
सेख सरनै निज रख्यो ।
दियो दूत को ज्वाब
बचन वहु अनवन भरव्यो ॥
सब तंत मंत जानो सु तुम
देश काल वुधि इष्ट धुव ।
जिहिं जाहु जाहु जस बुद्धि ह्वै
कहा नीति उत्तम सु भुव ॥
कहैं सकल उमराव
ईश तुम सम नहिं कोई ।
तेज प्रताप रु बुद्धि
और दूजो नहिं कोई ॥
फिरि फिरि जो फर्मान,
राव को कहा जु लिक्खिय ।
जो उपजै यहि बार
सोइ प्रभु आपन अक्खिय ॥
चढ़िये शिकार गोदड़ तणी
तऊ सिंह के बांधि सर ॥
फिर लड़ो मरो सन्देह नहिं
तंत मंत याही सु बर ॥
वरहम खाँ उज्जोर
शाह सों ऐसैं भाषै ॥

चहुवानन को बात।
सबै अगली मुख भाषै॥
पहिले हसन हुसेन।
सयद चहुवान सु पेले॥
सात वेर पृथिराज
गहे गवरी गहि मेले॥
बोसल दे अरु पित्थ ए।
जड़ पीर करे अजमेर हनि॥
महरम्म खाँन इमि उच्चरै।
असो बंश चहुवान पन॥
गोदड़ सिंह शिकार।
शाह एको मति जानो।
रणतभंवर दिग्गि भला।
आप मति करो पयानो॥
वहाँ राव हम्मीर।
और रणधीर अमानो॥
अरु सामन्त अनेक।
अधिक तैं अधिक वखानो॥
बहु दुग्ग बङ्क रणथम्भ गढ़।
यह विचारि जिय लिज्जिये॥
तुम अलावदी पीर अति।
आप मुहिम्म न किज्जिये॥

दोहरा छंद।

दुग्ग बङ्क रणथम्भ बड़, तुम अलावदी पीर।
करामाति भय सन गनो, आप और हम्मीर।

कुप्पय छन्द ।

कालबूत का सेख ।
एक हजरति बनवावो ॥
ताहिं मारि तज रोष ।
कहा जिय क्रोध बढ़ावो ॥
लगै प्राण धन दोउ ।
तबै बाजी कोउ पावै ॥
तजै खेत यश जाय ।
बहुरि कछु हाथ न आवै ॥
खूनी शरण हमीर के ।
रह्यो दीन जानै दोऊ ॥
किज्जे मुहिम्म नहिं राव पै ।
यामै तो सुख है सोऊ ॥
मिश्र देश खंधार ।
खरे गज्जिनि दल आये ॥
अरु काबिल खुरसान
कोप पतिशाह बुलाये ॥
रूम श्याम कश्मीर ।
और सुलतान सु सज्जे ॥
हैरां तूरां कटक ।
बलख़ आरब धर गज्जे ॥
सब देश रुहंग फिरंग के ।
झष्पड़ के सज्जे सुबल ॥
अल्लावदीन पतिशाह के ।
चढ़े संग टिड्डी सुदल ॥
चढ़े हिन्द के देश ।
प्रथम सोरठ गिरनारी ॥

Campaign.

दच्छिण पूरब देश।
लये दल बद्दल भारी॥
अरु पहार के भूप।
और पच्छिम के जानो॥
दसों दिशा के बीर।
कहा कोउ नाम बखानो॥
ग्यारा सै अठतीस थे।
चैत्रमास द्वितिया प्रगट॥
चढ़े सुशाह अल्लावदी।
करि हमीर पर कटक भट॥

भुजंगप्रयात छन्द।

चढ़े साहि कोपे सुबज्जे निशानं।
चढ़े मीर गम्भीर सत्थं सुजानं॥
उड़ी रेणु आकाश सुज्झै न भानं।
धरा मेरु डुल्लै सुभुल्लै दिशानं॥
सहै शेष भारं न पारं न पावै।
डगै कोल दिग्गज्ज अग्गे सु ध्यावै।
मनो छांडि बेला समुद्दं उमंडे
किये हैदलं पैदलं रत्थ तंडे॥
चढ़े सत्त लक्खं सु हिंदू सयन्नं।
सबै बीस लक्खं मलेच्छं अयन्नं॥
तहाँ डाक एकं सहस्सं दुपंचं।
चले बेलदारे लखं चारि संचं॥
चले एक लक्खं सु अग्गं सु लोलं।
अलीखान हिम्मत्ति दोउ हरोलं॥
चले बानियाँ संग व्यापार भारी।
सुतो दोय लक्खं गिनै संग सारी॥

चलो लक्ख चारं सुसंगं भिठारी ।
पकावै सुनानं * सबै कामवारी ॥
खरं गोखरं यो चलै दोय लक्खं ।
फिरै चारि लक्खं गसत्ती † सुरक्खं ॥
दुआगीर इक्कं सुलक्खं सु चल्ले ।
सुतो लंगरं सो सदा खान मिल्ले ॥
अरब्बी लखं दोइ चल्ले सुसंगं ।
रहै तोपखाने सदा जंग जंगं ॥
भरे ऊँट बारूद डेरा सु भारी ।
सुतो तीन लक्खं सजो संग सारी ॥
चले सहस पंचं मतंगं सु गज्जं ।
मनो पावसं मेघमाला सु रज्जं ॥
लखै बैरखं सो मनो बिज्ज भारी ।
बरै दान वर्षा मनो भुम्मि कारी ॥
लसै उज्वलं दन्त बग पंक्ति मानो ।
इती साहकी सेन सज्जी सुजानो ।
गरज्जत् निशानं सुसज्जंत भानो ।
मनू पावसं मेघ गज्जै सुमानो ॥
सबै सेन सज्जी चल्यो साहि कोपं ।
सबै पंच चालीस लक्खं सो ओपं ॥
तहाँ तीस हज्जार निस्सान बज्जै ।
सुतौ घोर शोर सुनै मेघ लज्जै ॥
सताईस लक्खं महाबीर बङ्के ।
टेर नाहिं जङ्गं भए ताम हङ्के ॥
परै जोजनं अट्ठ औ दोय फौजं ।
कटे बङ्क बन्नं हटे नाहि रोजं ॥

* Bread

† Runners

चढ़ं उब्बटं बाट थट्टे सु चल्ले ।
मनो सागरं छंडि वेला उगल्ले ॥
जले सुक्कियं नीर नाना सु थानं ।
बहै औघटं घाट टुट्टन्त मानं ॥
कियो कूच कूचं चले मीर धीरं ।
पख्यो जोर हम्मीर के देश तीरं ॥
भजे भुम्मियाँ भुम्मि चल्लं अपारं ।
गये पर्बतं बङ्क मेवास भारं ॥
सबै राव हम्मीर के देश माहीं ।
भये बीर संधीर युद्धं समाहीं ॥
तिही बिच्च नल हारणो इक्क गढ्ढं
लड़े रावके रावतं जोर दढ्ढं ॥
दिना तीन लौं सो कियो युद्ध भारी ।
फते पातसा की भई बैनकारी ॥
चले अग्ग साहं सुसेना हकारी ।
सुनी राव हम्मीर कुप्पे सुभारी ॥
किये रक्त नैनं सु भृकुटो करूरं ।
लख्यो रावतं जोर उट्ठे जरूरं ॥
परी पक्खरं बाजि राजं सुसज्जे ।
बजे नद्द निस्सान आकाश लज्जे ॥
तबै राव हम्मीर को शीश नाये ।
बिना आयुसं साह पै बीर धाये ॥
जुरे आय युद्धं न दीजो बनासं ।
चढ़े लक्ख चालीस औ पांच तासं ॥
इते राव हम्मीर के पञ्चसूरं ।
अभय सिंह पम्मार रट्ठौर भूरं ॥
हरीसिंह बग्घेल कूरम्म भीमं ।
चड्डवान सद्दूल अजमत्त सीमं ॥

त्रिभागै करी सेन बागै उठाई ।
मिले बीर धीरं अमोरं हटाई ॥

दोहरा छन्द ।

पंच सूर हम्मीर के, बीस सहस असवार ।
उत सब दल पतिशाह को, बज्यो परस्पर मार ॥
नदी बनास ज उप्परै, रत्ति बसिय पतिशाह ।
प्रात कुच्च नहिं कर सकै, आय जुटे नरनाह ॥

पद्धरी छन्द ।

चढ़ि चले शाह हरबल सभीर ।
तिंहि जुटे राव कूरम सवीर ॥
वग्घेल हरीसिंह अनिय बन्धि ।
चन्देल पयादे भिरिव सन्धि ॥
बिच गोल शाह को जितो शुद्ध ।
त्रिन शूर राव के करि न युद्ध ॥
यह भाँति पंच रावत अभंग ।
पतिशाह सेन सों जुटे जंग ॥
कम्मान अवनि लगि करिक सीस ।
मनु प्रगट पत्थ भारत्थ सीस ॥
सर बरसत पावस मनों नीर ।
बहु बेधि कवच धर परत धीर ॥
लगि सेल अंग नहिं पार होत ।
ससि कोरि घटा मैं करि उदोत ॥
किरवान बहै करि करिव क्रोध ।
धर परत सीस धर पुठत जोध ॥
लगि होत कटारिय अंग पार ।
प्रासाद उच्च के खुले द्वार ॥

बहु खंजर पंजर करत पार।
ऊंची जु उठी सुनो रुहिर धार॥
मनु पर्वत ते गेरू पनार।
बहि चली अंग ते सोनधार॥
बहु घायल घुम्मत बहुत घाव।
मनु केसिव किंसुक तरु सुहाव॥
चल परी शाह दल में अपार।
हाहंत सद्द भो दल मझार॥

दोहरा छन्द।

भगिय सेन पतिशाह की, लुटी जु रिद्धि अपार।
तब महरमखाँ शाह सों, अर्ज करी तिहिं वार॥
हजरति देश हमीर को, निपट अटपटो जानि।
भिल्ल कोल तस्कर सबै, और किरात सुमानि॥
सजग रहौ निशि द्योस सब, गाफिल रहौ न सूर।
हनिय सेन सब अप्पनिय, तीस हज़ार सपूर॥
घायल को लेखो नहीं, हथ्थिय परे सु बीस।
परे बाजि सब द्योढ़ सत, सुनि जिय अचरजि दीस॥
परे राव के वीर दस, घायल पंच पचीस।
अभयसिंह पम्मार कै, भयो घाव दस सीस॥
जाय जुहारे राव कों, कही चमू की बात।
तब हमीर सब तें कहीं, बाहर लरो न तात॥

कुप्पय छन्द

तब सु शाह करि कुच्च
चले रणथंभहि आये।
सकल सु संकित हियें
भीर उमराव सुभाये।

जल थल पाधरि सैन
ऐन चहुँ ओर सु दिक्खिव ।
चढ़ि अगार एक उच्च,
राव बहु भांतिन लक्खिव ॥
चहुवान राव हड़ हड़ हस्यो
हेरि सेन इमि उच्चस्यो ।
पतशाह किधौं सोदाजुगर
मानो एक टांडो पस्यो ॥

दोहरा छन्द ।

फिर पतिशाह हमीर को, लिखि पठये फरमान ।
अजहुँ हिंदू समुझि तुव, मिलि तजि सब अभिमान ॥

छप्पय छन्द ।

मैं मक्के को पीर
दिल्ली पतिशाह कहाऊँ ।
हिंदू तुरक दुराह
सबै इक सार चलाऊँ ॥
बीर चारि अरु पीर
रहै मुझ पर चौरासी ।
महिमा साहि न रक्खि
राव मति करै जु हाँसी ।
तुम समुझि सोच जिय अप्पनै
कहा तोहि फल जपजे ॥
परचंड लाभ उट्ठै जु सिर
इक सेख को नहिं तजे ॥
फिर हमीर फरमान
साहि को उलटि पठायो ।

हजरति छत्रिय धर्म्म
सुन्यो नहिं श्रवनन गायो ॥
तुम मक्के के पीर
सूर सुरलोक कहाऊँ ।
तुम सरभर नहिं हसम
साहि पल मैं जु नसाऊँ ॥
नहिं तजौं टेक छंडू न पन
यह विचार निश्चै धस्यो ।
छिन भंग अंग लालच कहा
सुयश खोय जीवन कस्यो ॥

दोहरा छन्द ।

जैत छाँड़ि जोगी कहा, सत छंडै रजपूत ।
सेख न सोंपौं साह को, जब लगि सिर सावूत ॥

छप्पय छंद ।

हजरति नईं न करूँ
करूं जैसी चलि आई ।
मुसल्मान चहुवान
सदा तैसी बनि आई ॥
ख्वाजैं मीरां पीर
खेत अजमेरि खिसाये ॥
असी सहस इक लक्ख
बहुरि मक्का न दिखाये ॥
बीसल दे अजमेरगढ़
सोनगरा साको कियव ॥
नन बरिय सुन्दरी कंवरि सो
शाह बहुत लालच दियव ॥

पृथोराज बर सात
साह गवरी गहि छंड्यो ॥
कर चूरी पहिराय
दण्ड करि ककुव न मंड्यो ॥
ता पिच्छे गढ़ दिलो
साह गौरो चढ़ि आयव ॥
रेणु कुमार अपार
युद्ध करि सुर पुर धायव ॥
चहुवान वंश अवतंस जो
खग्ग त्यागि नाहिं न मुखो ।
छंडूं न टेक यह विरद मम
सेख रक्खि जंगहि कखो ॥
तजै सेस जो भुम्मि
मेरु चल्लै धर उप्पर ।
उलटि गंग बह नीर
सूर उग्गै पच्छिम भर ॥
ध्रुव चल्लै आकाश
समद मर्जाद सु छंडै ।
सती संग पति कढ़ै
बहुरि घर आय सुमंडै ॥
थिर रह्यो न यह संसार कोइ
सुनो साहि साखी सुधुव ।
दसकन्ध धरणि अज्जुन जिसा
खपन्हि सम दिक्खंत भुव ॥

दोहराछन्द ।

कलिमें अमर जु कोइ नहीं, इसम देखि नहिं भूल ।
तुमसे किते अलावदी, यह धरती पर धूल ॥

अपनेको सूर न गिनै, कायर गिनै न और।
अपनी कीरति आप मुख, यह कहबो नहिं जोर॥
लिखे लेख करतार के, हजरति मेट न कोइ।
को जानै रणथम्भगढ़, अब यह कैसो होइ॥

चौपाई छन्द।

लिखे हमीर शाह सब बंचे।
करि मन कोप जंग कों नंचे॥
तीन सहस नीसान जु बज्जे।
धर अम्बर मग सोर सुगज्जे॥
रणतभँवर चहुँ ओर सुघेरिव।
दलन समात पुहमि सब हेरिव॥
किन्न निरोध क्रोधकरि बुल्लिव।
देखो कुबुधि हमीर सु भुल्लिव॥
जब हमीर हरमंदिर आये।
बहुबिधि पूजि सुबचन सुनाये॥
धूप दीप आरती उतारी।
शंकर की अस्तुति उच्चारी॥

नाराच छन्द।

नमामि ईश शङ्करम्।
जटी पिनाकयं हरं॥
शिवं त्रिशूलपाणियं।
विभुं प्रभुं सुजानियं॥
त्रिनैन अग्गिभालयं।
गलै सु मुण्डमालयं॥
भवानि वामभागयं।
ललाट चन्द्र लागयं॥

धरै सु सोस गंगयं ।
कपूरगौरअङ्गयं ॥
भुवंग संग फुंकरै ।
सुनोल कंठ हुंकरैं ॥
गणं गणेश साब्बुयं ।
कि बीरभद्र जाब्बुयं ॥
प्रसोद नाथ वेगयं ।
करो कृपा सु मे जयं ॥
सहाय नाथ किज्जिये ।
अभय सुदान दिज्जिये ॥
अलावदीन आइयं ।
मलेच्छ संग ल्याइयं ॥
सुलक्ख बीस सातयं ।
चढ़े सु कुप्पि गातयं ॥
प्रताप तेज आपके ।
मिटे कुकर्म्म पापके ॥
सरन्न शेख आइयं ।
करो सहाय पा पयं ॥
उमासुनाथ नाथयं ।
गहो सु मोर हाथयं ॥
कुटंत लाज गड्डयं ।
सरन्न पन्न द्रड्डयं ॥

दोहराछंद ।

शिव स्वरूप उरधारि कैं, मूंदि नयन धरि ध्यान ।
यह अस्तुति नृप की सुनी, भय प्रसन्न वरदान ॥
कहै शंभु हम्मीर सुन, कीरति जुग जुग तोर ।
चौदह बर्ष जु साहि सों, लरत बिघ्न नहिं और ॥

बारै अरु है बरस परि, सुदि असाढ़ सुनि सोइ।
एकादसी जु पुथ्वकौ, साकौ पूरण होइ॥

यह साको अरु जस अमर फबै तोहि कलि माँहि।
छत्री को जुग जुग धरम यह समान कछु नांहि॥
हरष सहित हम्मीर तब ईस चरण दिय सीस।
तब मंदिर तें निकसि के करी जुद्ध को रीस॥
संकर कह्यो हमीर सों सुनहु राव धुव साखि।
सहस सूर तेरे जहां, परैं मलेछ सुलाख॥

चौपाई छन्द।

राव हमीर दिवान कराये।
मन्त्री मित्र बन्धु सब आये॥
सूरबीर रावत भट बंके।
स्वामि धर्म्म तन मन तिन हंके।
काछ बाछ दृढ़ बज्र सरीरं।
माया मोह न लोभ अधीरं॥
अमृत बचन सबन तैं भक्खै।
जाचत आपुन प्रान न रक्खै॥
नाना बिरद बन्दि बिरदावै।
लक्ख लक्ख के पटा जु पावै॥
का को बीर राव रणधीरह।
करौ जुहारि राव हमीरह॥
आयसु होय करौं मैं सोई।
देखो राव हाथ मम जोई॥
काकै कान्ह करी जस आगै।
कनवज कमध्वज सो रंग पागै॥
कहै हमीर धीर सुनि बानी।
तुम जु कही सो मोहिं न छानी॥

अब गढ़ कोट हसम पुर जेते।
तुम रच्छक हम जानत तेते॥

दोहरा-छन्द।

मैं पहिले पतिशाह सों, करी बात अब टेक।
सो अब चौरै साहि सो, करौ जंग अब एक॥

त्रोटक छन्द।

चढ़िये करि कोप हमीर मनं।
करि दिढ़ढ सगढ़ढ सम्हारि पनं॥
बहु तोप सु सिद्धि सवाँरि धरी।
बुरजैं बुरजैं धर धूमि परी॥
बहु कंगुर कंगुर बीर अरे।
सब हारन हारन धीर परे॥
सब ठौरन ठौरन राखि भरं।
चढ़िये गज पै चहुवान नरं॥
बहु बीर हमीर सु संग चढ़े।
गजराजन उप्पर इन्द बढ़े॥
करि डम्बर अम्बर सीस लगे।
मनु सोवत धीर सबीर जगे॥
बहु चंचल बाजि करत्त खुरी।
तिन उप्पर पष्पर सोंज परी॥
नर जान जवान लसैं दल मैं।
रन मैं उनमत्त लसैं बल मैं॥
बहु दुन्दुभि बज्जत घोर घनं।
निकसे तब राव करत्त रनं॥
बहु बारन बारन बीर कढ़े।
गज बाजि सु सिंदन जान चढ़े॥

लखि शाह सनम्मुख कोप कियं ।
रणथम्भ चहूँ दिसि घेरि लियं ॥
मिलि राव हमीर सु साहि दलं ।
बिफरे बर बीर करंत हलं ॥
सर कुट्टत फुट्टत पार गजं ।
सुमनो अहि पच्छय मध्य रजं ॥
तरबारि बहै कर पानि बलं ।
धर मध्य धरैं धर हक्क खलं ॥
मुख अग्ग बढ़ै रणधीर लरैं ।
तिन सों पतिशाह के बीर अरैं ॥
अजमन्त महुम्मद इक्क अली ।
तिन संग असी सु सहस्स चली ॥
तिहिं इन्द अमन्द बिलन्द कियो ।
रणधीर महारण झेलि लियो ॥
करि कोप तबै रणधीर मनं ।
बन बैन कहै पन धारि धनं ॥
महिमंद अली मुख आय जुर्‌यो ।
दुहुँ बीर तहाँ तब युद्ध कर्‌यो ॥
अजमन्त कमान लई कर मैं ।
रणधीर कै तीर कढ्यो उर मैं ॥
रणधीर सु कोपि कै साँगि लई ।
अजमन्त कै फूटि कै पार गई ॥
परियो अजमन्त सुखेत जबै ।
महमन्द अली फिरि आय तबै ॥
रणधीर सु कोपि के बैन कहै ।
कर देखि अबै मति भुलि रहै ॥
किरवान सु धीर के अंग दई ।
कटि टोप कछ सिर मांझ भई ॥

तब कोप कियो रण धीर मनं।
किरवान दई महमंद तनं॥
परियो महमन्द अमंद बली।
तब शाह कि सैन सबै जु हली॥
लुथि लुथ्थि परै बहु बीर अरै।
बहु खंजर पंजर पार करै॥
धर सीस परै करि रोस मनं।
कर पाँव कटै बहु कीन पनं॥
यहि भाँति भिरे चहुवान बली।
मुरि साह की सैनि सुभग्गि चली॥
बल खीजु परे जु हजार असी।
लखि कालिय अट्ट सु हास हँसी॥
चहुँवान परे इक जो सहसं।
सुरलोक सबै बर बीर बसं॥

दोहरा छन्द।

असी सहस बलखी परै, महमद अजमात खान।
नहाँ राव रणधीर के, परे सहस इक ज्वान॥
भजी फौज सब शाह की, परे मीर दोउ बीर।
करै याद पतिशाह तब, गज्जनिगढ़ के पीर॥

चौपाई छन्द।

भज्जिय फौज शाह की जबहीं।
फिरो फिरो बानी कह सबही॥
तहां शाह करि कोप जु बुल्लिव।
समर भुम्मि अब छाँड़ि सु चल्लिव॥
सरबस खाय भोग करि नाना।
अबै परम प्रिय लागत प्राना॥

समर बिमुख ते जानब सोई।
हनूँ आप कर तजौं न सोई॥
सुने शाह के कोपि सु बैनं।
फिरी सैन इक मत्त सुऐनं॥
बखतर पक्खर टोप सुसज्जिय।
जुरे जंग बहु मीर सु गज्जिय॥

दोहरा छन्द।

बादित खाँ पतिस्याह सो, करी सलाम सु आय।
हजरत देखो हाथ मम, कैसो करूँ बनाय॥

पद्धरी छन्द।

करि कोप बदित खाँ जुरे जंग।
मनो परलै पावक उठै अंग।
गुंजत निशान फहरात धुज्ज।
जुटि जिरह टोप तन नैन सज्ज॥
किये हुक्म शाह तन मैं रिसाइ।
किन्हौ सु जंग फिर बीर आइ॥
छूटंत तोप मनु बज्रपात।
जल सुक्कि धरा छुटि गर्भ जात॥
बहु बान चलत दोउ ओर घोर।
अररात अमित मच्यो सु सोर॥
भये अन्ध धुन्ध सुझै न हत्थ।
बर चह्लंवान तहँ करि अकत्थ॥
रणधीर उते बादित्तखान।
बजरंग अंग जुट्टे सु पान॥
हज्जार बीस बादित्त साथ।
सब जुरे आय रणधीर हाथ॥

बज्जन्त सार गज्जन्त अब्भ ।
रणधीर सत्थ आयेस सब्भ ॥
करि क्रोध जोध बाहंत सार ।
टूटंत अंग फूटंत पार ॥
करि खेल सेल दोउ ओर बीर ।
बाहन्त बीर किरवान धीर ॥
हज्जार बीस बद्दित्त साह ।
धर परे बीर करि अकथ गाह ॥
रणधीर मीर दोउ भिरे आइ ।
बादित्त गाहि तब रोष बाइ ॥
लग्गी सुढाल भू टटि ताम ।
फिर दई सीस किरवान जाम ॥
लग्गी सुसीस धर पर्‌यो जाय ।
दुइ टुक्क होय भुमि अद्ध काय ॥

दोहरा छन्द ।

भयो शोच जिय साह कै जित्तिय जंग हमीर ।
बादित खाँ से रन परे बीस हजार सुबीर ॥
महरम खाँ कर जोरि के करै अर्ज तिहिं बार ।
लै कर शेख हमीर अब किमि मिल्यो यहि बार ॥
गही तेग तुम सों अबै हठ नहिं तजै हमीर ।
सेख देय मिलै नहीं पन सचों बर बीर ॥

कल्पय छंद ।

करि कुरान गहि शाह,
सीस साहिब को नायो ।
गढ़ दिस दल चहुँओर,
घेरि रज अंबर छायो ॥

देखि अलावदि शाह,
कहै दल बहल भारो।
अब हमीर को अदलि *
आय पहुँचो ह सु सारो।
महरम्म खान इम उच्चरै,
अदलि हाथ साहिब तनै।
का होनहार ह्वै है अबै,
को जाने कैसो बनै॥

दोहरा छन्द।

हजरति अपने इष्ट पर, पावक जरत पतंग।
यह हमीर कबहुँ न तजै, सेख टेक रणथंभ॥
साह दसौं दिसि जित्ति कै, अब आये रणथंभ।
कहै राव रणधीर सों, जुरो सूर रण रंग॥
अप्पन धर्म्म न छंड़िये, कहै बात रणधीर।
निसि बासर अब शाह सों, किज्जिय जंग हमीर॥

कुप्पय छन्द।

को कायर को सूर,
द्यौस बिन दृष्टि न आवै।
बिन सूरज को साखि,
सार छत्री न समावै॥
बीर गिद्ध अरु संभु
सकल फलहारी जेते।
धर पर धरैं न पांव
रैन मैं दिनचर जेते॥

* Death.

इम कहै राव रणधीर सों
मैं अधर्म्म नाहिन कहूँ।
अब अलावदी साह सों,
रैन सार कबहुँ न गहूँ॥

दोहरा छन्द।

घाटी घाटी साहके, माटी मिलत अमीर।
राव जंग दिन मैं करैं, राति लड़ै रनधीर॥
तारागढ़ के पीर को, करै याद पतसाह।
रणतभंवर की फते दे, कदमूँ आज चाह॥

छप्पय

जब ही मीरा सयद,
शाह की मदद पठाये।
सिर उतार करि लिये,
राव परि सम्मुख धाये॥
जब हमीर की भीर,
चारि सुर सुड सु आये।
.....
गणनाथ शंभु दिनकर अबर,
क्षेत्रपाल मन रञ्जिये।
रणथम्भ खेत दुहुँ ओर सों,
बीर पीर दुव सञ्जिये॥

छन्द भुजंग प्रयात।

लरै नौ सयदं रणत्थंभदेवा।
करै क्रोध भारी पिलै हर्ष भेवा॥
गरज्जंत घोरंत आतंक भारी।
घनै घोर बर्षंत वर्षा करारी॥

कभू हल्लवै भुम्मि गज्जंत बीरं ।
कभू घोर अन्धार बर्षंत तीरं ॥
गणनाथ हथ्थं लिये तिच्च पर्सी ।
पिनाकी पिनाकं किये आप दर्सी ॥
धरै मुद्गरं हत्थ भैरौ अमानो ।
इसे देव जुट्टै सुकट्टै अमानो ॥
इतैं पीर हजरत्त कैं सत्थ पिल्ले ।
अबद्दल्ल एकं हुसैनं सुमिल्ले ॥
रद्दीमं सयद्दं सुलत्तान जक्की ।
अहम्मंद कानो रसूलं सुमक्की ॥
इतैं बीर जुट्टै सुकट्टै पुरानं ।
भयो युद्ध भारी सु भूले कुरानं ॥
परै खेत नौ सैद दट्ठे धरन्नी ।
हसे शंकरं भैरवं की करन्नी ॥
परै पीर यूँ नौरसूलं सु अल्ली ।
पर्‌यौ पीर दूजो कुतव्वं सुचल्ली ॥
पर्‌यो जो हुसैनं कह्यो युद्ध भारी ।
परै देरि हिम्मत्त अल्ली सुधारी ॥
सयद्दं सुलत्तान आयो जु मक्का ।
अदल्ली परै और तुक्की सुबंका ॥
पर्‌यो दूसरो जो रसूलं सु खेतं ।
तबै बादस्याह भयो सो अचेतं ॥
परै मीर नौ सैद जानंत साहं ।
लरै अट्ठ बीरं हटे बैन काहं ॥
अजंमत्त भारी हमीरं सुजानी ।
तबै कुच्च किन्नो दरै छांडि कानी ॥
उलट्टे परै जोंय किन्नो दिवानं ।
जुरे खान जैते सुतैते अमानं ॥

वजीरं अमीरं सवै खान बुल्ले।
सवै बात मन्त्रं सुमन्त्री सुखुल्ले॥

दोहरा छन्द।

महरम खां उज्जोर तब, अरज करी सब खोलि।
लख बलखी उमराव तो, सदकै भयो हरोल॥
अरु बकसी के बचन सुनि, शाह कियो अति शोच।
निबही राव हमीर की, गिनो हमैं सब पोच॥
महिमा शाह हमीर गढ़, ये तीनों साबूत।
बाजी रही हमीर की, मैं कायर जु कपूत॥

कुप्पय छन्द।

महरम खां कर जोरि,
शाहकों ऐसै भाख्यो।
इक हिक्मत तुम करो,
नोक जानो तो राख्यो॥
महल छांड़ि करि फते,
बहुरि गढ़ सों जुध किज्जिय।
तोरि छांड़ि रणधीर,
मारि कै पकरि सु लिज्जिय॥
आतंक संक गढ़ मैं परै,
मिलै राव हठ छंड़ि कै।
गहि सेख देय मिलि सुत्तिवै,
करौं कुच्च जब उलटि कैं॥

चौपाई छन्द।

कहै शाह महरम खां सुनियौ।
यह मत खूब किया तुम गुनियौ॥

छाँड़ि दरा को प्रथम दिलीजे।
चन्द रोज मँह फतह जु कीजे॥

दोहरा छन्द।

महरम खाँ पतसाह को, हुकुम पाय तिहिंबार।
सकल सेन तजवीज करि, घेरो छाँड़ि हकारि॥

बियक्खरी छन्द

कोप पतिसाह गढ़ छांड़ि लग्गे।
सहस सब तीन नीसान बग्गे॥
सहस दस सात आरब्ब छुट्टे।
गरज गिरि मेरु पाषाण फुट्टे॥
उठत गुब्बार महितोप लग्गे।
गये बन छंड़ि मृगसिंह भग्गे॥
लक्ख पच्चीस दल ओर फेर्‌यो।
यह भांति पतिशाह गढ़ छांड़ि घेर्‌यो॥
कहै पतिशाह नहिं बिलम किज्जै।
चंद दिन बीचि गढ़ छाँड़ि लिज्जै॥
कहै रणधीर मन धीर धरिये।
आय चहुवान सफ जंग करिये॥
निस्सान सों सह सुन्दर सुबज्जै।
राव रणधीर आयुद्ध सज्जै॥
बीर रस राग सिंधूर बज्जै।
सहस इकतीस दल संग लिज्जै॥
सहस दस सूर कुल तेग खेलैं।
अप्प जिय रष्षि परमाल पिल्लैं॥
यहि भाँति रणधीर चौगान आये।
उड़ि जमीं गर्द असमान छाये॥

अबदल्ल कारिम्म पतिशाह पिल्ले।
मीर रणधीर चौगान खिल्ले ॥
वहै वान किरबान औ चक्क चल्लैं।
रणधीर कह सूर तुम होहु भल्लै ॥
साह सों सूर सन्मुक्ख जुरिये।
हबस के मीर दस सहस परिये ॥
दुट्टि सिर मीर धर पहुंमि लक्खे।
पञ्चसत सूर उड़ि गिद्धि भष्षे ॥
राव रणधीर अप्पन सिधारे।
अब्दुल करम खान पूहमि पारे ॥
साहि रणधीर सफजंग जुरिये।
साह दल उलटि दो कोस परिये ॥
कहै रणधीर नहिं बिलंम किज्जे।
बीति चंदरोज गढ़ छाड़ि लिज्जे ॥
गढ़ कोट ह्व भांति नहिं हत्थ आवे।
यूँ ही पतिसाह दल क्यों खिसावे ॥

दोहरा छन्द।

बर्ष पंचगढ़ छाड़ि को, नहिं संबत पतिशाह।
द्वादस बरष रणथंभसो, निधरक लरि अब साह ॥

9—SUDAN.

Sudan seems to have been one of the greatest poets of *vir* (Heroic) *rasa*, yet little is konwn about him beyond the fact that he was a native of Muttra and that his father's name was Basant. He was the court poet of the famous Suraj Mal of Bharatpur whose exploits he has described in his Sujan Charitra. Pandit Maya Shankar, Controller of Accounts Bharatpur State, writes about him as follows :—'Unfortunately nothing is now known about this poet except that his descendants are living in Muttra and they get Rs. 25 per month from this State. There are only two widows and two young boys in the family. They know nothing about the poet or his works. I found not even one chit there.' Pandit Maya Shanker has also very kindly sent to me a copy of Sujan Charitra from the State Library, and the accompanying extract is taken from this book. The Sujan Charitra describes seven *jangs* or battles fought by Suraj Mal, ranging from Sambat 1802 to 1810. The extract is called *saptam* or the seventh *jang*, as both in the Bharatpur copy and the Nagari Pracharini Sabha edition it is so called, though it is really the sixth. It begins with a description of the history of Delhi from the earliest times till we come to Ahmed Shah, the contemporary of Suraj Mal. Ahmed Shah's Minister, Mansur, and his Bakhshi Ghazi Uddin Khan quarrelled. The Bakhshi triumphed and Mansur was compelled to leave Delhi. He applied to Suraj Mal for help. Suraj Mal however replied that the Delhi Emperor was his suzerain and the only way to attack Delhi would be to set up a rival claimant to the throne. Mansur agreed, and a grandson of Kambakhsh was proclaimed Emperor under the name of Akbar. Suraj Mal then

सबै जवाहर सिंह दे भट सूरज भेजे ।
सेल सांग बंदूक सर हत्थों धरि तेजे ॥
हम्भौ सुभट चढ़ाइया सूरज बिन डंका ।
घरी चारि पीछू चल्यो आपुन अनसंका ॥
देखि गढ़ी मैदान दी बैरी दल दिट्ठा ।
जंग बिचारन लग्गिए चढ़ि बाजिन पिट्ठा ॥
तिस बेलां सूरज वली करिकैं धकपेला ।
उत्थौंहो बहु सूरलै हूंवा भट मेला ॥२०॥

दोहा

निरषि रुहेले की चमू ओसुजान किय क्रुद्ध ।
दुष्ट दिष्ट आए भलैं कह्यौ चाहि चित जुद्ध ॥२१॥
देव देव हरिदेव को जाइ दुहाई लच्छ ।
जो विपच्छ नहिं तच्छ है गच्छत सच्छत अच्छ ॥२२॥

छन्द त्रिभंगी

सुनि सूरजबानी रिस लपटानी
धरनि सिहानी भूख भरी ।
पलके आहारी ललके भारी
अम्बरचारी भीर करी ।
गिरि धरिजटी के जुद्ध जुटीके,
मद्द कुटी के रौर परी ।

मारू सुर लीना आवज वीना
नृत्यहि कीना तेह घरी ॥२३॥

दोहा

तेह घरी अस करकरो सूरज परगन चाहि।
कही सूरसेनाधिपति सत्रु न जीवत जाहिं ॥२४॥

छन्द महाभुजंगप्रयात

जहीं सूर के सूर लै सेल सांगैं
चह्नं ओर तैं घोर यौं सोर साजा।
सतौं संधि कैं तीर कोदंड तानै
सहस्रौं सिरोही लिये हंकि बाजा।
किते तेग तेगा जुनब्बीनुवारे
भुसंडीनु कौं छांडि कैं फेरि गाजा।
धरो लेहुरे लेहुरे लेहु छायो
कह्नं देहुरे देहुरे देहु बाजा ॥२५॥
घलामिल्ल कै कै चला सेल सांगै,
टला मिल दोनौ नला बीच भाजा।
अलाकै हँकारे रुहेला सँभारे
झला बोल सारे डला औन ताजा॥
तरातर तरातर यहै सद्द सुन्यौ
धराधर धराधर परे स्वामि काजा।
झमाझम् झमाझम् बजैं सार धारा
लखैं युद्ध कौं देवता दैत्य लाजा ॥२६॥

वृद्धि नाराच छन्द

जुटे रुहेल जट्टहीं, न कोइ बीर हट्टहीं।
सु एक एक डट्टहीं, झपट्टहीं लपट्टहीं॥

अनेक खग्ग बाहहीं, कितेक मार छांहही।
किते परे कराहहीं, हकार सों रपट्टहीं॥
कहूं क हत्थ हत्थहीं भरैं कहूं कवत्थहीं।
परे सु लत्थ पत्थहीं सपट्टि कै चपट्टहीं॥
उताल चाल हालसों धवंत कोहब्बाल सौं।
गहैं ढवाल ढाल सौं अरीनु कौं कपट्टहीं॥२७॥
धमंकि धिंग धावहीं तमंकि तेग आवहीं
झमंकि कै चलावहीं बुलावहीं बलक्कि कैं।
कटंत कंठ कुंडला छुटंत बाहु डुंडला।
फटंत पेट कुंडला दुलावहीं ढलक्कि कैं॥
लरैं कहूं छुरा छुरी परैं कबंध रातुरी।
कितेक टूटि जाबुरी हुलावहीं हलक्कि कैं॥
भलक्कि भालभालहीं झलक्कि झालझालहीं।
रलक्कि घावघालहीं, घुलावहीं घलक्कि कैं॥१८॥

छन्द नीसानी

उत्थौं ठाकुरदासभी सैंगर समुहाया।
हत्थौं सक्ति संभालिया वैरी बहु पाया॥
फैंकि सांग रूहेल दे उर अंदर घत्ती।
देखो दूजैं आँवदी झारी कर कत्ती॥
जिसी हत्थ सैं सैंहथी छुट्टी टग डट्टी।
तिसी हत्थ दै उप्परां रूहेले सट्टी॥
करकट्टा जिस डुंड सैं सैंगर यौं सोहा।
मनौ दंड लैं कालभी रनमंडल कोहा॥
मार करी उस सत्थ यौं मत्थी पर सैंना।
हुवा तत्थ समसेरदा लैंना कै दैना॥
स्यामसिंह गहि सेलनू धसि जंगअखारे।
तन घत्ते रत्ते अरीफर मंडल पारे॥

इक घाव तिस जंघ में रूहेलों कीता ।
तौ भी बीर न हटिया अग्गौं पग दीता ॥
हरिनारायन तिस घड़ी बाजी करि तत्ता ।
धसा कुरंगी जूह मैं पंचानन मत्ता ॥
किते रूहेले तिन किए कत्तौं सौं लत्ता ।
घनै मुंड फर पाड़िये धर पर फरकत्ता ॥
हम्भौं बीरौं दी चली जहँ सांग सिरोही ।
मारि रूहेलों दी अनी कित्ती रंग लोही ॥
हिक्क हिक्क दे हीय नूँ सरसांगौं फोड़ा ।
हिक्क सीस भुज पाइ भी तरवारौं तोड़ा ॥
कोइ कर्न बिह्नियां नासा बिन कोई ।
भौंह फटे कोई पड़े स्वासा बिनु होई ॥
कोई खग्ग फिराँवदे ह्वे रन रूते ।
कोई प्रान गंवाइयां सुखसेजौं सूते ॥
कहीं अंत कुट्टे पड़े कहिं दंत उघाड़े ।
कह्न बिना ह्न मूंड ले सोने गहि फाड़े ॥
मारु मारु मुख अक्खदे दे दे हक्कारे ।
सेख रूहेले भागिये कुट्टा कक्कारे ॥
गिरते पड़ते घत्तिये करिकत्ते कत्ते ।
सूरज सूर पुकार दे सूरज दो फत्ते ॥१८॥

दोहा अमृत धुनि

कढ़ि कढ़ि अति श्रोनित उमगि गढ़ि गढ़ि अरिनु उदंड ।
चढ़ि धाइय वदनेससुत खग्गग्गहि रन मंड ॥
खग्गग्गहि रन मंड समर उद्दंडद्दलनी ।
खंडक्करि नित खंडत खलनि बिमुंडद्धरनी ॥
झुंडकटिय समुंड फ्फटिय चमुंडज्जय रढि ।
तंडव करत उमंडत धरनि वितुंडक्कढ़ि कढ़ि ॥२०॥

कवित्त

हेला देत आये वगमेला ज्यों रुहेला बीर
मैदान गढ़ी के तीर सुभट महारथी।
तेई काटि डारे रुंड मुंड झुंड ढारे दे
चमुंडनु अहारे भी प्रसंग जुद्ध सारथी।
रुधिरके थारे परे बीच असरारे पारे
रविजामिलाप को सुरेस भयो सारथी।
सूदन सुजान सिंह विक्रमनिधानमहि
जान बानगंगा कों करी क्रवानभारथी ॥३१॥

छन्द मालिनी

सुभट सिमटि आए, सूरके पास धाए।
हरषनु हिय छाए, जंग को जैति पाए।
धन धन रव लाए, कंठसों लै लगाए।
समर श्रम मिटाए मान सनमान पाए ॥३२॥

हरगीत छन्द

भूपाल पालक भूमिपति बदनेसनंद सुजान हैं।
जानै दिल्ली दल दक्खिनी कीने महाकलकान है॥
ताको चरित्रकछूक सूदन कह्यो छंद बनाइकैं।
रनमैं गढ़ी मैदान पाइय अंक चौथें आइकैं ॥३३॥

इति चतुर्थ अङ्क ॥४॥

छन्द सादरा

दिन बीत दस बीस, पुनि धारि मन रोस।
सजि सैंन भय दैंन, चढ़ि नंदब्रजईस॥
लिय साहि तुकलान, गढ़ भूमि बलवान।
जहं कालिकाथान रन देखि मरदान॥१॥

छन्द निसिपालिका

सूरदल देखि उत साहि बल सज्जियौ।
बाज गजराज सजि तूर बहु बज्जियौ॥
केत फहरान गहरान घन दुंदुभी।
सस्त्र खहरान ठहरान चक्र चुंधुभी॥
बान किरवान तनतान धरि कड्ढिये।
जान भरि सान मरदान बहु बड्ढिये॥
होइ असवार तिहिं बार इक ओर तैं।
गोल करि गोल बहु मोल हय सोरतैं॥३॥

छन्द रुचिरा

साहिअनीक बिलोकि बदन
सुत चरहिं बुलाइ कह्यौ तबही।
है इन मैं को को सेनापति
दूत दुहूँ कर जोरि कही॥३॥

छन्द पावकुलक

ए जहँ स्याम निसाननुवारे।
ते पठान ठाढ़े रन रारे॥
है जित धुजा नील सित चंडी।
सो रुहेल की सैंन घुमंडी।

जहां भगोंहीं उड़ै पताका ।
तहां दक्खिनी जंग चलाका ॥
लाल सेत जहां ए धुज ठाढ़ी ।
यहै सैन बकसी की बाढ़ी ॥
जहां सेल सांगैं बहु भाले ।
सो अंबरी रिसालेवाले ॥
जिनके बाज करत बहु छंदा ।
जे बालासाही मतिमंदा ।
तिनके निकट गरूर सिपाही ।
वे जानौ सब आलासाही ॥
लिए चारु बाजी बलपूरे ।
नीमवास ए हैं रन रूरे ॥
जो यह गोल अग्ग बढ़ि ठाढ़ो ।
सो सिरदार बदकसी गाढ़ो ॥
जो यह चम्मू फिरति है दौरी ।
सो सवार पाइक पैसौरी ॥
जहां सद्द ढक्का धर धरबी ।
ब्रजपतिनंद जानिए अरबी ॥
जो भुव स्याम घटा रही दबसी ।
ठाढ़े तहां सुभट रन हबसी ॥
जहां भुसंडिनु की भर भारी ।
ते इतबारी निपट हजारी ॥
हैं जहँ लाल लाल खलकारे ।
नादिरशाही टोपीवारे ॥
आस पास इनके भयदानी ।
रच्यो तोपखानो समसानी ॥
सब की पुट्ठि छाड़ दल चंडी ।
दै रन दाखिल है बलबंडी ॥

नाम गाजदीखां बलबंडो ।
विक्रमबलित बुद्धिपरचंडो ॥
श्री सुजान सुनि कै चरवानी ।
जुद्ध बुद्धि निहचै मन ठानी ॥
अपने सेनापती बुलाये ।
जंग हेत आगैं रुपवाए ॥
जोजन अर्ध अर्ज पर सैंना ।
निरखि सूर बल थप्पि सचैंना ॥४॥

छन्द मुक्तादाम

करे इक ओर बलू बलिराम ।
रुपाइय बीर दुहूं भुजबाम ॥
हरीबल वैरि चमूपति तत्थ ।
थप्यो तिनके तट ही समरत्थ ॥
रुप्यौं तिहि पुब्ब लियैं बलघोर ।
चमूपति है हरि नागर जोर ॥
थप्यो भुज दच्छिन ओर सुनाम ।
सुकूरम सिंह प्रताप उदाम ॥
जुहौं सिवसिंह कियौ बलवान ।
बली ब्रजसिंह रुप्यौ तिहिं थान ॥
लिये किरपा सब नाहर सैन ।
ठढौ तिनके तट हीरन लैन ॥
सहस्र सवार लिए मनसूर ।
किये सुचंदौल सुजान गरूर ॥
कियौ हिय अग्ग सुभट्ट समाज ।
घमंडिय प्रोहित राज सलाज ॥
रह्यौ सब को पुठवार सुजान ।
दिलौदल दावहि कान्ह प्रमान ॥

रच्यौ अध जोजन व्यूह अनीक ।
बजाइय दुँदुभि मारुव ठीक ॥५॥

छन्द घत्तानंद

यौं थपि सिंह सुजान व्यूह अमान
सकल सूर सेनाधिपति ।
सद्दिय पटह निसान तूर भयान
समर हेत चलि मंद गति ॥६॥
फहरत पीत निसान तड़ित समान
कै प्रताप ज्वाला लपट ।
परगन इंधन जान लखि ललचान
लगि उछाह मारुत झपट ॥७॥
देत कवाद कमान भरत दवान
जंग हेत रस वीर लहि ।
करत हयंदन छंद सुभट बिलंद
सेल सांग नेजान गहि ॥८॥

छप्पय ।

इहि बिधि दुहुं भट पिलिय खिलिय लखि सुंभसँघारनि ।
झटपट मनमथदहन गोसु तहँ लग्गिय झारन ॥
खानसवार सपट्टि एकरद तत्थ मनाइय ।
बाम पुट्ठि सुखदानि आनि कर मंडल छाइय ॥
पलभषनहार पुलके गगन प्रेतपूत कुद्दिय किलकि ।
सज्जिव विमान देवांगना हरषि बदन उद्दिय चिलकि ॥

दोहा

वासर के तीजे पहर साहि सुभट करि रह्न ।
जुटे आइ स्योसिंह सह लै मरहट भुज भल्ल ॥

छन्द पद्धड़ी

उत साहि सुभट मरहट सजोर।
धाये भुज भल्लनु दै झकोर॥
हर हर हकार धर धर धवान।
भर भर भराक इततैं दवान॥
मुख जयति देव हरि देव सद्द।
झपटे ब्रजेस बीरहु मरद्द॥
कड़कंत धनुष कररी कवाद।
सटकंत तीर छुट्टत जवाद॥
गटकंत गड़ावड़ होत सेल।
भड़कंत भुसंडी घालमेल।
अड़कंत दुज्झ हित स्वामिकाम।
फड़कंत तुरंगम ह्व महाम।
झड़कंत झरत आयुध अनेक।
खड़कंत अंग अस्तनि कितेक॥
रड़कंत इक्क लगि हय चपेट।
फड़कंत फरहि भर पिट्ठि पेट॥
ठड़कंत देखि परकै हयंद।
धड़कंत नहीं जुट्टत सुछन्द॥
तड़कंत तेग सिप्परनु लागि।
चड़कंत अस्थि हय टाप भागि।
पड़कंत पड़े सेलनु अरक्कि।
घड़कंत घाव स्रोनित सरक्कि॥
तिहिं औसर गूजर सारदूल।
नेजा उठाइ धाइय सफूल॥
दिय शत्रु हिये में घाव घोर।
पुनि काढ़ि तेग झारिय सजोर॥

इक दबटि दक्खिनी ने उताल ।
किय गुलफ घाव नेजा दुसाल ॥
तहँ सेनपती स्यौंसिंह धाइ ।
हय हंक सेल मेलिय घुमाइ ॥
ज्यौं क्रुधित बाज लखि गन कुलंग ।
चुंगल चपेट कर देत चुंग ॥
कर इक दोइ हाथर चलाइ ।
पर लत्थ पत्थ ही सों खवाइ ॥
तहं एक दक्खिनी टग बचाइ ।
दिय जंघ मांझ भाला घुमाइ ॥
स्यौसिंह भयौ सौसिंहरूप ।
हनि साहि सुभट मृग से अनूप ॥
हुव लाल लाल बसुधा कराल ।
श्रौनित्तजाल ज्यों कोहज्वाल ॥
जहं सेल संग समसेर ढाल ।
बंदूक बान जञ्जाल जाल ॥
गाहि गहि सुजान भट चंड चाल ।
दिय घोर मार दिय लोह झाल ॥
मुख मारु मारु कै झरत सार ।
बिकरार भगे दखिनी अपार ॥
रन बिजय पाइ स्यौं सिंह वीर ।
घाइल सुमार फर रुपिय धीर ॥११॥

दोहा

बिचल पाइ दखिनी निरखि कखौ सुदखिनिसु जोर ।
नोव बांस सब संग लै परे घमंडी ओर ॥१२॥

कुन्द भुजंगी

बजो चारहूँ ओर तैं टाप बाजी ।
मनों मेघ आसाढ़ की बुंद गाजी ॥

पुकारैं दुहूं ओर के बीर हाँ हाँ ।
करो भौंह बांकी चढ़ाई सु बांहां ॥
छुट्टी बान कम्मान दम्मान भारी ।
किहूँ भाल भाले बरच्छी सँभारी ॥
इटै जट्ट जुट्टे उतै साहि सैना ।
मिले जुद्ध कौं उद्ध कैं क्रुद्ध नैना ॥
किहूं चाप टंकार हंकार पारी ।
किहूं धूक बंदूक मैं ज्वाल झारी ॥
किहूं लैस कत्ती धरत्ती घुमाई ।
किहूं सैल की रेल हत्थौं चलाई ॥
तहां आपने आपने हाथ किन्ने ।
तिन्हैं देखिकैं अंबरी मोदभिन्ने ॥
टुटे सार सन्नाह भन्नाहटे सौं ।
परैं छूटि कैं भूमि खन्नाहटे सौं ॥
भुसंडीनु फुट्टे महो पिट्टि लुट्टे ।
छुरौं खाइ हुट्टे सरौं फेरि जुट्टे ॥
किते रत्त मत्ते उमत्ते घुमत्ते ।
तुरत्ते उठे फेरि लै हत्थ कत्ते ॥
लरत्ते परते बदक्खी उमंडे ।
दिसा पुब्बके से जलद्दा घुमंडे ॥
लखैं यो बदक्खी चमूं माहिं पैठे ।
धए सूर सूरज्ज सब्बै इकैठे ॥
तहां यौं घमंडी गहैं सैल धायो ।
मनो द्रौन को पुत्त है क्रोह छायो ॥
किधौं पूत जमदग्नि को जंग रुच्यौ ।
बदक्खी सहसबाहु पै घाउ बुच्यौ ॥
हनैं सैल सों जाहि भूमैं पटकै ।
सहसबाहु की सी भुजा लै कटकै ॥

लखैं त्यों बदक्कौ भरे जो अचंभे ।
लिखे चित्र के से रहे थान थंभे ॥
हुती एक पैंत्यार बंदूक त्यौंहीं ।
दई फूंक कैं धूक मुठभेर ज्यौंही ॥
लगी आवने जाव औ जोभ खंडी ।
धुक्यौं बाजतैं त्यौं धरा पै घमंडी ।
गिल्यो देखि कैं शत्रु सब्बै सपट्टे ।
लिये आपने आपने सस्त्र कट्टे ॥
पलक् लागतैं बाज चक्यौं घमंडी ।
ललक्कार कैं तेग की जंग मंडी ॥
रंग्यौ रक्त सू हत्थ सम्सेर सोहैं ।
मनौ देह धारैं रसैं जान कोहैं ॥
फुटै जाब कैं जोभ ज्यौं कड्ढि आई ।
तहां देव नरसिंह की सोह पाई ॥
गहे तेग नंगी करी जंग चंगी ।
हनी साहि की सैन यौं औन रंगी ॥
तहां नंद बदनेस कै दृष्टि दीनी ।
उदै भान को सो प्रभा अंग भीनी ॥
तुरी तेज कै सैं हथो हत्थ लीनी ।
हियैं देव हरि देव की याद कीनी ।
मृगाधीस जैसे करी जूह दट्टे ।
षगाधीस ज्यौं ब्यालजालै झपट्टे ॥१३॥

कुन्द त्रिभंगी

झपट्यौ करि हल्लानि लै भट भल्लनि,
अरि दल मल्लनि समुहायौ ।
जित प्रोहित जुट्यौ गोलो फुट्यौ,
औनित कुट्टौ दरसायौ ।

मरसांगनु बुज्यौ सेलनु तुज्यो।
घन सम उट्ठ्यो बरसायौ॥
धुनि धोर धमंकनि तेगझमंकनि।
बिज्जु चमंकनि सर सायो॥१४॥
सरसायो जुद्ध बड्डि विरुद्धं
अहिधर कुद्धं ज्यौं रन मैं।
तिरसूल सकत्तो रत्त निरत्तो
ज्वाल झरत्तो अरिगन मैं।
करि खंड निखंडे यमनि उदंडे
धरनि बिहंडे परचंडे।
बहुरुंडनि मुण्डनि डुण्डनि झुण्डनि
श्रोनितकुण्डनि फरमंडे॥१५॥
फरमण्डे रुत्थौं लत्थकपत्थौं
लुत्थिनु जुत्थौं काटि करे।
घन घाइ भभक्कत सेल हबक्कत
कोइ दबक्कत जात टरे॥
बहु सस्त्रन बाहत कोइ कराहत
फिर फिर चाहत भूमि परे।
दे दे रव रट्टिय झट्टकपट्टिय
उट्ठिय कट्टिय भूमि भरे॥१६॥
भरि बर्थान पटके दै दै झटके
हयतें पटके औंन झरे।
अस्थिनुकै चटके टापनु बटके,
अंतनि अटके जाइ परे॥
केते घट घटके आयुध कटके
लेते सटके संक भरे।
तिंहि सूरज वंका देर नइंका
करि अरि फंका दूरि करे॥१७॥

दोहा ।

कट फटे निबटे हटे लखे साहि दल जंग ।
फते पाइ सूरज बली लख्यो सु प्रोहित अंग ॥१८॥

कवित्त ।

द्रोन अघवाई, द्रोनी क्रप अचवाई खाई ।
सोईतैं जगाइकैं, बुझाई प्यास चण्डीकी ॥
ताही खेत प्रेतनु पलाकैं भट पीठनुके
सुण्डनु के बाट हाट आमिष उदण्डी की ।
सूदन दिलीसदल चाहि कैं समर गाहि
साहि की प्रतापानल खग्गजल ठण्डी की ।
लागि कै भुसुण्डी जोभ जाब जुग खण्डी तऊ
छंडी है न जङ्ग भण्डी कित्तियों घमण्डी की ॥२९॥

सोरठा ।

प्रोहित लख्यो सुमारु, हय पै सिंह सुजाननैं ।
ज्यों तनु लहै कराल त्यौं तुमको मैंलैं चलौं ॥२०॥
कछू भूमि चढ़ि बाज कछू खाठ कछु पालकी ।
लै प्रोहित व्रजराज दाखिल निज डेरनु भयौ ॥२१॥

कवित्त ।

पाई गननायक सौं तैं ही गननायकता
त्यों ही दिगपाल दिगपालता प्रतीति की ।
तेज पायौ रवितैं मजेज सतमष पास,
अवनी की भोगिबी अधिक नाथ नीति की ।
सीलताई ससितैं पवित्रताई पावक तैं,
लाज पाई सिंधुतैं सुनीति वेद रीति की ।
सूदन अभीत सर्वज्ञता सुबुद्धि सूजा
दानी जगदीस बिधि तोही जङ्ग जीति की ॥२२॥

कुन्द समानिका ।

बोलिगे कछू दिना जङ्ग किये बिना ।
एक घोस भोरहीं दै निसान घोरहीं ।
ह्वै सवार तत्यही लै अभीर सत्यही ।
सो बजीर आइयो मल्लकों उपाइयो ।
श्रीसुजान पासकौं कूंचके प्रकास कौं
थापि मल्ल ता घरी कूंचकी हियें धरी
तब्बही पयान कै ईति भीति मानकै ॥२३॥

तुङ्ग कुन्द ।

उठत प्रबल सैना कहत सुथल लैना ।
उमड़ि घुमड़ि आए मनहुं जलद धाए ।
हय गय रथ प्यादे सुतर सुभर लादे ।
गगन घन पताका बहु बरन बलाका ।
धम धमत दमामैं पटह बजत आमैं ॥२४॥

कुन्द मनहरन ।

पयान कयौ मनसूर सुजान ।
निसान धुजाननु पैयतु पार ।
बिचार हियें यह खेतहिं देत
कटै मुदई कहु, भूमि अगार ।
तजो तिलपत्ति बजो तुरही
सुरजो सब सैन बजावत सार ।
दियै गढ़ बल्लम कौं पुठवार
किए भट भोरनु थान अपार ॥२५॥

कुन्द मदनहरा ।

सो खबरि पाइ पोता निजाम कौ
अब बजीर मनसूर टयौ, उतकूच कयौ ।

तबहीं सजाइ सादल नजोबखां
सकल अरावी अग्ग धस्यौ, यह हुकम कस्यो ॥
तुम हरवल चलौ मीर बकसी लै
आज बदरपुर जाइ परौ, रन फजर करौ।
मुझ कौं भी पास जानियौं अपने
निमक साहि का दिलहिं धरौ, खतरा न करौ ॥२६॥
वे आइसु पाइ गाजदीखां कौ
सब अमीर भलभलहिं रढ़े, हिय हरषि बढ़े !
सादल नजीब महमूद आखबत
जैता गूजर सहित कढ़े, रव जुद्ध पढ़े।
सब नीमबास दखिनी पेसौरी,
सङ्ग मीर बकसीहि चढ़े, तन तेह उढ़े।
दै दिग्घ निसान बान बहु गोमुष
तूर बांकिया सद्द बढ़े, भुव गगन मढ़े ॥२७॥

दोहा

हुकुम गाजदींखान कौ सब अमीर धरि सोस।
बड़ौ अरावी अग्ग धरि हय सहस्र चढ़ि बीस ॥२८॥
सहिजिहानाबाद तैं द्वै जोजन भुव बड्ढि
सब डेरनु चौकस करिय फेरि जुद्धकौं चड्ढि ॥२९॥

कुन्द चर्चरी

सो सुनै मनसूर सूरज सूरवीरनु सज्जियं।
बज्जियं बहु दोह दुन्दुभि व्योम भूमिहिं गज्जियं।
ह्वै सवार न वार लग्गिय रग्गि वग्गिय सायुधं।
दै धवान जवान धाइय धुन्ध छाइय वायुधं ॥३०॥
वाजकै गजराज पाइक सन्धि साइक चल्लियं।
कोस चारि धरा लई भट जुद्ध कुद्धहि रल्लियं।

ह्वै हरौल सुजान बड्ढिय सब्ब सूरनु सङ्ग लै ।
आस पास वजीर रुप्पिय जङ्ग हेत उमंग लै ॥३१॥
तत्थ ही कुन हत्थ आयुध सत्थि सो बलिराम है ।
गत्थ सौं सुखराम सिंह प्रताप कूरम नाम है ।
जत्थ जोरि बलू बली बलवण्ड सूर कटारिया ।
हत्थ सांग सम्हारि लछमनदास पाखर रारिया ॥३२॥
विप्र मोहन रुप्पियौ हरि नागरौ भटजूह लै ।
मेद सिंह सिधावतौ हरिवल्ल वैरि समूहलै ।
है बली ब्रजसिंह किरपाराम नाहरको ममां ।
दब्बि भूमि खड़े भये लगि होन जङ्ग झमीझमां ॥३३॥

कुप्पय कुन्द

तावलतैं कड्ढिय अमान चड्ढिय हयन्दवर ।
वट्टिय रस रट्टिय सुवीर हरिदेव नाम गर ॥
पट्टिय रन मट्टिय सुलोह डट्टिय अनीक पर ।
डट्टिय टग गट्ठिय भुजान लट्ठिय कमान कर ॥
धरि मुच्छ हत्थ बड़ हत्थ नर सत्थ सहित सनसुष धइय ।
अरिसाल सु वैरीसालसुत सुहकमपन सुहकम भइय ॥

कुन्दकन्द

कव्यो सूर सेनतैं सूर ता वार ।
अभिमन्यु ज्यौं जुद्ध कों कुद्ध लैसार ॥
मतिगान के जुद्ध तैं बड्डि मातङ्ग ।
गने नाहिं काह्न घने कै हनें अङ्ग ॥
रुक्यौ नाहिं रोक्यो धुक्यौ सामुहैं सुद्ध ।
चमू कन्दरातैं मृगाधीस ज्यौं क्रुद्ध ॥
कियौ तेज वाजो उमंगै भखौ अङ्ग ।
महासूर के लच्छनै अच्छ लै रङ्ग ॥
गहे सेल समसेर समसेर ह्वै वीर ।

लखो साहि सेना झखो ना लहो धीर।
लख्यो दीह दिल्ली दलोंने बख्यो खेत।
कह्यो कौन हैं कौन है रे फते लेत॥
सवाधान ह्वै कैं सतौं बीर दै हाँक।
कढ़े साहिको बाहनी तैं भरे साँक
रटे लेउ रे लेउ पावै नहीं जानु।
हटे फेर संकै करैगो घनो घान॥
बिलोकैं बकैं आपुसी मैं भरे भीर।
नहीं जाउ रे या बलौं कैं कहूं तीर॥
तबै तीर गोलीनु को चोट संभारि।
सबै ठौर ठाढ़े रहे रोपियौ रारि॥
जबै सत्रु देखे बढ़े आपनी ओर।
तबै रोस कै रंग मैं आप कौं बोर॥
मुहक्कम्मह्र ह्वै मुहक्कम्म ता बार।
तहीं चित्त चित्यौ यही सार संसार॥
हियैं स्वामि के काम की बानि कौं आन।
मुखै देव हरदेव हरदेव कौ गान॥
घुमाये सहत्थी चल्यौ गोल पै धाइ।
उदंडी भुसंडी छरी बीच हीकाइ॥
लगें मर्म गोली गिरयौ भूमि गन्नाइ।
तिहीं बार सत्थी गये भाज ज्यौं बाइ॥
निहाख्यो महीपै कह्यो सत्रु ता बेर।
मख्यौ रे मख्यौरे लह्यौ सीस कौं घेर॥
सुने सद्द कौं धाइयौं सूर के सूर।
उतै साहि सैना सपट्टी मनौ झर॥
हुते दूरि ए वे सुनीरे गए आइ।
परे पै करैं सांग समसेर के घाइ॥
लटकैं धरातैं कटकैं लयौं सीस।
परयो ईसके हार मैं सो विसै बीस॥

तहाँ बीर बलिराम आयो गहे रीस ।
महा छोह सौं आंठ दंतौं गये पीस ॥
चले सीस सो काटि तेई लये दीस ।
गही सेल सांगैं दई बीस कैं तीस ॥
कुटेझ फुटेझ बुटे साहिके लोग ।
लिये सीस पैठे चमू आपनो जोग ॥
लख्यो खेत खाली सु बलिरामझ चाहि !
नहीं या चमू सौं चमूमें धस्यो जाहि ॥
बिचार्यो सही जुझकौं चित्त के मांझ ।
हटी साहि की सैन भू पै भई सांझ ॥
मुहकम्म की लहास लै आइयो तब्ब ।
धस्यो आपनी फौज मैं सो बिना गब्ब ॥१५॥

कवित्त

एक दस सौक मैं न सहस अयुत बीच,
लच्छ दस कोटि मैं न काहू नर दम है ।
साहस समूह सूरवीरन को साहीदार
सनमुख धायो कहा कलिझ में कम है ।
सूदन समरसाहि सैन तन तूल गनी,
हनी देह गोलिन न खाई खेत खम है ।
तन मन पन रन ऐसे मुहकम होइ,
जेसो वैरीसालसुत जूझ्यो मुहकम है ॥२६॥

सोरठा

यह सुनि सिंह सुजान, निरखि सांझ मन मौन गहि ।
सहित वजीर अमान दाखिल निज डेरनु भयो ॥२७॥

हरगीति छन्द

भूपाल पालक भूमिपति वदनेसनन्द सुजान है ।
जा ने दिलीदल दक्खिनो कीने महा कलिकान है ।

ताको चरित्र कक्कूक सूदन कह्यो छंद बनाइ कैं ।
रनजित्ति एक सुबित्ति सुहकम अंक पंचम पाइकैं ॥३८॥

इति पञ्चम अङ्क ॥५॥

छन्द पादाकुलक

पुनि गाजद्दींखान चिंतियो चित्त मैं ।
माधौसिंह बुलाइ करौं निज हित्त मैं ।
आपा और मलार वेग बुलवाइये ।
आपुन हो पुठवार इन्हैं उरझाइये ॥१॥
तब फरमान लिखाइ बहुत इलकाब दै ।
भाईपनो जताइ तेग सिरपाव दै ।
अकबर मान समान आप दिल मानियो ।
इसू वख्त सैं सख्त और नहिं जानियौं ॥२॥
हस्त रोज के बीच कस्त करि आवना ।
दस्त आपके पस्त हरीफ करावना ।
यौं फरमान लिखाइ डाक चलवाइ कैं ।
माधौसिंहहिं पास दयो पठवाइकैं ॥३॥

दोहा

फेरि दक्खिननु कौं लिख्यो आपु गाजदीखान ।
सूरज औ मनसूर मिलि किया तख्त कलकान ॥४॥
जद सैं किवलेगाह कौं संग ले गये आप ।
तद सैं इन्हौं सुखालफी हम सैं रक्खी थाप ॥५॥
अवधि आगरा साहि नैं तुमको दियो बताइ ।
नगद खर्च जो फौज का चामिल लैना आइ ॥६॥
एक चांद के अन्दरौं तुमैं आवना रास ।
यह लिखि सुतरसवार कौं भेज्यो दखिननु पास ॥७॥

छन्द सुमुखी

पुनि दल सज्जिय घोर घनौ।
पटह गरज्जिय मेघ मनौ॥
फहरत हैं सितस्याम धुजा।
अरुन हरीत सुनील दुजा॥
चढ़त चमू चतुरंग महा।
उड़ि रज अम्बर भान गहा॥
सहित अरावहिं कूच कियौ।
तबहिं फरीदहिंबाद लियौ॥८॥

छन्द खंधा

साहि सुभट धरि अग्ग अरावौं,
आनि फरीदाबादहिं छाए।
सूरज सफदरजंग तुरंगन,
भेजि सवार अधिक अकुलाए।
या विधि बीति गए बहु बासर,
हयगय सुतुर घने हनि लाए।
बेऊ जबरजंग गहि ओटनु,
चोटनु देत कोस भुव आए॥
तौ लौं अन्तरवेद जबत करि,
गंगा न्हाइ हुकुम पितु पायो।
रविजा दरस परसु हृन्दावन,
सूरज पास जवाहर आयौ॥
सो सुनि कै मनसूर मुदित ह्वै
फेरि समरको मत ठहरायौ।
हिम्मति बढ़ति सुभट कौं रन मैं,
ज्यौं हुकमी आयुध कर आयौ॥९॥

छन्द मोदक

सूरजङ्ग अपने चित सोचत ।
जङ्ग बिना चित सोचनमोचत ॥
माधव औ दखिनी जब आवहिं ।
तौ इन सौं नहिँ जङ्ग रचावहिं ॥
जौ लग वे नहिं आवन पावत ।
तौ लौं साहस एक उपावत ॥
एक झपट्ट करौं बिनु संकहिं ।
लैं मनसूर हजूर सुबंकहिं ॥
तोपनु ओट करैं बहु चोटनु ।
ते असि सांग हनौं अरिमोटनु ॥
यौं निहचौ करिकैं अपने मन ।
बोलि नवाब कह्यौ रन कौं पन ॥१०॥

छन्द बैतवै

सजे सब सैन कौं यारौ तहां मनसूर आया है ।
कहौ क्या है बहादुर दिल सुजाने यों सुनाया है ॥
नहीं बद नेक कौं जानौं मुझे तौ दस्त साया है ।
भला जो होइ सो करना खुदानैं तू बताया है ॥
तबै मनसूर सों सूजा दुङ्कर जोरि कैं भाखी ।
हुकुम जो आपकौ पाऊं सहो करि जंगमैं राखौ ॥
रहौ पुठवार पै ठाढ़े सुमुदई को डरावे कौं ।
उठाये आज मैं बागैं निहारूंगा अरावे कौं ॥
भये षट मास संगर को घने भट फोरियौ याने ।
बिलोके ताहि क्यौं रहिये हियौं उनमान ना माने ॥
सुनी मनसूर ए बातैं कही तौ देर क्या करना ।
कहो जिस जोर सैं मुझकौं नहीं टरना सहो लरना ॥

यही ठहराइ कैं दोऊ जवाहर सौं जताया है ।
रही पुठवार सैं मुहकम तुमैं हम यौं बुलाया है ॥
रही चन्दौल तुम गाढ़े करैं हम जङ्ग तो आगै ।
तुमारे चारिह बकसी उठावैं संग हो बागैं ॥
निसां इस ठौर सैं खातर बजौरैं यौं सुनाया है ।
तुमारे लोगबागौं से हमैं इतकाद आया है ॥११॥

कुन्द आभीर

यह सुनि सूरजपूत, अति रनपन मजबूत ।
बोल्यौ बुद्धिनिधान, हाथ जोरि सुखबानि ॥
आपकरी बहु जङ्ग, मैं जब ह्यायौ गङ्ग ।
अब रहि ये पुठवार, मोहि बतैये रारि ॥
कीजै अरज कबूल, जो चित चाहत फूल ॥१२॥

कवित्त

पूत मजबूत बानो सुनि कैं सुजान मानी,
सोई बात जानी जासौं उर मैं छमां रहै ।
जुद्ध रीति जानी मत भारत को मानी,
जैसो होय पुठवार तातैं जन अगमा रहै ।
बाम और दच्छिन समान बलवान जान,
कहत पुरान लोक रीति यौं रमा रहैं ।
लाल जू समर घर दोउनकी एकै विधि,
घरमैं जमा रहै तौ खातरजमा रहै ॥१३॥

दोहा

मरजी पाइ सुजान की सिंह जवाहर बीर ।
हुकुम मानि कैं बाप की भयौ चंदौल गँभीर ॥१४॥
भर्तसिंह अरु लाल जी राजा गूजरतत्थ ।
सूरति सेना जुत करैं सदाराम के सत्थ ॥१५॥

कुन्द तोमर

तबहीं सुजान अमान, उठि जुद्ध को बलवान।
किय बाम ओर बजोर, तिहि सङ्ग सैन गँभीर॥
पठयौ सुदच्छिन ओर, करि सदाराम सजोर।
पुनि बोल सिंहप्रतापु, यह कह्यौ सूरज आपु॥
धसि सामुहैं बड़ हत्थ, तुव निकट सिंह भरत्थ।
तिहिं पुब्ब बल्लू वीर, थपियौं सुजान सुधीर॥
बलिराम सूरति राम, सुखराम तोफ़ाराम।
पुनि जैत सेवापूत, अरु पाखरा मजबूत॥
जै कृष्णा मनसाराम, वह स्यामसिंह सुनाम।
किसनेस पुहपा बीर, सजि सैन चढ़िय धीर॥
किरपा सु लछमन दास, हरिसुक्ख मोहन पास।
हरि नागरौ द्विज जोर, हरिवल कियौ इक ओर॥
फतेसिंह जधमनंद, व्रजसिंह बुद्धि बिलंद।
बहु और सूर समूह, रन काज चढ़िय जूह॥१६॥

कुप्पय

अखेसिंह अमनैत वीरवर हरिनाराइन।
कुसल पूत मजबूत तत्थ सूरति रनचाइन॥
देवीसिंह कुंवार और बहु जट्ट ठट्ट गनि।
चरि बर्न असि धर्म सबे सिरदार सार भनि॥
दिन भाग चतुर्थम के समैं उर उछाह सुभटन मढ़िय।
सूरज समान सूरज बली समर काज हय पर चढ़िय॥१७॥

कुन्द गगनंगन

ठंडन दुबिन बिहंडन मंडन किय बलवंड है।
दंडन धरिय उदंडन सक्ति डंड परचंड है॥

खंडन चहत बितंडन काटि बंधिय किरवान है।
संकर मनहुं भयंकर चड्डिय सिंह सुजान है ॥१८॥

कुण्डलिया

चड्डिय जब सूरजबली बड्डिय भूरि गरद्द।
मड्डिय अवनि अकास उडि रड्डिय निज सुख सद्द।
रड्डिय निज सुख सद्द आजु सब मो मत किज्जिय॥
अनहौंनी नहिं होय तोपखानो अस दिज्जिय।
दिज्जिय अरीहिं न जान मास षट को रिसकड्डिय।
यो कहि कैं तिहिं बार जङ्ग हित सूरज चड्डिय ॥१९॥

कवित्त

भूतनु सहित भूतनाथ मजबूत भए,
पूतनु जगायौ सुनि चण्डिका अवास मैं।
चरबीचरैयनु कैं चरबी रह्यौ न कोई,
धरवी अधरवी धुमानै भूष प्यास मैं।
बीरबाम बिहँसि बिहँसि कै विमान चढ़ीं,
हर मन हरष बजायौ बीन हास मैं।
जा समै समर काज पास मैं सुनायौ सूर,
वा समैं अनन्त मोद बाढ्यो भू अकास नैं ॥२०॥

पद्धड़ी छन्द

जब्बै सुजान किन्नौ पयान।
सब्बै सुभट्ट दै दै निसान॥
ज्यौं भीम भीम भारथ रिसान।
तुरकान कौरवन करन घान॥
आवज अनेक बज्जैं भयान।
अति उड्ड पताका फरहरान॥

हहनन्त हुब्ब हङ्कत किक्यान ।
ठहनन्त टाप लग्गत पषान ॥
ढहनन्त ढाल ढक्कनि ढलान ।
खहनन्त कवच धावत धवान ॥
कहनन्त जङ्ग हय घघरान ।
झहनन्त जिरह लग्गइ पमान ॥
ठहनन्त सिप्परनु लगि कृपान ।
भहनन्त भूरि भेरी भयान ॥
सहनन्त सेल सर सर सरान ।
फहनन्त प्रवल पाइक अमान ॥
कहनन्त छोनि कूवत कृवान ।
घहनन्त घण्ट गजगति गरान ॥
दहनन्त दाव जिमि दिष्टि आन ।
धहनन्त धिङ्ग धूमनु धवान ॥
करि लावदार दीरघ दवान ।
गहि सेल साँग हुव सावधान ॥
केतेक धोर सन्धो कमान ।
केतेन तेग राखो भुजान ॥
गुनगाइक किय वीरनु बखान ।
सैंध् सुर पूरिय तिहीं थान ॥
सुनि सूरबदन जिम उग्रौ भान ।
हुव सुच्छ केस मुख सिंहमान ॥
मुख देव देव हर देव आन ।
हिय स्वामि काम पन किय जदान ॥
तहां सदाराम सब सहित पान ।
बिय भर्तसिंह अरि दुःखदान ।
कूरम प्रताप बलिराम जान ।
सूरत कटारिया उर कुहान ॥

हरिनाराइन रन चण्डवान ।
लछिमन पाखरिया किय उठान ॥
ए सब सुभट झपटे हलान ।
समुहान दिष्ट करि तोपखान ॥
घमसान हेत बढ़े गुमान ।
आयुध अनेक अवसान आन ॥
यह घोर कुलाहल तुरक कान ।
परियो अचान रिस झलझलान ॥
जे तोपखान के पासवान ।
बहु मुगल सेख सैयद पठान ॥
जे रूपे तोपखाने सयान ।
तिन लोहजन्ह झारिय क्रसान ॥
जञ्जाल भुसण्डी रहकलान ।
हथनाल घोर घुरनाल तान ॥
लँबकर अनेक पलभष बचान ।
जहं अप्रमान कुहके सुवान ॥
तहं जवर जंग गज्जिय गरान ।
ते लगि क्रसान झर झर झरान ॥
कहुं सरसरान कहुं फरफरान ।
इमि सलक होति धर धर धरान ॥
बन अचल अचानक अरअरान ।
वह प्रबल धूम चढ़ि आसमान ॥
तिंह की न और उपमान आन ।
मनु बिंध्य अचल पाइय पषान ॥
मुनि भीति चलिय उठि रतन सान ।
कैसे सखास पावक प्रमान ॥
गलके समान गोला बगान ।
फंकार सद्द कलकान कान ॥

इत जट्ट ठट्ट झपटे भिलान।
हुअ गोल गोल बीचहिं मिलान॥
तिन कियौ सुभट बहु कचरघान।
तउ सूर सूर तहिं बिलबिलान॥२१॥

क्रुन्द नाराच

कितेक टुट्टि सीस चुट्टि ग्रीव फुट्टि टुट्टियं।
कितेक खुट्टि पीठ पेट खेत मांहि लुट्ठियं।
कहूंक रुण्ड मुण्ड डुण्ड झुण्ड पाइ उड्डियं।
समेत बाहुदण्ड ढाल उड्डि जेम गुड्डियं॥
कहूँ क्रवाल अन्त्रजाल लोह झालबुड्डियं।
कहूँ क्रवाल अन्त्रजाल व्यालरूप क्रुड्डियं॥
कितें कवच्च फूटि अच्छ कच्छ तच्छ गच्छियं।
कितेक लच्छ टूक ह्वै उड़ेत जेम पच्छियं॥
कितेक ख्याल ख्याल ही कराल काल भच्छियं।
कितेक फरफरन्त रत्त नीर जेमि मच्छियं॥
बरष्षि गोल गोलियं हरष्षि साहिके भटं।
धरष्षि सूरसेन कौं कह्यौ तिभेष ज्यौं नटं॥
तहां उदाम काम कौ सदासुराम रुट्ठियं।
महा उताल उट्ठियं गहैं क्रवाल मुट्ठियं॥
कुटी दवान अन्धधुन्ध धुन्धमाक धुङ्करं।
मनौ मलिन्द्याचलै फनिन्द्रवृन्द फुङ्करं॥
इतै उतै घमाघमी भई जुसार क्रार की।
तृषादिभानकी समीर क्रार अन्धकारकी॥
तहां सदासुराम कैं दवा न घोर लग्गियं।
फुटो सुवाख पिट्ठि ह्व तऊ न वोर वग्गियं॥
सुमार चोट खाइ कैं दिवान खेत खग्गियं।
अपार गोल चाल मैं चमू बिहाल दग्गियं॥

छुटे फटे बटे कटे हटे कितेक तारनं।
बिलोकि श्रीसुजाननै थप्यो संघारकारनं॥
हथौं संभारि कै हथौ पसारि दिष्टि कोह की।
जहां खरो परै झरो असार गोल लोह की॥
हयन्द हक्कि अग्गियं भयंद मेष धारियं।
मनौ षड़ाननै चल्यौ क्रवंच पै सम्हारियं॥
धमङ्कि धिङ्ग धाइयौ खमंकि बाज उड्डकौं।
मनौं दवागि पानकौं कढ्यौ सु कान्ह क्रुद्धकौं॥
उठाय बाग उप्पखौ सुविप्फखौ फराक मैं।
महा अराक अड्डियौ धमांक धुन्धराक मैं॥
तहां धराधरी करी भराभरी भरब्भरं।
झराझरी झराझरी खराखरी खरब्भरं॥
धस्यौ असाद्द मारुमैं कुमार श्रीब्रजेसकौं।
घटा गुबार में भयो प्रवेस ज्यौं दिनेस कौं॥२२१

कृप्पय

उहिं औसर सुखराम मान दीवानतनयवर।
हय झपट्टि हुअ अग्ग सिंह सम जहं सुजान नर॥
कह्यौ तत्थ यह वचन महाराजाकुँवार सुनि।
उग्ग दुग्ग रचि चार कहा यौं ही मरियै भुनि॥
उत काठ लोह कै अगनिझर इत मनुष्य संहार हुव।
बिन दृष्टि सत्र आये करत नहिं साहस यह कुमति तुव॥२३॥
लखि बोल्यो नृपकुँवर झलझलत झाल सुसांगहि।
कै मुहि दै रन जान नाहिं अब हनतु तोहि रहि॥
पुनि भाषिय सुषराम काम लाइक भल किज्जहि।
मोहि मारि जब भग्ग पग्ग अग्गौं जब दिज्जहि॥
सब देस दुग्ग दीरघ पिता सुत सोदर तुव सुख चहत।
दौ दाव कीट ज्यौं परत क्यौं निजु स्वारथ हमझं कहत॥

कुन्द भुजङ्गी

तहां बोलियो रोसकैं फेरि सूजा।
अरे सामुहैं ते परे रै कौं न तू जा॥
जुरैं जुद्ध के दुग्ग और देस कैसो।
कहा बाप बेटा सु भैया अनैसो॥
जुहै दार सौं कोस सौं देह नातो।
बँध्यो नेह मनसूर सौं सो कहां तौ॥
बिना ताहि देखें नहीं बाग मोरौं॥
कितौ तोपखानैं तजौं देह तोरौं॥
तिहीं काल बेहाल उत्ताल आयो।
हट्यो खेत इसमाइलौ संक छायो।
लखै जाइ सूजा खरोई रिसायो॥
कहैं धिक्कुरे धिक्कु तू भाजि आयो।
गहैं संग मनसूर तो से कपूतैं।
लहै जिक्ति कैसैं सबै साध धूतैं॥
भखौ भीति सो वां कछूवै सुन्यो ना।
गयो भाजि कै नैंन पाछैं कखौंना॥
तहीं खेत मैं पाखरोमल्ल आयो।
लख्यो सिंह सूजा महाछोह छायो॥
तबै पाषरा बुद्धि जी मैं बिचारी।
अबौ जङ्ग सूजा तहां यों उचारी॥
चलौ साथ मेरे वजीरै दिखाऊं।
कितौ तोपखानै फते लै कराऊं॥
इतौ बानि सूजा सुनै बाज हंक्यौ।
चल्यौ पाखरा संगहौ ह्वै असंक्यौ॥
दई घोर अन्धार मैं घोर घाई।
कभूं सामुहैं दाहिनै बाम धाई॥

धरी अद्धमैं लै वजीरै दिखायी ।
लखे सूर मनसूर ह्व जीव पायी ॥
कहो आफरीं आफरीं सिंह सूजा ।
नहीं हिंद हिन्दू सरी तोंहि दूजा ॥
तहां नन्द बदनेस कै फेरि भाषो ।
लखो जङ्ग मेरो रही पुट्ठो साषो ॥२५॥

पद्धड़ी छन्द

सुनकें सुजान बचननु वजीर,
कहियो हजार रहमति सुवीर ॥
तुझ कौं न दोस मेरा कलाम ।
नहिं जङ्ग काम हुइ निसासाम ॥
इस वख़ सख़ तैं को जु मार ।
सबही सिपाह ह्वई सुमार ॥
तिसका सुमार करना जरूर ।
अब अबस जङ्ग करना गरूर ॥
नहिं आफ़ताब की रही जोत ।
अपना न गैर मालूम होत ॥
खुशबख़ सुझे करना जु तोहि ।
तौ डेरनु दाखिल करौ मोहिं ॥
अब बड़ी फजर जो होंनहार ।
रब को रजा सु करना बिचार ॥
सूरज समझायो यौं वजोर ।
पुनि डेरनु लायो धीर धीर ॥२६॥

दोहा

यौ तोपन की जङ्ग मैं सूरज कियो अवाद ।
ज्यौं होरोझर बोचतैं हरि राख्यो प्रहलाद ॥२७॥

कुन्द त्रोटक

पुनि भोर भये बहु तोप दगीं।
इत उत्त धमाधम हौंन लगी॥
छिपि भान गयौ निस फैर भई।
दुहुं ओर झरीझर लोह मई॥
पुनि जगत सूर भरत्थ गयौ।
उनि साहि कही रहि जाय लयो॥
गज ग्यारह जँट तुरङ्ग घने।
हनि लावत भौ मजबूत मने॥
पुनि कीनिय दौर दिलीसदलं।
गढ़बल्लम पूरब ओर भलं॥
दस खेत प्रमान रहे जबहीं।
बलिरामहिँ सूर कह्यौ तबहीं॥
चढ़ि जाइ इन्हैं दबटाइ अरे।
बढ़ि आवतु हैं चहुँ ओर खरे॥
यह आयसु सिंह सुजान दियं।
उठियौ बलिराम हरष्षि हियं॥
असवार भयौ गढ़ते कढ़ियं।
जिमि सिंह कुवावन तैं बढ़ियं॥
तब कुतर साल सन्तोष हुवौ।
अरु राम बली असवार हुवौं॥
पुनि जोधहु सिंह सवार हुवं॥
गढ़ बैरि रहांतिहिँ अग्ग हुवं।
अरु पाषर हूँ लछिमन महा।
हय हंकि धमँकिय जोर गहा॥
सतअर्ध सवारनु लै दवक्यौ॥
झपक्यौ अति साहि दलै लपक्यौ॥

दस पांच बँदूक तहां धमकीं ।
पुनि सांगहि सेल असै झमकीं ॥
उतइ सिरदार महामन कौ ।
किय आनि असीलनु कौ झनकौ ॥
इततैं बलिराम उठाइ हयं ।
कर सेल घुमाइ हरीफ हयं ॥
उनइ असि झारिय रोस सनं ।
बिचही गहि काटिय सेलरनं ॥
लखि जोधहु सिंह उठाइ परं ।
हिय सेल हबक्किय मीर मरं ॥
हयतैं सु गिखौ वह भुम्मि भरं ।
बलिराम दई एक तेग गरं ॥
हनि तासु सिरै बलिराम बली ।
तिहिँ सैनहिँ धाइय देतु झली ॥
सबही भट चोटनु देत भये ।
अपने अपने अरि बांट लये ॥
मरते परते भट साहि भजे ।
रन पाइ विजय भट सूर गजे ॥
बलिराम फिखौ ढिग सूरज कौं ।
सुबजाय बिजय रन तूरज कौ ॥२८॥

दोहा

कछुक खीस बौतै तहां आयौ माधव भूप ।
दस हजार असवार को साजे सैन अनूप ॥२९॥
प्रथम गाजदीखां मिखौ पुनि मनसूर सुजान ।
मधुकर ने समझाइ कैं मनौ सन्धि कौ ठान ॥३०॥
तुम हम से वक साहि के हुकम बजावनहार ।
आपुस के अहँकार सो होतु दिली सं'हार ॥३१॥

यौं कहि कैं आमेरपति सब कौं दियौ मिलाइ।
साहि अहम्मद सौं दुहूँ दीने बिदा कराइ ॥३२॥
चल्यौ अवध के मुलक कौं दर कूचन मनसूर ॥
सूरजहूँ कों सङ्ग लै ब्रजकौ चले जरूर ॥३३॥
सिंह जवाहर सों कह्यौ होड़िल करहु मुकाम।
संग तुमारे हम लखें श्रीब्रजेस यह काम ॥३४॥

कवित्त

मदन के जोरही सौं मदन कौं साध्यौ जिनि
थलंन सँभाख्यौ केलि जलके प्रवाह तैं।
घन के समान बड़े बन कौं बिहारी सब
जन को बिसारी सुधि तनके निबाह तैं।
सूदन उछाह तैं कहतु कवि राह तैं
सुचाहतैंई चाहतैं प्रबट वैरी घाह तैं।
दिल्लीनरनाह गज ग्राह मनसूर गह्यौ
माधव नै आइ ज्यौं छुड़ायौ गजग्राह तैं ॥३५॥

छन्द पवंगा

सिंह जवाहर सङ्ग चल्यौ कमठेसङ्ग।
आए कामां तहां मिले बदनेस ङ्ग ॥
लै आए पुर दीघ कियौ सनमान हैं।
मधुकर नेह जताइ गयौ निज थान है ॥३६॥

हरिगीत छन्द

भूपाल पालक भूमिपति बदनेसनन्द सुजान हैं।
जानै दिलोदल दक्खिनी कोनै महा कलिकान हैं ॥
ताकौ चरित्र कछूक सूदन कह्यौ छन्द बनाइ कैं
किय सन्धि कूरम दुहुन की रचि अङ्क सप्तम आइ कैं ॥३७॥

इति श्रीमन्महाराजकुमारजदुकुलावन्तस
श्री सुजानसिंह हेतवे कवि सूदन विरचिते
सुजानचरित्रे दिल्लीविध्वंसनोनाम सप्तमो जङ्ग ॥

सम्पूर्णम् ।

10 PADMAKAR.

Padmakar is ordinarily known to us as the author of the *Jagat Binod*, a work on *Ars Poetica*, but he seems to have been a man of a versatile genius and like beggar poets, ready to make his muse dance to the tune of any body who paid him. Like most poets who flourished under special patrons, he was from the very beginning of his career, accustomed to write verses in praise of his patrons. He was a Telang Brahman and one of his ancestors Madhukar Bhatta migrated to Garhapattan on the banks of the Narbada in 1615 V.E. From Garhapattan Madhukar removed to Brij, some members of the family settling down in Muttra, others in Gokul. A scion of the Muttra branch went over to Banda though Padmakar's father Mohanlal seems to have been living in Saugor where Padmakar was born. Mohan Lal was not only a Hindi poet but a Sanskrit scholar and a *mantra shastri* on account of which he was highly respected by Raja Raghunath Rao Appa Sahib of Saugor, as also by the Chiefs of Panna and Jaipur. It is said that the first verse which his son Padmakar ever composed at the early age of sixteen was the following in praise of Raghunath Rao.

संपति सुमेरु कौ कुबेर कौ जु पावै ताहि,
तुरत लुटावत बिलंब उर धारै ना।
कहै पद्माकर सुहेम हय हाथिन के
हलके हजारन के बितर बिचारै ना।
गंजगजबकस महीप रघुनाथराय,
याहि गजधोखे कहूं काहू देइ डारै ना।

याही डर गिरिजा गजानन को गोद रही,
गिरि तें गरे तें निज गोदतें उतारै ना।

After sometime, Padmakar had to leave the court of Raghunath Rao and as he was also a *mantra shastri* like his father, None Arjun Singh of Sungra, a village two miles from Kul Pahar in Hamirpur District, became his *chela* and had his sword consecrated by the recitations of Chandi. How and when he went over to the court of Himmat Bahadur and under what circumstances he composed the *Himmat Bahadur Birdawali* and described the battle in which None Arjun Singh was defeated, is yet unexplained. He seems also to have attended the court of Daulat Rao Sindhia of Gawalior and composed his *Alijah Prakash*. In Gwalior he received an invitation from Maharaja Pratap Singh of Jaipur. Pratap Singh was himself a poet and received Padmakar with great honour. Pratap Singh died in 1860 V.E. and was succeeded by Jagat Singh. It was under the orders of Jagat Singh that the *Jagat Vinod* was written. Padmakar also composed *Sawaijai Singh Birdawali*, another bardic poem in praise of Sawai Jai Singh of Jaipur.

He died in Cawnpore in 1890 V.E.

To understand the subject matter of this book, we shall give a short account of Himmat Bahadur. A Sanadh Brahman of Kul-Pahar died leaving two sons. His widow was too poor to support them and she therefore sold them to Rajendra Giri who consecrated them as his *Chelas* and called the elder Umarao Giri and the younger Anup Giri. Anup Giri was his favourite and received from him a soldier's training. After the death of his guru, Anup with a few companions went

over to Lucknow and accepted service as a trooper in the army of Shujauddaullah. His valour won the favour of his sovereign and he was granted the title of Himmat Bahadur. Himmat Bahadur was present with the Nawab at the battle of Buxar and for his gallant behaviour in saving the Nawab's life, received the parganas of Sikandra in Cawnpore and Bindki in Fatehpur as jagir under the name of *Rajdhan*. Himmat Bahadur was next deputed by Shujauddaullah to conquer Bundelkhand. Guman Singh was then Raja of Banda and None Arjun Singh the was commander-in-chief of his army. Arjun defeated Himmat Bahadur and drove him on the other side of the Jumna. Shortly afterwards the Bundela Chiefs were weakened by internal dissensions and Himmat Bahadur again found an apportunity of investing the country.

Ali Bahadur, who was sent by Nana Farnavis and was then in the army of the Sindhia, came over to his help and took possession of Banda which he and his family thenceforth ruled as Nawab. Himmat Bahadur with the help of Ali Bahadur and the Raja of Charkhari attacked Arjun Singh and a battle was fought in 1849 V.E. between Ajaigarh and Bangaon * in which Arjun Singh was killed. This battle, according to the Bundel khand Gazetteer was fought in 1799 A.D.

The following extract is taken from the excellent edition of the book by Lala Bhagwan Din, published by the Kashi Nagari Pracharini Sabha.

* Not Naugaon as the Bundelkhand Gazetteer says (p. 31)

हिम्मतबहादुरबिरदावली ।

पद्माकर कृत ।

बनगाँवका युद्ध ।

हरिगीतिका

करि खग्ग जग्गि उदग्ग अति
अरिवग्ग आए उमड़ि कै ।
गजघटन माहिं महाबली
घालत हथ्यारनि घुमड़ि कै ॥
पृथुरित्ति * नित्त सुवित्त दै
जग जित्ति कित्ति अनूप की ।
बर बरनिये बिरुदावली
हिम्मतबहादुर भूप की ।

क्रुन्द्र विभंगी

तहँ दुहुँ दल उमड़े घन सम घुमड़े
झुकि झुकि झुमड़े जोर भरे ।
तकि तबल तमंके हिम्मत हंके
बीर बमंके रन उभरे ॥
बोलत रन करषा बाढ़त हरषा
बाननबरषा होन लगी ।
उलक्कारत सेलैं अरिगन ठेलैं
सोनन पेलैं रारि जगी ॥
बन्दौजन बुल्ले रोसन खुल्ले
डग डग डुल्ले कादर हैं ।

* He conquered the world like Prithu, by giving wealth.

धौंसाधुनि गज्जे दुहुँ दिसि बज्जे
सुनि धुनि लज्जे बादर हैं ॥
नीसान सुफहरैं इत उत छहरैं
पावक लहरैं सी लगतीं ।
छुवती नकि नाका मनहु सलाका
धुजा पताका नभ जगतीं ॥
काढ़ि कोटनवारे बीर हँकारे
न्यारे न्यारे अभिर परे ।
किरवानन झारैं सुभट बिदारैं
नेकु न हारैं रोस भरे ॥
कानन लौं तानैं गहि कम्मानै
अरिन निसानैं सिर घालैं ।
सूधे अति पैठैं, सुच्छन ऐठैं
भुजन उमेठैं गहि ढालैं ॥
अचोन की सूकैं * घालि न चूकैं
दै दैं कूकैं कूदि परे ।
गहि गरदन पटकैं नेकु न भटकैं
झुकि झुकि झटकैं उमँगभरे ॥
रन करत अड़ंगे सुभट उमंगे
बैरिन बंगे करि झपटैं ।
सोसन की टक्कर लेत उटक्कर
घालत कुक्कर लरि लपटैं ॥
तहँ हत्याहत्थी मत्थामत्थी
लत्थापत्थी मांचि रही ।
काटैं कर कटकट विकट सुभट भट
का सों खटपट जात कही ॥
गहि कठिन कटारी पेलत न्यारी

* Side.

रुधिरपनारो बमकि बहैं।
खंजर खिन खनकैं ठेलत ठनकैं
तन सनि सनकैं हिलगि रहैं॥
गहि गहि पिसकजैं मरमन गबजैं *
तकि तकि नबजैं काटत हैं।
कम्मर तें छूरे काटत पूरे
रिपुतन रूरे छांटत हैं॥
करि धक्का धक्की हक्का हक्की
ठक्का ठक्की मुदित मची।
घनघोर घमंडी हारि उमंडी
किलकत चख्खो निरखि नची॥
एकै गहि नाले करि मुख लाले
सुभट उताले घालत हैं।
तोरत रिपुताले † आले आले
रुधिरपनाले चालत हैं।
झारत असि जुरिजे वीरन उर जे
पुरजे पुरजे काटि करैं।
हथियारन सूटैं नेकु न छूटैं
खलदलकूटैं लपटि लरैं॥
तहँ ठुक्का ठुक्को मुक्का मुक्की
डुक्का डुक्की होन लगी।
रन इक्का इक्की झिक्काझिक्की
फिक्का फिक्की जोर जगी॥
काटत चिलता ‡ हैं इमि असि बाहैं
तिनहिं सराहैं वीर बड़े।
टूटैं कटि झिलमैं रिपु रन बिलमैं।
सोचत दिल मैं खड़े खड़े॥

* Thrust. † Breastplate. ‡ Armour. (Persian).

ढालन के ढक्के लागत पक्के
इत उत थक्के थरकत हैं।
इक इक्कन टक्के बँधे झमक्के
तनिन तमक्के तरकत हैं॥
ललकत फिर लपटे छत्तिन चपटे
करि अरि चपटे पेरत हैं।
भट भुजन उखारत छिति पर डारत
हँसि हुड़कारत हेरत हैं॥
ठोंकत भुजदण्डन उमड़ि उदंडन
प्रबल प्रचण्डन चाउ भरे।
करि खलदलखण्डन बैरिबिहण्डन
नौज खण्डन सुजस करे।
दस्ताने करि करि धीरज धरि धरि
जुद्ध उभरि भरि हंकत हैं।
पैठत दुरदन * में रोषित रन में
नेकु न मन में संकत हैं।
निकसी तहँ खग्गें उमड़ि उमग्गें
जगमग जग्गें दुहुं दल में।
भांतिन भांतिन की बहु जातिन की
अरिपाँतिन को करि कलमें॥
तहँ कढ़ी मगरबी † अरिगन चरबी
चापट करबी सी काटैं।
जगि जोर जुनब्बे फहरत फब्बें
सुण्डन गब्बें फरपाटैं॥
बिज्जल सो चमकैं घाइन घमकैं
तीखन तमकैं बंदर कौ।
† बंदरी सु खग्गें जगमग जग्गें
लपकत लग्गें नहिं बरकी॥

* हिरद।

† A kind of sword.

सोहैं सुभ सुरती घलत न सुरती
रनमें फुरती बीरन कों।
लीलम तलवारैं झुकि झुकि झारैं
तकि तकि मारैं धीरन को॥
गजकुम्भ बिदारैं सुलहरदारैं
लहरनि धारैं बिधि बिधि की।
लखि लालूवारैं रिपुगन हारैं
मोल बिचारैं नवनिधि की॥
तहं खूरीसानी * जगकी जानी
घलैं कृपानी चकचोंधैं।
* निब्बाजदुखानी दलनिधिखानी
बिज्ज समानी रन कोंधैं॥
असिबर नादोटैं घलत न लौटैं
मुण्डन मोटैं काटि करैं।
बर मानासाही * भटन दुवाहीं
झिलमनि वाहीं नहीं झरैं।
सुभ समर सिरोही जगमग जोही
निकसत सोही नागिन सी।
करकरी सुकत्ती तीखन तत्ती
हनि रिपुकुत्ती नहिं बिनसो॥
गंजत गज दुरदा सहित बगुरदा ‡
गालिब गुरदा देखिपरे।
तुरकन के तेगा तोरन तेगा
सकल सुवेगा रुधिर भरे।

* Differents kinds of swords.

† A special make manufactured in Sirohi after Rao Mansinha, Mansahi not Manasahi.

‡ A kind of weapon.

जग जगी जिहाजो मंजुल मांजी
सूरत साजी सोभि रहीं।
दिपती दरियाई दोनौं घाई
भटति चलाई अति उमहीं॥
तहँसुयलेमानी * अवरन सानी
सहित निसानी घलन लगीं।
सु जुनेदहुखानी * पूरित पानी
दिपति दिखानी जगाजगी।
दोनो दिसि निसरी लषत न बिसरी
मंजुल मिसरी * तरवारैं।
तन तोरन रुपती गालिव गुपती *
झक झक झुपती झुकि झारैं॥
हेरी जु हलब्बी † सुखडन गब्बी
‡ सीस हलब्बी सी चमकैं।
तहँ करत झपट्टे बीर सुभट्टे
चहुं दिस पट्टे घम घमकैं॥
घालत अति चांड़े गहि गहि गाड़े
रिपुसिर भांड़े से जु हरैं।
करि करि चित चोपैं रन पग रोपैं
धरि धरि धोपैं धूम करैं॥
जिननै अति भारे बख्तर फारे
दलनि दुधारे बहु निकसे।
तहं सु बरदमानो * खड़ग † पिहानो
हर बरदानो हेरि हँसे॥
चरबी जिन चाबी दबहिँ न दाबी
दिपति दुताबी * देखि परैं।

* Kinds of swords.
† Glass of Aleppo.

सुरि सुरत कहना उत्तम जना *
सबतें दूना काट करैं ॥
कौलत जे काचे रन में नाचैं
सुदम तमाचैं ओप धरैं ।
रंजित रनभूमी सुषड़ग रूमी †
रिपुसिर तूमी सी कतरैं ॥
असिवर अंगरेजैं * घलि घलि तेजैं
अरिगन भेजैं सुरपुर को ।
लखि फर्रु कसाही † बीरन बाही
खल भजि जांही दुर दुर को ॥
रिपु झलन झकोरैं सुख नहिं मोरैं
बख़तर तोरैं तकब्बरी † ।
इक एकन मारैं धरि ललकारैं
गहि तरवारैं अकब्बरी † ॥
इमि बहु तरवारैं काढ़ि अपारैं
सुचित बिचारैं नहिं आवैं ।
तिनके बहु खनके झिलमन झनके
ठनकत ठनके तन तावैं ॥
‡ बकचकैं चलावैं दुहु दिसि धावैं
हयन कुदावैं फूल भरे ।
गजदन्त उपाटैं हौदा काटैं
बांधि सपाटैं अति उभरे ॥
हत्थिन सो हत्थी मत्थामत्थी
रारि अकत्थीकरन लगे ।
जञ्जीरन घालैं सुण्ड उछालैं
वांधत फालैं फर उमगे ॥

* A small sword.
† Various skinds of swords.
‡ A small weapon.

गहि गहि हय झटकैं दिसि दिसि फटकैं
भू पर पटकैं नहिं लटकैं।
पायन सों पोसैं अरिगन मोसैं
जमसे दोसैं नहिं भटकैं॥
प्रति गजन उठेलैं दन्तनि ठेलैं
ह्वै भट भेलैं जोर करैं।
जुत्थन सों जूटैं नेकु न छूटैं॥
फिर फिर कूटैं फेर लरैं।
करि करि इमिटक्कर हटत न थक्कर
तन तकि तक्कर तोरत हैं।
मारे रनगुण्डन भाले झुण्डन
तऊ न सुण्डन मोरत हैं॥
इमि कुञ्जर लपटैं दुहुँ दल दपटैं
झुकि झुकि झपटैं झूमत हैं।
अरिपटल पटासे फारत खासे
सुघन घटासे घूमत हैं॥
तहँ अर्जुन बका करि करि हंका
दुरद निसंका छलत हैं।
बैठो जु किलायें, मुच्छन तायें
रन छबि छाये फूलत हैं॥
झारत हथियारन मारत वारन
तन तरवारन लगत हँसैं।
पैरत भालन को सरजालन को
असि घालन को धमकि धसैं॥
तहँ मची हकाहक भई जकाजक
छिनक थकाथक होइ रही।
तब नृप अनूपगिरि सुभटसिन्धु तिरि
अर्जुन सों भिरि षड़ग गही।

हय दाबि कँधैया सुमिरि कँधैया
सुगज कँधैया पर पहुँचौं।
झारत तरवारैं तकि तकि मारैं
प्रबल पमारैं गहि कहुँचौ॥
पटक्यौं गजपर तें उमड़ि उभरतें
अरि सिर धरतें काटि लियो।
रिपुरुण्ड धरा को अरपत ताको
हरहिँ हरा को मुण्ड दियो॥
लहि अर्जुनमत्था गिरिजानत्था
अमित अकत्था नचत भयो।
डम डमरू बजावै बिरदनि गावै
भूत नचावैं छबिन छयो॥
किल किलकत चण्डी लहि निज खण्डी
उमड़ि उमंडी हरषति है।
सङ्ग लै बैतालनि दै दै तालनि।
मज्जाजालनि करषति है।
जुग्गनिन जमाती हिय हरषातीं
षद षद खाती मांसन कों।
रुधिरन सों भरि भरि खप्पर धरि धरि
नचती करि करि हासन को॥
बज्जत जय डंका गज्जत बङ्का
भज्जत लङ्का लों अरिगे।
मन मानि अतंका करि सत सङ्का
सिन्धु सपङ्का तरि तरिगे॥
नृप करि इमि रारनि लरि तरवारिन
मारि पमारनि फते लई।
लूटे बहु हय गय देत खलनि भय
जगमें जय जय सुधनि भई॥

कृप्पै

जय जय जय धुनि धन्य धन्य
गज्जिय छिति छज्जिय।
फहरत सुजस निसान मान
जय दुन्दुभि बज्जिय॥
सोभहिं सुभट सपूत खाइ
तन घाइ अतुल्ले।
बिमल वसन्तहि पाइ मनहुँ
कल किंसुक फुल्ले॥
तहँ पदमाकर कबि बरनि इमि
रनउमङ्ग सफजङ्ग किय।
नृपमनि अनूपगिरि भूप जहँ
सुखसमूह सुफतूह लिय॥

हरिगीतिका

सुभ सुखसमूह फतूह लिय
हिय मञ्जु मोदन सों भरै।
कालो कपालो निस दिना
नित नृपति की रच्छा करै।
पृथुरित्त नित्त सुबित्त दै जग
जित्ति कित्ति अनूप की।
वर बरनिये बिरदावली
हिम्मतबहादुर भूप की॥

इति।